# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 15 दिसंबर 2023


यादव के सीएम बनने के बाद पहली बार गरजा 'बुलडोजर'




inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366


## सीएम ने कहा- भाजपा का संकल्प पत्र ही प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी, तत्काल शुरू कर दें इस पर काम

# मुख्यमंत्री यादव के निर्देश-सप्ताह भर में संकल्प पत्र का 'रोडमैप' बनाएं सभी विभाग

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में सबसे पहले कलेक्टर व कमिश्नर्स के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक में अपनी प्राथमिकता बताई। उन्होंने एक-एक अफसर से प्रदेश की कानून व्यवस्था से लेकर अन्य मुद्दों पर चर्चा की।*

प्रदेश में खुले में बगैर अनुमति मांस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध से संबंधित प्रावधानों पर आज से चलाया जाएगा विशेष अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को साफ कर दिया कि भाजपा का संकल्प पत्र ही प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है।

सभी विभागों के अफसर एक सप्ताह में रोडमैप बनाकर प्रस्तुत करें। इसके क्रियान्वयन के लिए अभी से जुट जाएं। पहले संकल्प पत्र के बिंदुओं का अध्ययन कर लें, ताकि इसके क्रियान्वयन में किसी भी तरह की दिक्कतें नहीं आएं। उन्होंने कहा कि विकास और जनकल्याण के लक्ष्य को संकल्प पत्र-2023 के अनुरूप धरातल पर उतारना हमारा उद्देश्य है।

### सीएम ने कहा...

- संकल्प पत्र-2023 का क्रियान्वयन मिशन मोड कराएं
- लोगों की जिंदगी बदलना ही हमारी सरकार का लक्ष्य
- सुशासन केवल शब्द न रहे, इसे चरितार्थ करके दिखाएं



## सीएम ने बताया-किन संकल्पों पर कैसे करें काम?

- जिन संकल्पों के क्रियान्वयन के संबंध में किसी प्रकार का वित्तीय भार न हो अथवा वित्तीय संसाधन पूर्व से उपलब्ध हों या किसी प्रकार का नया नीतिगत निर्णय लेने की जरूरत नहीं हो, ऐसे प्रकरणों में सक्षम अनुमोदन लेकर तत्काल आदेश जारी करें।
- जिन संकल्पों के क्रियान्वयन में पृथक से बजट प्रावधान की जरूरत हो, उस संबंध में तत्काल वित्त विभाग से चर्चा कर आवश्यक बजट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा कठिनाई आने पर मुख्य सचिव से तत्काल समन्वय सुनिश्चित करें।
- जिन संकल्पों के क्रियान्वयन में नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता हो या विद्यमान प्रक्रिया में कोई संशोधन किया जाना हो, ऐसे प्रकरणों को शीघ्र-अतिशीघ्र कैबिनेट के समक्ष स्वीकृति केलिए लाया जाए।

### संकल्प पत्र के दस प्रमुख भाग

सशक्त नारी, समृद्ध किसान, जनजातीय कल्याण, उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा, सबका साथ-सबका विकास, सुदृढ़ आधारभूत संरचना, स्वस्थ प्रदेश, प्रगतिशील अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास, सुशासन एवं कानून व्यवस्था तथा सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन।

### खुले में पड़े सभी बोरवेल को अभियाल चलाकर बंद करें

*यादव ने कलेक्टर-कमिश्नर्स के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रदेश में जिस तरह से बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाएं हो रही हैं, ऐसे में सभी कलेक्टर सुनिश्चित करें कि भविष्य में ऐसी किसी भी तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। इस पर ध्यान दें और खुले में पड़े सभी बोरवेल को अभियाल चलाकर बंद करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को संकल्पपत्र की प्रति भी सौंपी और उन्हें अपनी प्राथमिकताएं बताई। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में ही अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा ने लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तार यंत्रों के नियम विरूद्ध तेज आवाज में बिना अनुमति के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित करने संबंधी आदेश के क्रियान्वयन के संबंध में जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मंडलोई ने प्रदेश में खुले में बगैर अनुमति मांस तथा मछली के विक्रय पर प्रतिबंध से संबंधित प्रावधानों तथा 15 दिसंबर से चलाए जाने वाले विशेष अभियान के संबंध में जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने को कहा।*

## राजस्थान में भजनलाल शर्मा की ताजपोशी आज



### शपथ ग्रहण में शामिल होंगे पीएम मोदी

**जयपुर।** राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा के साथ शुक्रवार सुबह 11 बजे शपथ लेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम दिग्गज शामिल होंगे। वहीं जयपुर में शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अल्बर्ट हॉल (रामनिवास बाग) के बाहर इस समारोह को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है।समारोह स्थल पर भाजपा के झंडे और होर्डिंग काउंटर के साथ-साथ पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं।

# भाजपा नेता की हथेली काटने वाले आरोपियों के घर 'ढहाए'

5 आरोपियों ने 5 दिसंबर को तलवार से हमला कर भाजपा नेता की काटी थी हथेली, सभी आरोपियों पर एनएसए लगा

इस मामले के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने आरिफ मसूद के एक बयान पर कहा था कि आपकी गुंडागर्दी को ठिकाने लगा देंगे।







हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डॉ. मोहन यादव के द्वारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहला बुलडोजर गुरुवार को भोपाल में भाजपा नेता की हथेली काटने वाले 5 आरोपियों के 3 घरों पर चलाया गया। इन तीनों घरों को ढहा दिया गया। इन आरोपियों ने विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद 5 दिसंबर को तलवार मारकर भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ अरेरा मंडल के महामंत्री देवेंद्र सिंह ठाकुर की हथेली काट दी थी। कलेक्टर ने इन आरोपियों पर एनएसए लगा दिया था। जिला प्रशासन व नगर निगम अमले के साथ ही बुलडोजर से मकान ढहाते समय भारी पुलिस बल तैनात था।

घटना के अनुसार 5 दिसंबर को जनता कॉलोनी में रहने वाले आरोपी फारुख राइन उर्फ मिन्नी असलम समीर उर्फ बिल्लू शाहरुख और बिलाल ने साईं बोर्ड के पास देवेंद्र सिंह पर हमला कर दिया था। कोलार एसडीएम आशुतोष गोस्वामी के साथ पहुंची नगर निगम की टीम ने इन आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाया। इस मामले के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने आरिफ मसूद के एक बयान पर कहा था कि आपकी गुंडागर्दी को ठिकाने लगा देंगे।

### बिल्डिंग परमिशन समेत अन्य अनुमतियां नहीं थी

नगर निगम अतिक्रमण अधिकारी प्रतीक गर्ग और हबीबगंज थाना प्रभारी मनीष राज सिंह भदौरिया ने बताया कि मकानों के अवैध हिस्से और अतिक्रमण को गिरा दिया गया। क्योंकि बिल्डिंग परमिशन समेत अन्य अनुमतियां नहीं थीं। निगम के 25 से अधिक कर्मचारियों ने मकान तोड़ने की कार्रवाई की। अतिक्रमण को हटाने में डेढ़ घंटे लगे। घटना के बाद देवेंद्र सिंह ठाकुर पर हमले के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह ने इनमें से एक आरोपी फारुख राइन उर्फ बिन्नी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून एनएसए लगाया था।

## पूर्व सीएम ने एक्स पर बदला बायो

# शिवराज ने लिखा- 'भाई और मामा'


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर अपना बायो बदल लिया है।

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, 'भाई और मामा'। इससे पहले उनके सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री लिखा रहता था। शिवराज सिंह चौहान बतौर मुख्यमंत्री युवाओं के बीच मामा और महिलाओं के बीच भाई के तौर पर लोकप्रिय रहे हैं।

बता दें कि 13 दिसंबर को डॉ. मोहन यादव के सीएम पद की शपथ के लिए जा रहे पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के काफिले को उनके समर्थकों बीच में ही रोक लिया। इस दौरान महिलाओं ने 'मामा-मामा' के नारे भी लगाए थे। शिवराज ने उनसे बात की थी।




## भालू ने 6 लोगों पर हमला बोला

# एक की मौत पांच गंभीर रूप से घायल



**उमरिया।** जिले के मानपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई है। यहां भालू ने आधा दर्जन लोगों पर अचानक हमला बोल दिया। जिसमें एक महिला की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भालू ने ये हमला उस वक्त बोला जब गुरवाही रेंज में एक महिला लकड़ी बीन रही थी।

तभी अचानक महिला की चीख पुकार शुरु हो गई। आवाज सुनकर वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने उसे बचाने के प्रयास करते हुए भालू को भगाने की कोशिश की। इससे भालू को गुस्सा आ गया और सभी पर हमला बोल दिया। घायल महिला को जब अस्पताल ले जाया गया तो उसे डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दो ज्यादा गंभीर घायलों को उपचार के लिए सीधे जबलपुर और तीन को शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक आधा दर्जन लोगों पर भालू हमला कर जंगल में भाग चुका था। घायलों को अस्पताल भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### रायपुर में आयकर का छापा, 50 ठिकानों पर चल रही है जांच

**रायपुर।** आयकर विभाग ने अनाज और कोल्ड स्टोरेज कारोबारी के 50 ठिकानों में गुरुवार को छापा मारा है। रायपुर स्थित ठिकानों में जांच की गई। इसमें रायपुर के तेलघानी नाका, सिलतरा, लाल गंगा मिडास फाफाडीह, राधा मोहन परिसर सहित कारोबारी के घर और दफ्तर के साथ ही कोल्ड स्टोरेज शामिल है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की 200 सदस्य संयुक्त टीम द्वारा की गई है। सुरक्षा के लिए डेढ़ सौ से ज्यादा सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए हैं। बताया गया कि टैक्स चोरी और लगातार कम रिटर्न जमा करने की शिकायत मिलने के बाद छापे की कार्रवाई की गई है।

### पूर्व विधायक जायसवाल और बृहस्पत सिंह को कांग्रेस ने किया बाहर



**रायपुर।** विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद प्रदेश संगठन के खिलाफ लगातार बयानबाजी करने वाले दो नेताओं पर कांग्रेस ने बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी ने पूर्व विधायक विनय जायसवाल और बृहस्पत सिंह को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने अपने निष्कासन आदेश में कहा है कि दोनों नेताओं ने प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा पर तथ्यहीन आरोप लगाए हैं। बता दें कि बृहस्पति सिंह ने विधानसभा चुनाव में मिली हार के लिए प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से शैलजा को जल्द हटाने की मांग की थी। उन्होंने आरोप था कि शैलजा प्रभावशील नेताओं के हाथों बिक गई थीं।

### कैबिनेट की पहली बैठक में ही आधा दर्जन निर्णयों को मिली मंजूरी

# तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब मिलेगा चार हजार रुपए प्रति बोरा संग्रहण

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने खुद की ब्रीफिंग, कहा- जनता के स्वास्थ्य की चिंता उनकी पहली प्राथमिकता, बैठक में करीब डेढ़ घंटे तक वरिष्ठ अफसरों के साथ सभी विषयों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मंत्रालय में हुई डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की पहली बैठक में ही कई फैसले हुए। यह सब निर्णय भाजपा के मेनिफेस्टों में किए गए वादों के पालन में लिए गए हैं। खुले में मांस व मछली बेचने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी का व्यवसाय प्रभावित नहीं हो, इस पर भी ध्यान दिया जाएगा। ऐसे लोगों को नियमों का पालन करने की शर्त पर लाइसेंस जारी किए जा सकेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की पहली बैठक की ब्रीफिंग खुद ही की। उन्होंने इससे पहले कैबिनेट की बैठक में करीब डेढ़ घंटे तक वरिष्ठ अफसरों के साथ सभी विषयों पर चर्चा की। उन्होंने एक-एक मुद्दों पर नियम व प्रक्रियाओं की बारीकी भी समझी। इसके बाद कैबिनेट में लिए गए निर्णयों से पत्रकारों को अवगत कराया। डॉ. यादव ने कहा कि जनता के स्वास्थ्य की चिंता उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए वे कोई भी समझौता नहीं करेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज खुलेगा। उन्होंने ऐसे 52 एक्सीलेंस कॉलेज खोलने को मंजूरी दी है। यह सभी कॉलेज इसी सत्र से शुरू होंगे। डॉ. यादव ने कहा कि डिजी लॉकर के नियम को सख्त करेंगे। इससे फ्राड जैसी घटनाओं पर रोक लगेगी। इसे 16 सरकारी व 52 निजी विश्वविद्यालयों में तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति दस्तावेज सुरक्षित रख सकेगा।

#### खास बातें

- 52 एक्सीलेंस कॉलेज इसी सत्र से होंगे शुरू
- सरकार खुद आदतन अपराधियों की जमानत निरस्त करने का आवेदन अदालत में देगी



#### आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने का निर्णय

डॉ. यादव की पहली कैबिनेट में आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने का निर्णय लिया गया है। अभी अपराध करने के बाद आदतन अपराधी किसी न किसी तरह छूट जाते हैं। अब वे ऐसा नहीं कर पाएंगे। कैबिनेट ने ऐसे अपराधियों की जमानत निरस्त करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। सरकार खुद ऐसे अपराधी की जमानत निरस्त करने का आवेदन अदालत में देगी और उन्हें कारावास में रहने को मजबूर करेगी। इसके साथ ही सरकार ने अब संपत्ति की रजिस्ट्री के समय ही नामांतरण करने के नियम को मंजूरी दी है। इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

#### अयोध्या रवाना होने वाले दलों का होगा स्वागत

सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब संग्राहकों को 4 हजार रुपए प्रति बोरा संग्रहण मिलेगा। भाजपा ने अपने मेनिफेस्टो पर संग्राहकों को 4 हजार रुपए प्रति बोरा संग्रहण भत्ता देने को कहा था। सरकार ने पहली कैब्निेट में ही इस पर निर्णय ले लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट में हुई अनौपचारिक चर्चा पर लिए गए निर्णयों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि 500 साल बाद अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। ऐसे में हर जिले से रवाना होने वाले दल का स्वागत होना चाहिए।

#### धार्मिक स्थानों पर तेज आवाज में नहीं बज सकेंगे लाउड स्पीकर

प्रदेश में ऐसे धार्मिक स्थान जहां तेज आवाज में लाउड स्पीकर बजाए जा रहे हैं। अब इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगेगा। निर्धारित डेसीबल से ज्यादा आवाज में लाउड स्पीकर बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस नियम का पालन तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि चूंकि कई स्थितियों में यह ठीक नहीं है। लाउडस्पीकर बजाने के लिए भी अब परमिशन लेना होगा। बगैर अनुमति पर कार्रवाई की जाएगी।

#### साइबर तहसील परियोजना पूरे प्रदेश में लागू होगी

मंत्रि-परिषद द्वारा 1 जनवरी, 2024 से साइबर तहसील की व्यवस्था मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में बिना आवेदन, नामांतरण और अभिलेख दुरुस्तीकरण की फेसलेशव्यवस्था जून, 2022 से लागू की गई है। इसे साइबर तहसील नाम दिया गया है। इसमें रजिस्ट्री उपरांत, क्रेता के पक्ष में अविवादित नामांतरण, एक फ़ेसलेस, पेपरलेस तरीके से ऑनलाइन प्रक्रिया के द्वारा 14 दिन में बिना आवेदन के और बिना तहसील के चक्कर लगाए स्वतः ऑटोमेटिक तरीके से हो जाता है और खसरे तथा नक़्शे में भी क्रेता का नाम चढ़ जाता है।

### 18 लाख गरीबों को दिया जाएगा आवास



## कैबिनेट में निर्णयः 25 को मिलेगा किसानों को दो साल का बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय में प्रेस कांफ्रेस को संबोधित किया। उन्होंने मंत्रिपरिषद की बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अपनी पहली बैठक में गरीबों को आवास देने के फैसले पर मुहर लगाई है। हमने 18 लाख आवास देने की पहली स्वीकृति दी है। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जंयती पर किसानों को दो वर्ष का बोनस दिया जाएगा। साथ ही प्रदेश में 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जाएगी। किसानों को इस राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा।

#### हम पूरा करेंगे अपना वादा

मुख्यमंत्री साय ने प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राम के नाम पर पाखंड किया और वोट के लिए लोगों के पास नौटंकी की। जनता ने कांग्रेस के पाखंड को समझ लिया और सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। पिछली सरकार ने पूरे प्रदेश को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। जनता ने हमे जनादेश दिया है, जो वादा मोदी जी और भाजपा ने किया है, उसे शतप्रतिशत पूरा करेंगे।

#### परिजनों के प्रति सीएम ने व्यक्त की संवेदना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नारायणपुर जिले में हुए आईईडी ब्लास्ट में सक्ती जिले के हसौद निवासी बलिदान जवान कमलेश साहू को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा छत्तीसगढ़ उनके परिजनों के साथ है। कमलेश साहू ने आदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त की है।

#### डिप्टी सीएम ने परिजनों को बधाया ढांढस

मंत्रालय में बैठक शुरू होने से पहले उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सक्ती जिले के हसौद पहुंचे। उन्होंने शहीद कमलेश साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने शहीद के पिता मुंगेश्वर साहू को गले लगाकर उन्हें ढांढस बंधाया। शर्मा ने शहीद कमलेश की माता तारा देवी साहू, पत्नी वृंदाबाई साहू, शहीद की बड़ी बहन कमलेश्वरी साहू और छोटे भाई यशवंत साहू सहित अन्य परिजनों से भी मुलाकात की और सांत्वना दी।

## आईएएस रानू की जमानत पर अगली सुनवाई 8 जनवरी को

**बिलासपुर।** कोयला घोटाले में निलंबन की सजा भुगत रही और जेल में बंद आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में बहस अधूरी रही। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने आठ जनवरी की तिथि तय कर दी है। छत्तीसगढ़ के कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका पर सुनवाई आगे बढ़ गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रानू साहू को जुलाई 2023 में हिरासत में लिया था। ईडी की ओर से उन पर कथित कोयला घोटाले में शामिल होने का आरोप है। इससे पहले बुधवार को इसी केस में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव समेत नौ आरोपी फिर से कोर्ट में पेश नहीं हुए। जेल में बंद आरोपियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ऑनलाइन पेशी हुई। इनके कोर्ट में गैरहाजिर रहने पर ईडी के वकील ने आपत्ति जताई तो जेल प्रशासन की ओर से फोर्स की कमी का हवाला दिया गया। मामले की अगली सुनवाई छह जनवरी को होगी। आरोपी अगर अब कोर्ट में पेश नहीं होते तो जमानती वारंट जारी किया जाएगा।



हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही ईदगाह परिसर के 'सर्वे' को मंजूरी


## इलाहाबाद हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, हिंदू पक्ष की याचिका को किया स्वीकार

कमलकांत उपमन्यु ▶▶ मथुरा

मथुरा के भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर ईदगाह विवाद से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को मंदिर से सटी शाही ईदगाह परिसर के सर्वे को मंजूरी दे दी है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने इससे पहले 16 नवंबर को संबंधित पक्षों को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। सर्वे की मांग वाली यह याचिका भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और सात अन्य लोगों में अधिवक्ता हरिशंकर जैन, विष्णु शंकर जैन, प्रभाष पांडेय और देवकी नंदन के जरिए दायर की गई थी। याचिका में दावा किया गया है कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली उस मस्जिद के नीचे मौजूद है।

याचिका में दावा किया गया है कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली उस मस्जिद के नीचे मौजूद है और ऐसे कई संकेत हैं जो यह साबित करते हैं कि वह मस्जिद एक हिंदू मंदिर है।

◆ *वहां शेषनाग की एक प्रतिकृति है जो हिंदू देवताओं में से एक हैं और जिन्होंने जन्म की रात भगवान कृष्ण की रक्षा की थी।*




**याचिका में कहा गया...**

### वहां कमल के आकार का एक स्तंभ


हाई कोर्ट के फैसले के बाद हिंदू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने कहा कि मैं अदालत के आदेश का स्वागत करता हूं। विष्णु शंकर जैन के मुताबिक इस याचिका में कहा गया कि वहां कमल के आकार का एक स्तंभ है जोकि हिंदू मंदिरों की एक विशेषता है और शेषनाग की एक प्रतिकृति है जो हिंदू देवताओं में से एक हैं और जिन्होंने जन्म की रात भगवान कृष्ण की रक्षा की थी।

### मथुरा में कितना पुराना है श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद

*शाही ईदगाह मस्जिद मथुरा शहर में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर से सटी हुई है। 12 अक्टूबर 1968 को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट के साथ एक समझौता किया। समझौते में 13.37 एकड़ जमीन पर मंदिर और मस्जिद दोनों के बने रहने की बात है। पूरा विवाद इसी 13.37 एकड़ जमीन को लेकर है। इस जमीन में से 10.9 एकड़ जमीन श्रीकृष्ण जन्मस्थान और 2.5 एकड़ जमीन शाही ईदगाह मस्जिद के पास है। इस समझौते में मुस्लिम पक्ष ने मंदिर के लिए अपने कब्जे की कुछ जगह छोड़ी और मुस्लिम पक्ष को बदले में पास में ही कुछ जगह दी गई थी। अब हिन्दू पक्ष पूरी 13.37 एकड़ जमीन पर कब्जे की मांग कर रहा है।*


## खबर संक्षेप

### यूपी की महिला जज ने मांगी इच्छा मृत्यु



**बांदा।** बांदा में तैनात महिला सिविल जज ने इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखे पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पत्र को लिखने का उद्देश्य मेरी कहानी बताने और प्रार्थना करने के अलावा कुछ और नहीं है। मैं बहुत उत्साह के साथ न्यायिक सेवा में शामिल हुई, सोचा था कि आम लोगों को न्याय दिला पाऊंगी। मुझे क्या पता था कि न्याय के लिए भिखारी बना दिया जाएगा।

### ऑल टाइम हाई पर खुला सेंसेक्स



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गुरुवार को बंपर तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स अपने ऑल टाइम हाई पर खुला है। निफ्टी में भी बंपर तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स ने नया इतिहास रचा है। सेंसेक्स 561 अंकों की तेजी के साथ ऑल टाइम हाई 70,146 के स्तर पर खुला है। निफ्टी 50 ने 184 अंकों की उछाल के साथ 21,110 के स्तर से की है। सेंसेक्स 71,0381 के नए ऑल लेवल पर पहुंच गया है।

### बिहार में 8700 करोड़ का निवेश करेंगे अडाणी



**पटना।** बिजनेसमैन गौतम अडाणी की कंपनी बिहार में 8700 करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश करेगी। अडाणी ग्रुप के निदेशक प्रणव अडाणी ने गुरुवार को पटना में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत बिहार बिजनेस कनेक्ट 2023 को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। अडाणी समूह राज्य में सीमेंट विनिर्माण, लॉजिस्टिक और कृषि-उद्योग सहित कई क्षेत्रों में अपने निवेश को 10 गुना तक बढ़ाएगा।

**सरकार की सभी दलों को नसीहत : हमें 'दलगत राजनीति' से ऊपर उठकर काम करना होगा**

# हंगामा काट रहे 15 सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित

# 8 सुरक्षाकर्मी सस्पेंड, जांच करेगी 'उच्चस्तरीय कमेटी'

इस साजिश को गुरुग्राम के सेक्टर 7 के मकान नंबर 67 में रचा गया। इस मकान में 6 लोग कई बार मिले।

**विपक्षी सांसदों ने कहा-निलंबन से सरकार अपनी नाकामी छिपा रही**

**इस घटना का मास्टरमाइंड माना जा रहा ललित झा अब भी फरार**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**संसद की सुरक्षा में सेंध**

संसद की सुरक्षा में सेंध के मसले पर विपक्षी पार्टियों ने गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा किया और गृहमंत्री अमित शाह से बयान देने की मांग की।

इस बीच लोकसभा स्पीकर ने हंगामा करने के आरोप में कांग्रेस सदस्यों टी एन प्रतापन, हिबी इडेन, जोतिमणि, रम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस को शीतकालीन सत्र की बाकी बचे समय से निलंबित कर दिया है। इसके बाद भी हंगामा नहीं थमा और 9 और सदस्यों को शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया। इनमें बेनी बेहनन (कांग्रेस), मोहम्मद जावेद (कांग्रेस), पी आर नटराजन (सीपीआईएम), कनिमोझी (डीएमके), वीके श्रीकंदन (कांग्रेस), के सुब्रमण्यम, एसआर पार्थिबन (डीएमके), एस वेंकटेशन (सीपीआईएम) और मनिकम टैगोर (कांग्रेस) शामिल हैं। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा में कहा कि हम सब सहमत हैं कि बुधवार की दुर्भाग्यपूर्ण घटना लोकसभा सदस्यों की सुरक्षा में गंभीर चूक थी और इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश पर उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी गईहै।



**बोले पीएम मोदी...**

### राजनीति में न पड़ें, मामले को गंभीरता से लें

*पीएम नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक बयान तो नहीं दिया है, लेकिन गुरुवार को सुबह मंत्रियों से इस पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। लेकिन, इस मसले पर होने वाली राजनीति में भी पड़ने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मसले को गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है।*

### विपक्ष की दो मांगें

गुरुवार सुबह संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले आगे की रणनीति को लेकर विपक्षी दलों की बैठक हुई। इस बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, इंडिया की पार्टियां मांग कर रही हैं:

- संसद में हुई बेहद गंभीर और ख़तरनाक सुरक्षा चूक पर दोनों सदनों में गृह मंत्री विस्तृत बयान दें और उसके बाद इसपर चर्चा हो।
- घुसपैठ करने वालों को विजिटर पास दिलवाने वाले भाजपा सांसद पर भी कार्रवाई हो

### 24 घंटे में 4 बड़े एक्शन

***1. आठ सुरक्षाकर्मी सस्पेंड***
*लोकसभा सचिवालय ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में आठ कर्मियों को निलंबित कर दिया। निलंबित किए गए लोगों की पहचान रामपाल, अरविंद, वीर दास, गणेश, अनिल, प्रदीप, विमित और नरेंद्र के रूप में की गई है।*

***2. जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन***
*गृह मंत्रालय ने संसद भवन सुरक्षा चूक मामले की जांच करने के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है, जिसे सीआरपीएफ के डीजी लीड करेंगे।*

***3. यूएपीए के तहत केस दर्ज***
*दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक की घटना के संबंध में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में यूएपीए और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।*

***4. अब तक 6 गिरफ्तारी***
*संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस की टीम ने अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, इस घटना का मास्टरमाइंड माना जा रहा ललित झा अब भी फरार है।*

**पटियाला कोर्ट में किया गया था पेश**

# *7 दिन की रिमांड मिली, 6 शहरों में चारों आरोपियों को लेकर जाएगी दिल्ली पुलिस*



दिल्ली पुलिस ने अदालत में कहा कि यह एक सुनियोजित साजिश थी और भारत की संसद पर हमला था।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा उल्लंघन मामले में चारों आरोपियों को गुरुवार को दिल्ली की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने चारों आरोपियों की 7 दिन की हिरासत दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को दी। दिल्ली पुलिस ने अदालत में कहा कि यह एक सुनियोजित साजिश थी और भारत की संसद पर हमला था।

पुलिस के वकीलों ने आगे कहा कि आरोपी ने पर्चा ले रखा था जिसमें प्रधानमंत्री मोदी को लापता व्यक्ति घोषित किया गया था और कहा गया था कि जो व्यक्ति उन्हें ढूंढेगा उसे स्विस बैंक से पैसा दिया जाएगा। आरोपियों ने पीएम को घोषित अपराधी की तरह दिखाया।

**दिल्ली पुलिस ने और क्या कहा?**

### घटना आतंकी गतिविधि जैसी

दिल्ली पुलिस के वकील ने बताया कि उन्होंने संसद भवन के डिप्टी डायरेक्टर सिक्योरिटी की शिकायत पर आईपीसी और यूएपीए की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सागर और मनोरंजन ने संसद गैलरी का पास बनवाया और फिर सदन में कूदकर जूते में छिपाया हुआ कलर बम इस्तेमाल किया।

**एक लाइन का प्रस्ताव पारित**

## हाईकमान ही तय करेगा मप्र में विपक्ष का 'नेता'



सुरजेवाला ने कहा अब राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ही तय करेंगे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कांग्रेस विधायक दल की पहली बैठक भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को हुई। चुरहट विधायक अजय सिंह ने कहा कि बैठक में एक लाइन का प्रस्ताव पारित हुआ है कि नेता प्रतिपक्ष का फैसला दिल्ली हाईकमान करेगा। करीब 40 मिनट की बैठक में दिग्विजय सिंह ने लोकसभा चुनाव के बारे में विधायकों को सक्रिय होने के लिए कहा। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भंवर जितेंद्र सिंह ने विधायकों से वन टू वन चर्चा की। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ शामिल नहीं हुए।

**पहले दिन ही 230 सदस्य लेंगे शपथ**

## शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से प्रोटेम स्पीकर बने गोपाल भार्गव



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भार्गव को शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के 9 बार के सबसे वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव को प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई गई। राजभवन में गुरुवार सुबह 11 बजे गवर्नर मंगुभाई पटेल ने उनको शपथ दिलाई। इस दौरान मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तारीख का भी ऐलान किया गया। विधानसभा का शीतकालीन सत्र अगले सप्ताह आयोजित होगा। पहले दिन सत्र में विधानसभा के सदस्य शपथ लेंगे। स्पीकर विधानसभा में सभी सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद विधानसभा स्पीकर के पदभार ग्रहण करते ही प्रोटेम स्पीकर का दावा समाप्त हो जाएगा। मध्य प्रदेश की 16वीं विधानसभा का पहला शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से आयोजित होगा। पांच दिवसीय सत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### स्कूल से लौट रही छात्राओं को ट्रक ने कुचला, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज :मैहर। जिले में गुरुवार शाम भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां दो स्कूली छात्राओं को ट्रक ने कुचल दिया। दोनों छात्राओं की घटनास्थल पर ही हुई दर्दनाक मौत हो गई। ये हादसा मैहर जिले के नादान देहात थाना क्षेत्र बैरिहा ब्रिज के पास का है। मैहर के नादान थाना क्षेत्र अंतर्गत बैरिहा ब्रिज के पास दो छात्राएं स्कूल से अपने घर जा रही थीं। इसी दौरान ब्रिज के पास तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने दोनों छात्राओं को कुचल दिया। दोनों छात्राएं साइकिल से अपने घर जा रही थीं। दोनों छात्राएं चचेरी बहनें थीं, इनके नाम हैं लक्ष्मी प्रजापति और पूजा प्रजापति थी।

**बालाघाट के नक्सल इलाके में बड़ी कार्रवाई, सूपखार के जंगल में मुठभेड़**

# हॉकफोर्स ने 14 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली को किया ढेर

**माओवादियों का एरिया कमेटी मेंबर मड़काम हिड़मा उर्फ चैतु का एनकाउंटर**

**मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में था सक्रिय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स को एक और बड़ी सफलता मिली है। हॉकफोर्स ने आसूचना आधारित नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 14 दिसंबर को 14 लाख रु. के इनामी नक्सली मड़काम हिड़मा उर्फ चैतु (लगभग 32-33 वर्ष) निवासी ग्राम पोमरा, थाना मिरतुर, जिला बीजापुर (छत्तीगढ़) को मार गिराया है।

बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के सूपखार के खमकोदादर वन क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। हिड़मा, माओवादियों के एमएमसी (मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन की जीआरबी (गोंदिया, राजनांदगांव, बालाघाट) डिविजन के एसजेडसीएम (स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर) राजेश उर्फ दामा का विश्वस्त सहयोगी था। हिड़मा पूर्व में माओवादियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी की चेतना नाट्य मंच तथा प्लाटून का सदस्य रहा है। वह पुलिस बल पर हमले की विभिन्न घटनाओं में शामिल रहा है। दो साल पहले एमएमसी जोन के आत्मसमर्पित नक्सलियों से पूछताछ में यह जानकारी सामने में आई हैं।

**पिछले 5 वर्षों में 17 नक्सली ढेर**



### इस साल तीसरी बड़ी कार्रवाई

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सल मुक्त के लिए चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियानों के तहत वर्ष 2023 में तीन बड़ी कार्रवाई की गई हैं। इन कार्रवाइयों में हॉकफोर्स ने 2 महिला नक्सलियों सहित 4 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया है। इन सभी नक्सलियों पर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संयुक्त रूप से 14-14 लाख रु. का इनाम घोषित था। वर्ष 2023 के अप्रैल में हुई कदला मुठभेड़ में महिला नक्सली सरिता तथा सुनीता, कुंदुल-कोद्दापार जंगल क्षेत्र में सितंबर में हुई नक्सली कमलू को भी धराशायी किया जा चुका है। अगस्त 2023 में मध्यप्रदेश पुलिस ने जबलपुर शहर से नार्थ बस्तर तथा आरकेबी डिवीजन के मास संगठन का प्रभारी एसजेडसीएम अशोक रेड्डी उर्फ बलदेव को उसकी पत्नी एसीएम रेमती के साथ गिरफ्तार किया था।



## चिंतन

# जी-20 में भारत की पहल से सीखे यूएन

वर्तमान वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में सुधार की फिर से वकालत की है। भारत ने कहा है कि जिस तरह भारत की अध्यक्षता में जी-20 में 51 देशों के अफ्रीकी संघ को शामिल किया गया है, उससे संयुक्त राष्ट्र को भी प्रेरणा लेनी चाहिए और सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार करना चाहिए। भारत स्थाई सदस्यता का प्रबल दावेदार है। यूएन सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता की मांग करने वाले समूह ग्रुप-4 में भी जापान, जर्मनी व ब्राजील के साथ भारत शामिल है। 21 वीं सदी के हिसाब से व्यापक प्रतिनिधित्व आखिरकार, प्रभावशीलता और विश्वसनीयता दोनों के लिए एक शर्त है। संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षा परिषद को भी समकालीन बनाना चाहिए। सितंबर 2024 में होने वाला 'समिट ऑफ द फ्यूचर' संयुक्त राष्ट्र चार्टर व सुरक्षा परिषद समेत महासभा में सुधार का एक "स्वर्णिम अवसर" उपलब्ध कराता है। इस साल सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र के दौरान 85 से अधिक वैश्विक नेताओं ने महासभा से व्यापक और सार्थक सुधारों की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र को इस बिंदु पर गंभीरता से पहल करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में सुधार से इस वैश्विक संगठन की वैश्विक चुनौतियों से निपटने में प्रभावशीलता बढ़ेगी, उसकी अक्षमताओं में कमी आएगी, उसमें अधिक न्यायसंगत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा व यूएन की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सुधार होगा। अभी विश्व में रूस व यूक्रेन युद्ध व इजराइल व हमास जंग जारी है, अनेक क्षेत्रीय हिंसक संघर्ष चल रहे हैं, दुनिया अनेक संकटों का सामना कर रही है, ऐसे संयुक्त की भूमिका बढ़ जाती है, पर इसके लिए विस्तारित यूएन सुरक्षा परिषद चाहिए। इसलिए स्थायी और गैर-स्थायी सीटों का विस्तार किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 78 वर्ष पहले वर्ष 1945 की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य विश्व शांति और सुरक्षा को बनाए रखना है। यह देशों की विघटन प्रक्रिया तथा एक और विश्व युद्ध को रोकने में सफल रहा है। लेकिन 21वीं सदी का विश्व 20वीं सदी से बहुत अलग है और कई नई समस्याओं और वास्तविकताओं का सामना कर रहा है। आतंकवाद, सामूहिक विनाश, युद्ध, जलवायु संकट, साइबर सुरक्षा, ऊर्जा संकट, खाद्यान्न आपूर्ति, स्वास्थ्य चुनौतियां और गरीबी उन्मूलन जैसे ट्रांस-नेशनल मुद्दों के समीचीन समाधान के लिए विस्तारित यूएन की जरूरत है। विश्व में अमेरिका व चीन के बीच ट्रेड वार के बहाने नए शीत युद्ध का उदय हो गया है। अमेरिका बनाम चीन-रूस तनाव एक नई वास्तविकता बन रही है। कई वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका और उसके यूरोपीय भागीदारों के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। बहुपक्षवाद पर संकट गहरा रहा है। कोविड महामारी समेत अनेक वैश्विक मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र प्रभावी प्रतिक्रिया देने में असमर्थ रहा है। अमेरिका व चीन ने अपने हितों व आपसी टकराव के चलते यूएन में व्यापक सुधार के एजेंडे को हमेशा डिरेल किया है। संयुक्त राष्ट्र न ही आज की सैन्य और आर्थिक शक्ति के वितरण को प्रतिबिंबित करता है और न ही एक भौगोलिक संतुलन को। सुरक्षा परिषद की संरचना अधिक लोकतांत्रिक होनी चाहिए। यूएन महासभा व प्रमुख निकायों में भी आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। सुरक्षा परिषद में सुधार के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई भी सुधार पूरा नहीं होगा। संकीर्ण स्वार्थ से ऊपर उठकर अमेरिका, चीन, रूस आदि स्थाई सदस्य देशों को यूएन में सुधार का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

## सुरक्षा चूक

अवधेश कुमार



# संसद धुआं कांड बेहद गंभीर

संसद के अंदर और बाहर की घटना ने पूरे देश को विस्मित किया है। लोकसभा के अंदर दो व्यक्तियों का कूदना, परिसर के बाहर नारे लगाना, धुआं छोड़ना निश्चित रूप से संपूर्ण देश के लिए चिंता का विषय है। लोकसभा में दर्शक दीर्घा से कूदने वाले सागर और मनोरंजन डी तथा बाहर परिवहन भवन के सामने नारा लगाने वाले अमोल शिंदे और नीलम सबके पास एक ही प्रकार का रंगीन स्प्रे था। हालांकि इन सबके बीच संबंध था और इस कारण तारतम्यता भी, लेकिन बाहर सड़क पर परिवहन भवन के सामने कोई भी खड़ा होगा, नारा लगाएगा या धुआं छोड़ सकता है। उसे सुरक्षा चूक नहीं कहा जा सकता क्योंकि वह खुली जगह है। अंदर की घटना को सुरक्षा चूक कहने में इसलिए हर्ज नहीं है, क्योंकि सागर और मनोरंजन जूते में छुपा कर कलर स्मोक क्रैकर लेकर चले गए और गैस छोड़ कर डर पैदा कर दिया। छह आरोपी बनाए गए हैं जिनमें से पांच पकड़े जा चुके हैं। केंद्रीय लोकसभा सचिवालय के अनुरोध पर गृह मंत्रालय ने घटना की जांच का आदेश दे दिया है। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह की अध्यक्षता वाली जांच समिति में सुरक्षा एजेंसियों के सदस्य और विशेषज्ञ शामिल होंगे। अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी चाहिए। किंतु यह ऐसी घटना नहीं है जिसकी अनदेखी की जाए। वास्तव में इसके कई पहलू है जिसकी गंभीरता से विवेचना होनी चाहिए। संसद में आने जाने वाले जानते हैं कि वहां किस तरह की तीन स्तरीय और बाहर को मिला दें तो चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। इन पर चर्चा आगे करेंगे, पहले घटना से जुड़े मुख्य पहलुओं को देखें। अमोल महाराष्ट्र के लातूर का और नीलम हरियाणा के जींद की रहने वाली है, जबकि सागर उन्नाव का और मनोरंजन मैसूर का रहने वाला है। इन चारों में इतने संबंध कैसे हुए कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से समन्वित और सावधानीपूर्वक अपने कारनामों को अंजाम दिया। अभी तक की जानकारी के अनुसार संसद आने से पहले यह सब गुरुग्राम में विक्रम के घर पर रुके थे। आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने में एक दूसरे से संपर्क होना कठिन नहीं है। लेकिन यह सब एक दूसरे से इतने जुड़ गए और इन्होंने इस तरह की योजना बना ली और पूरा किया तो इसकी गहराई से जांच करनी होगी कि क्या सब कुछ इन्होंने ही किया या उनके पीछे और भी हैं, जिन्होंने भी किया उनका उद्देश्य क्या था? बेरोजगारी या तानाशाही आदि का नारे लगाने के लिए संसद से कूद कर भय पैदा करने की आवश्यकता नहीं थी। वैसे भी संसद हमले की वार्षिकी पर ऐसा करने वाला कोई सकारात्मक सोच का आंदोलनकारी नहीं हो सकता। यह देखना होगा कि उनके मस्तिष्क में ऐसी बात आई क्यों? जय भीम जय भारत के नारे का यहां अर्थ क्या है? जैसा हम जानते हैं सदन के भीतर कोई दर्शक तभी जा सकता है जब किसी सांसद की सिफारिश हो। इसके लिए विजिटर फार्म होता है जिसमें पूरी जानकारी भरनी होती है और उसमें संसद को हस्ताक्षर करना होता है। संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही मजबूत है। मुख्य भवन की सुरक्षा पार्लियामेंट्री सिक्योरिटी सर्विस के पास होती है। यह पूरे परिसर पर दृष्टि रखती है। संसद के दोनों सदनों में दर्शकों के लिए दीर्घा है। कोई भी आम व्यक्ति सदन की कार्यवाही देख सकता है। पास बनाने के लिए संबंधित व्यक्ति को सांसद का सिफारिशी पत्र और आधार कार्ड या फिर कोई दूसरा पहचान पत्र देना होता है। रिसेप्शन पर विजिटर की जांच की जाती है। सही पाए जाने पर फोटो पहचान पत्र बनता है। इन्होंने पहली पंक्ति में ही अपने लिए बैठने की व्यवस्था की। जब पीछे के दर्शकों का समय पूरा हुआ, वो जाने लगे तब इनमें से एक अंदर कूदा, दूसरा लटका और फिर जो कुछ हुआ वह सब हमारे सामने आ चुका है। आखिर यह सोचने की बात है कि कई महीनो से मनोरंजन भाजपा के सांसद प्रताप सिन्हा के यहां ही पास के लिए क्यों दौड़ लगा रहा था? क्या यह साबित करना था कि भाजपा के संसद के पास से ही संसद के अंदर ऐसी घटना हुई? मनोरंजन के पिता दक्षिण मैसूर के सांसद प्रताप सिंह के परिचित हैं। पूरे घटनाक्रम को देखने के बाद निस्संदेह आने वाले समय में इसके पीछे का षड्यंत्र सामने आएगा। ऐसा माहौल न बना दिया जाए कि आम लोगों को दर्शक के रूप में भी संसद भवन को देखने के रास्ते बंद हो जाए। किसी एक घटना का तात्पर्य नहीं कि सारे दर्शक संदिग्ध ही होंगे। सुरक्षा मजबूत करिए और उसके साथ-साथ देश का वातावरण ऐसा बनाइए कि पक्ष और विपक्ष की लड़ाई लोकतांत्रिक सहमति और असहमति की हो नफरत और दुश्मनी की नहीं। नफरत और दुश्मनी की राजनीति से ही इस तरह की भयानक घटनाओं की पुनरावृत्ति होती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व चौधरी मित्रसेन आर्य



**स्मृति**

सत्यवान आर्य

**चौधरी मित्रसेन आर्य ने ऐसे कार्य किए जो हमेशा मिसाल बने रहेंगे। गृहस्थ और व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। उन्होंने कहा था-हमें हर कार्य से पहले यह जांच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं। यदि व्यक्तिगत रूप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उसे नहीं करना चाहिए। चौ . मित्रसेन के आदर्श जीवन का आधार उनके पूर्वजों के संस्कार थे।**

इस परिवर्तनशील संसार में जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है, लेकिन जन्म लेना उसी का सार्थक है, जो अपने कार्यों से कुल, समाज और राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है। चौधरी मित्रसेन आर्य ने इस उक्ति को अक्षरशः चरितार्थ किया है। दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते हैं, जो अपने सत्कर्मों के पदचिह्न छोड़ जाते हैं, जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य ऐसे ही व्यक्तित्व थे, जिन्होंने ऐसे कार्य किए जो मिसाल बने रहेंगे। गृहस्थ और व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। उन्होंने कहा था-हमें हर कार्य को करने से पहले यह जांच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं। यदि व्यक्तिगत रूप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उसे नहीं करना चाहिए। चौ. मित्रसेन के आदर्श जीवन का आधार उनके पूर्वजों के संस्कार थे। वे हंसते-हंसते पुरुषार्थ करने में विश्वास रखते थे।

15 दिसंबर 1931 को उनका जन्म हिसार जिले के खांडा खेड़ी गांव में चौधरी शीशराम आर्य के घर में माता जीयो देवी की कोख से हुआ। आपके परदादा चौ. शादीराम के भाई चौ. राजमल जैलदार स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के सहयोगी थे। शहीदे आजम भगतसिंह उनके यहां आया करते थे। चौ. मित्रसेन आर्य के पिता चौ. शीशराम आर्य ने भी आर्यसमाज को पोषित किया। कर्म में उनका गहरा विश्वास था। उन्होंने यही संस्कार चौ. मित्रसेन आर्य को भी दिए। इनका असर जीवनभर उनके ऊपर रहा। जब चौ. मित्रसेन आर्य केवल 8-9 वर्ष के थे तभी परिवार विपत्तियों से घिर गया। उनके पिता की काला मोतिया के कारण आंखों की रोशनी चली गई। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई। नतीजतन चौ. मित्रसेन को तीसरी कक्षा में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी। चौ. मित्रसेन आर्य को गोमाता से विशेष लगाव था। उनका कहना था कि स्वस्थ समाज की रचना गोमाता के द्वारा ही संभव है। युवावस्था में पहुंचते-पहुंचते उन्होंने वेदों, शास्त्रों, आर्ष साहित्य, सत्यार्थ प्रकाश और रामायण का अध्ययन कर लिया था। वैदिक संस्कृति, महर्षि दयानंद और सत्यार्थ प्रकाश का उन पर विशेष प्रभाव रहा। 1948 में आर्य जी का विवाह जींद जिले में स्थित गांव जुलानी के चौ. अमृत सिंह सहारण की बेटी परमेश्वरी देवी के साथ हुआ। कहते हैं हर सफल व्यक्ति के पीछे स्त्री का हाथ होता है। श्रीमती परमेश्वरी देवी ने हर कदम पर चौ, मित्रसेन आर्य का साथ दिया। जिस कारण सफलता की राह उनके लिए आसान होती चली गई। चौ. मित्रसेन आर्य खुशी-खुशी पुरुषार्थ में विश्वास रखते थे। शुरू से ही वे अपना स्वयं का व्यवसाय करना चाहते थे, लेकिन इसके लिए अनुभव जरूरी था। इसलिए उन्होंने करीब नौ साल तक रोहतक, उदयपुर, हिसार, सोनीपत आदि में नौकरी को और तकनीकी ज्ञान हासिल किया। शुरू में साझे में और फिर 1957 में उन्होंने रोहतक में अपना व्यवसाय शुरू किया। 1957 में हिन्दी आंदोलन शुरू हो गया। इस आंदोलन में चौ. मित्रसेन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा




लिया। इसी कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। जेल जाने के कारण काम बिखर गया, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार आगे बढ़ते रहे। इस आन्दोलन के क्रान्तिकारी बनकर साढ़े चार महीने कारावास में बिताए। आर्यसमाज के आन्दोलन के कारण पंजाब सरकार के मंसूबे निष्फल हो गये तथा हरियाणा में हिन्दी भाषा राजकीय भाषा बन गई। सातवें दशक के शुरू में उन्होंने व्यवसाय बढ़ाने के लिए हरियाणा से बाहर का रुख किया। 1961 में उड़ीसा के एक व्यवसायी के साथ उन्होंने वर्कशाप लगाई। इसके बाद 1964 को बड़बिल में वर्कशाप शुरू की। यह उनकी लग्न और अथक परिश्रम का नतीजा था कि 1967 आते-आते चौ. मित्रसेन देश के बड़े कारोबारियों में शुमार हो गए। आधुनिक खेती में योगदान के कारण भारत सरकार उन्हें दिसंबर 2003 में कृषि विशारद की उपाधि से सम्मानित किया। हरियाणा सरकार ने ही उन्हें 2002-03 में चौधरी देवीलाल किसान पुरस्कार से सम्मानित किया।

वेद के आदर्शों को अपनाने वाले चौधरी मित्रसेन ने इस सूत्र को चरितार्थ किया-मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे। उनका व्यवहार सबके लिए मित्र के समान ही था। वे कहते थे कि मनुष्य के पांच शत्रु हैं- काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार। वे अज्ञानता, आलस्य, अन्याय और अभाव को बाह्य शत्रु मानते थे। 1962 में स्वामी धर्मानन्द के सम्पर्क में आने के बाद चौ. मित्रसेन आर्य ने गुरुकुल शिक्षा पद्धति की परम्परा को मूर्तरूप प्रदान किया। इनमें मुख्य है गुरुकुल वेदव्यास राउकूल, गुरुकुल शान्ति आश्रम लोहरदगा झारखंड, श्री जगन्नाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमउधारा छत्तीसगढ़। इस तरह करीब 30 से ज्यादा गुरुकुल और स्कूलों को चौ. मित्रसेन आर्य द्वारा सहायता निरन्तर जारी है।

चौधरी साहब वेद और महर्षि दयानन्द सरस्वती के सिद्धान्तों पर अटल विश्वास रखते थे। जीवनपर्यन्त उनका दृढ़ विश्वास रहा कि कर्मयोग के द्वारा शान्तिदायक, सुखद, समृद्धि सम्भव है। इसी का परिणाम था कि चौधरी साहब ने शून्य से यात्रा शुरू करके शिखर तक पहुंचाया। परोपकार उनके जीवन का अभिन्न अंग था। जब गुजरात में भूकंप आया और कई गांव तहस नहस हो गए तो उन्होंने श्री साहिब सिंह वर्मा के साथ राष्ट्र स्वाभिमान और ग्रामीण स्वाभिमान के आह्वान पर रिकार्ड 100 दिनों में इन्द्रप्रस्थ नामक नया नगर बसाया इसमें 800 परिवारों को बसाया गया। इस नगर का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्रति चौ. मित्रसेन के मन में अगाध श्रद्धा थी। वे शहीद स्थलों को तीर्थ स्थलों के समान मानते थे। उन्होंने देश के रक्षा कोष में भी बहुत बड़ी धनराशि दी। राजनीति में चौधरी मित्रसेन आर्य की रुचि नहीं थी, लेकिन उनका मानना था कि राजा को सर्वहितकारी होना चाहिए। उनका कहना था कि जाति का निर्धारण जन्म से नहीं, कर्म से होता है।

वह एक ऐसे मनस्वी थे जिन्होंने अपने कर्मबल से अपने निवास को किसी भी देवालय जितना पूज्य और पवित्र बना लिया था। जिस किसी ने भी उनके रोहतक स्थित आवास का भ्रमण किया है वह कथ्य से किंचित मात्र भी असहमत नहीं हो सकता। चौ. मित्रसेन की सरल, साफ-सुथरी तथा संघर्ष भरा जीवन किसी के लिए भी पथ-प्रदर्शक हो सकती है। उनका व्यक्तित्व आने वाले पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार




संकलित

**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं, परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए, क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। – *स्वामी विवेकानंद*

## समस्याएं तो आती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित

**प्रेरणा**

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए। संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### फर्जीवाड़े से आर्थिक बोझ बढ़ेगा

केंद्र सरकार ने एक बार फिर देश के गरीबों को राहत देते हुए, उनके लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त का राशन देने की अवधि को लगभग पांच वर्ष तक बढ़ाकर अच्छा प्रयास किया है। लेकिन अगर इसकी निष्पक्ष और उचित जांच की जाए तो यह तय है कि इस पर भी समृद्ध लोग कुंडली मारे बैठे होंगे। मीडिया में ऐसे फर्जीवाड़ों की खबरें अक्सर सुर्खियां बनती हैं। इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि सरकारी खजाने में विभिन्न रूपों में जो कर जमा होता है या किया जाता है, उसे देश के गरीबों की भलाई के लिए लगाया जाए, लेकिन हमारे देश में गरीबों को सरकार की तरफ से दी जाने वाली मुफ्त की सेवाओं में पारदर्शिता न होने के कारण इसमें भी भ्रष्टाचार होता है, फर्जीवाड़े होते हैं जिससे देश पर आर्थिक बोझ बढ़ता है।

*–सूरज वर्मा, दंतेवाड़ा*

## ट्रेंड

### मिलकर काम करने को उत्सुक



पोलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में आपकी नियुक्ति पर महामहिम डोनाल्ड टस्क को बधाई हो। मैं भारत और पोलैंड के बीच दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बिल्कुल अपमानजनक



किसी भी महिला को स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने के लिए अदालत जाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन रिपब्लिकन निर्वाचित अधिकारियों की बदौलत टेक्सास में ठीक वैसा ही हुआ, और यह बिल्कुल अपमानजनक है।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### आर-पार देखने में सक्षम हो



जब हार्मोन सक्रिय होते हैं, तो वे आपकी पूरी दृष्टि को विकृत कर देते हैं। आपको किसी गुफा की ओर जाने की ज़रूरत नहीं है, लेकिन आपको इसके आर-पार देखने में सक्षम होना चाहिए।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### एक साझा विरासत



इतिहास व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के लिए नहीं है- यह एक सबक है। यदि यह आपको चुनौती देता है, तो यह अच्छा है, क्योंकि इससे पुनरावृत्ति की संभावना कम हो जाती है। इसे मिटाना नहीं है. यह हम सभी के लिए एक साझा विरासत है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# लक्ष्य हासिल होने तक शांति कायम नहीं होगी



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि यूक्रेन को लेकर उनके देश के लक्ष्यों में कोई बदलाव नहीं आया है और इनके हासिल होने तक शांति कायम नहीं होगी। उन्होंने वर्ष के अंत में होने वाले सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को लेकर रूस के लक्ष्यों में 'नाजीवाद का खात्मा', 'असैन्यकरण' और देश की तटस्थ स्थिति स्थापित करना शामिल है और इनमें कोई बदलाव नहीं आया है। पुतिन ने फरवरी 2022 में जब सैनिकों को यूक्रेन भेजा था तब भी उन्होंने इन लक्ष्यों को रेखांकित किया था। रूस का आरोप है कि यूक्रेन सरकार पर कट्टर राष्ट्रवादी और नव-नाजीवादी समूहों का प्रभाव है, जिसे खत्म करने को वह 'नाजीवाद का खात्मा' बताता है। हालांकि, यूक्रेन और पश्चिमी देश रूस के इस दावे को खारिज करते रहे हैं। पुतिन का कहना है कि यूक्रेन को तटस्थ रहना चाहिए और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल नहीं होना चाहिए। पुतिन ने कहा, 'जब हम ये लक्ष्य हासिल कर लेंगे तब शांति कायम हो जाएगी।' उन्होंने बताया कि फिलहाल लगभग 2,44,000 रूसी सैनिक यूक्रेन में युद्ध लड़ रहे हैं।

## ऑफ बीट

# कोशिकाओं में छिपे कोरोना वायरस का लगाया पता



अनुसंधानकर्ताओं ने शरीर की कोशिकाओं के अंदर कोरोना वायरस (सार्स कोव-2 वायरस) के छिपे संभावित भंडार की पहचान की है जो कोविड-19 की निरंतरता और इससे फिर से संक्रमित होने पर प्रकाश डाल सकता है। नयी दिल्ली के यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान के अनुसंधानकर्ताओं ने बाह्यकोशिकीय पुटिकाओं (ईवी) यानी कोशिकाओं से निकले सूक्ष्मकणों का अध्ययन किया और महत्वपूर्ण जानकारी सामने लायी। उन्होंने कहा कि मानक आरटी-पीसीआर प्रक्रिया में जो व्यक्ति 'निगेटिव'' पाये गये उनके ईवी में सार्स कोव-2 के आरएनए या आनुवांशकीय सामग्री पायी गयी। इस अध्ययन की मुख्य लेखिका सुकृति बावेजा ने कहा, 'ईवी में सार्स -कोव-2 आरएनए की पहचान एक ऐसी वैकल्पिक नैदानिक प्रविधि ढूंढ़ने की जरूरत पर बल देती है जो इस खोज का फायदा उठाये तथा कोविड-19 संक्रमण का और प्रभावी तरीके से पता लगाने एवं कोविड-19 से संक्रमण का प्रबंधन करने की हमारी क्षमता में संभावित क्रांति लाए।' अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि पारंपरिक जांच में जो लोग इस वायरस (विषाणु) से मुक्त समझे जाते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद लड़ाई जारी रहेगी

**तेल अवीव।** इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद



हमास के खिलाफ लड़ाई को कोई नहीं रोक सकता। इजराइल इस लड़ाई को अंत तक जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अपने सैनिकों को खोने की भारी पीड़ा और अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद हम आखिर तक और जीत तक लड़ेंगे।

### हमास के 8 पर प्रतिबंध अमेरिका का चौथा वार

**वॉशिंगटन।** इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने हमास के खिलाफ कठोर



कार्रवाई है, जिससे माना जा रहा है कि आर्थिक और वैश्विक स्तर पर हमास की कमर टूट सकती है। अमेरिका के विदेश विभाग ने हमास के 8 अधिकारियों और मददगारों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस प्रतिबंध का लक्ष्य हमास को फंडिग करने वाले नेटवर्क को खत्म करना है।

### दो सीआईएसएफ अफसरों के ठिकानों पर छापा


**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कोयला चोरी मामले की जांच के सिलसिले में गुरुवार



को पश्चिम बंगाल में सीआईएसएफ के दो सेवानिवृत्त अधिकारियों से जुड़ी संपत्तियों समेत कई स्थानों पर छापेमारी की। राज्य की राजधानी कोलकाता के अलावा आसनसोल, दुर्गापुर, कुल्टी और मालदा समेत 12 स्थानों पर छापेमारी की गई। कोयला चोरी से आर्थिक रूप से फायदा हुआ।

### पाक में नौकरशाह नहीं बन पाएंगे रिटर्निंग ऑफिसर


**लाहौर।** पाकिस्तान में अगले वर्ष आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए नौकशाहों को



रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त करने के चुनाव आयोग के फैसले को निलंबित कर दिया है। पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान यह फैसला लिया है। जिसके बाद से पाक में सियासी हलचल तेज हो गई है। लोगों ने इस मुद्दे पर तमाम प्रतिक्रियाएं दी हैं।

### एयर डिफेंस गन से ढेर होंगे ड्रोन और यूएवी

**कानपुर।** पीएसयू एडवांस वेपन्स एंड इक्विपमेंट कानपुर आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली ने हवाई रक्षा



खतरों से निपटने के लिए 25 किलोग्राम वजन की 12.7 मिमी कैलिबर एयर डिफेंस गन विकसित की है। यह सरहद पार से आने वाले ड्रोन और मानव रहित विमान (यूएवी) को डेढ़ किमी के दायरे में आते ही हवा में प्रति मिनट 800 राउंड गोलियां दागकर उन्हें नष्ट करने में सक्षम है।

---

### संसद में घुसपैठ के आरोपियों ने सात दिन पहले की थी रैकी

# सेना में भर्ती होने निकले थे दोनों, सागर रिक्शाचालक था.. अमोल मजदूरी करता था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में घुसपैठ के आरोपी अमोल शिंदे सेना में भर्ती होना चाहता था। इसके लिए उसने सेना की कई भर्तियों में हिस्सा भी लिया था, लेकिन उसका चयन नहीं हो पाया। अमोल के माता-पिता ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अमोल आगे पढ़ना चाहता था और इसके लिए वह 4000 रुपए प्रति महीना मांग रहा था, लेकिन हम दे नहीं सके। परिजनों ने बताया कि अमोल ने दिहाड़ी मजदूर के तौर पर भी काम किया है।

अमोल शिंदे (25 वर्षीय) लातूर की चकूर तहसील के जारी गांव का निवासी है। संसद पर हमले के बाद लातूर पुलिस की एक टीम जारी गांव पहुंची और अमोल के बारे में पूछताछ की। अमोल की मां केसर बाई ने बताया कि वह हमेशा सेना में जाना चाहता था लेकिन मैंने उसे नौकरी करने को कहा था। जब पुलिस हमारे घर पहुंची, तभी हमें घटना के बारे में पता चला।




> अमोल की मां केसर बाई ने बताया कि वह हमेशा सेना में जाना चाहता था लेकिन मैंने उसे नौकरी करने को कहा था। जब पुलिस हमारे घर पहुंची, तभी हमें घटना के बारे में पता चला।

### पुलिस ने जब्त किए अमोल के दस्तावेज

**खास बातें**

- पढ़ाई करने माता पिता से मांगे थे 4 हजार महीना, जो नहीं दे पाए
- अमोल ने दिहाड़ी मजदूर के तौर पर भी काम किया



#### दलित वर्ग से ताल्लुक रखता है अमोल

अमोल दलित वर्ग से ताल्लुक रखता है और उसने स्नातक की पढ़ाई की है। उसके परिवार में माता-पिता और दो भाई और हैं। वो भी दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। अमोल के परिजनों ने बताया कि अमोल 9 दिसंबर को घर से यह कहकर गया था कि वह सेना की भर्ती में शामिल होने जा रहा है। बता दें कि बुधवार को संसद की सुरक्षा में चूक के आरोप में अमोल और नीलम के साथ सागर शर्मा और मनोरंजन डी को गिरफ्तार किया गया है।

#### धरना-प्रदर्शन का कहकर दिल्ली गया था सागर शर्मा

लखनऊ के आलमबाग निवासी रानी शर्मा ने बताया कि बेटे सागर शर्मा ने कुछ काम के लिए दोस्तों के साथ जाने की बात कही थी। मां रानी शर्मा ने बताया कि उनकी सागर से कल बात हुई थी, आज बात नहीं हुई है। वहीं सागर की बहन ने बताया कि उसका भाई दो-तीन महीने से ई-रिक्शा चला रहा था। इससे पहले सागर बेंगलुरु में रहता था। सागर बेंगलुरु काम करने के लिए गया था। बहन ने बताया कि सागर दिल्ली परसों गया था, उसे किसी धरना-प्रदर्शन में जाना था। लखनऊ पुलिस सागर के परिवार वालों से पूछताछ में जुट गई है।

#### विक्की शर्मा को लंदन से आते थे पैसे

आरोपी गुरुग्राम के सेक्टर-7 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मकान नंबर 67 में ठहरे थे। आरोपी यहां विक्की शर्मा के मकान में रुके थे। आरोपियों के बैग विक्की के घर में मिले हैं। वहां पर मंगलवार की रात पांच लोग ठहरे थे, जिसमें विक्की की बेटी सागर शर्मा को जानती है। संसद में धुआं करने वाले सागर शर्मा और विक्की शर्मा का आपस में कनेक्शन सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस विक्की को अपने साथ पूछताछ के लिए लेकर गई है। विक्की का कनेक्शन लंदन में रहने वाले परिवार से भी है। विक्की का परिवार जिस मकान में रहता है, उसके मालिक लंदन में रहते हैं। मकान मालिक उसके खाते में पैसे भी डालते हैं। मकान मालिक की ओर से मिलने वाला पैसा ही विक्की की आमदनी का जरिया है।

#### विक्की उर्फ जंगली ने पाल रखे दो कुत्ते

विक्की ने दो कुत्ते पाल रखे हैं, जिन्हें घुमाने के लिए घर से बाहर निकलता था। उसे लोग जंगली भी बोलते थे। उसका बचपन यहीं बीता है। उसके घर कौन आ रहा है, कौन जा रहा है इससे किसी का कोई लेना देना नहीं होता था। फिलहाल विक्की की आमदनी का कोई जरिया नहीं है, पहले वह एक्सपोर्ट गारमेंट कंपनी में काम करता था। अब लंदन से आने वाले पैसों को ही खर्च करता। बेटी के नंबर अच्छे देखकर उसके रिश्तेदार उसे पढ़ाना चाहते थे। घर के खर्चे को लेकर विवाद होता था।

#### कमरे से भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की मिली किताबें

*संसद में हड़कंप मचाने वालों के बैग विक्की के घर में मिले हैं। आरोपी अपना बैग वहां पर छोड़कर गए हैं। वहां पर मंगलवार की रात पांच लोग ठहरे थे, जिसमें उनकी बेटी सागर शर्मा को जानती है। सागर शर्मा उसके पिता के साथ पहले कंपनी में भी काम करता था। कमरे से भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की किताबें मिली हैं।*

---

### चीन के खिलाफ भारत की जंगी तैयारी तेज

# निर्भय, ब्रह्मोस खतरनाक भारत ने झोंकी लंबी दूरी की मिसाइलों पर ताकत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीनी नौसेना की बढ़ती मौजूदगी भारत के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है। इस कारण भारत ने भी अपनी रक्षात्मक तैयारियों को तेज कर दिया है।

भारतीय नौसेना तेजी से लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारतीय नौसैनिक मिसाइल प्रोग्राम में निर्भय सबसोनिक क्रूज मिसाइल के डेरिवेटिव, एक नई सबसोनिक नेवल एंटी-शिप मिसाइल सीरीज का विकास, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल के लिए रेंज एक्सटेंशन प्रोग्राम, ब्रह्मोस एनजी का विकास और बैलिस्टिक लॉन्ग रेंज एंटी शिप मिसाइल शामिल हैं। अगर भारतीय नौसेना को ये हथियार मिल जाते हैं, तो हिंद महासागर में उसकी रेंज काफी ज्यादा बढ़ जाएगी।

#### मिसाइल डेरिवेटिव बना रही नौसेना

निर्भय सबसोनिक क्रूज मिसाइल की घोषित रेंज 1000 किमी तक है। इसे डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई) ने विकसित किया है। जनवरी 2023 तक इस मिसाइल के आठ सफल उड़ान परीक्षण किए जा चुके थे। उड़ान के दौरान विंग डिप्लॉयमेंट और उड़ान के दौरान इंजन स्टार्ट करने पर मिसाइल को लक्ष्य विमान की ओर घुमाने के लिए थ्रस्ट वेक्टर कंट्रोल जैसी तकनीकें सिद्ध हो चुकी हैं। 5 मीटर तक की बहुत कम ऊंचाई वाली उड़ान और नेविगेशन प्रणाली को भी प्रौद्योगिकी विकास के हिस्से के रूप में सिद्ध किया गया है। एडीई का इरादा मिसाइल और उसके वेरिएंट के साथ 100% स्वदेशीकरण हासिल करने का है जो इन सिद्ध प्रौद्योगिकियों को विरासत में मिलेगा।

#### हर साल 18 इंजन बना रहा डीआरडीओ

डीआरडीओ के जीटीआरई द्वारा विकसित छोटा टर्बो फैन इंजन (एसटीएफई) इंजन इस स्वदेशीकरण प्रयास का एक प्रमुख हिस्सा है। कई रिपोर्ट की गई गड़बड़ियों के बाद, हाल के वर्षों में व्यापक परीक्षण के लिए कई इकाइयों के निर्माण के साथ एसटीएफई सिद्ध हो गया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस तिरुवनंतपुरम में अपनी इकाई के साथ एसटीएफई के लिए एक उत्पादन एजेंसी रही है, जो अपनी उत्पादन क्षमता को प्रति वर्ष 18 इंजन तक बढ़ा रही है। जीटीआरई इंजन के परीक्षण और उत्पादन गतिविधियों का समर्थन करने के लिए और अधिक औद्योगिक भागीदारों की भी तलाश कर रहा है, जिनकी आवश्यकता सैकड़ों में है।

---

## पीएम मोदी ने डोनाल्ड टस्क को दी बधाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माट्यूज़ मोराविकी के संसद में विश्वास मत हारने के बाद हुए मतदान के दौरान डोनाल्ड टस्क के पक्ष में 248 पड़े, जबकि 201 सांसदों ने उनके विरोध में वोट किया। पोलैंड का प्रधानमंत्री चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डोनाल्ड टस्क को बधाई दी है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं भारत और पोलैंड के बीच दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए आपके साथ मिलकर कार्य करने के लिए उत्सुक हूं। पोलैंड की संसद ने सोमवार को डोनाल्ड टस्क के नाम पर मुहर लगा दी थी।



#### हम अंधेरे को दूर भगाएंगे

सदन का नेता चुने के बाद टस्क ने अपने संबोधन में कहा कि मैं पोलिश लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। धन्यवाद पोलैंड, यह एक महान दिन है, मेरे लिए नहीं, बल्कि उन सभी के लिए जो इतने लंबे वर्षों तक गहराई से विश्वास करते रहे कि यह अभी भी बेहतर होगा, कि हम अंधेरे को दूर भगाएंगे, बुराई को दूर भगाएंगे।

---

## मैदान-ए-जंग में डटे हैं दो लाख 44 हजार रूसी सैनिक

एजेंसी ▶▶ मॉस्को।

पिछले 22 महीनों से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस युद्ध को सैन्य कार्रवाई करार दिया है। युद्ध की वजह से दोनों देशों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसी बीच राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि 2,44,000 रूसी सैनिक वर्तमान में यूक्रेन के खिलाफ मैदान-ए-जंग में डटे हैं। युद्ध के मद्देनजर हर दिन 1,500 लोगों को सेना में भर्ती किया जा रहा है। 486,000 सैनिकों ने रूसी सेना के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

#### अब तक तीन लाख से अधिक रूसी सैनिक मारे गए: रिपोर्ट

एक डिक्लासिफाई अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट ने जानकारी देते हुए आकलन लगाया कि यूक्रेन युद्ध में रूस के 315,000 सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। खुफिया जानकारी से संबंधित एक सूत्र ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

---

### कॉप वार्ता में तलाशे तरीके

## अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ताइवान की भागीदारी के विस्तार पर अमेरिका ने दिया जोर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दक्षिण चीन सागर और ताइवान को लेकर चीन और अमेरिका में चल रहे तनाव के बीच बुधवार को यूएस-ताइवान वार्ता हुई है। इस वार्ता के दौरान सभी प्रतिभागियों ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों में ताइवान की भागीदारी के विस्तार पर जोर दिया। अमेरिकी विदेश विभाग ने इस वार्ता को लेकर एक बयान भी जारी किया है।

इसमें यह भी बताया गया है कि अमेरिका और ताइवान साथ मिलकर सार्वजनिक स्वास्थ्य, विमानन सुरक्षा और जलवायु सहित कई वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के तरीके तलाश रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में दुबई में आयोजित कॉप28 के दौरान में चीनी प्रतिनिधिमंडल द्वारा संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में ताइवान को शामिल करने के आह्वान का विरोध करने के कुछ दिनों बाद बुधवार को यूएस-ताइवान नियमित परामर्श हुआ। इसमें सभी प्रतिभागियों ने समान विचारधारा वाले भागीदारों के साथ मिलकर काम करने के महत्व पर जोर दिया।

#### जिनपिंग की यात्रा के बाद हुई वार्ता

गौरतलब है कि अमेरिका और ताइवान के बीच ये वार्ता तब हुई है जब हाल ही में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हनोई की यात्रा की थी। उन्होंने ताइवान के नेताओं संग वार्ता के बाद दक्षिण चीन सागर विवाद का संयुक्त समाधान निकालने का आह्वान किया था।

---

### ग्लोबल साउथ थिंक टैंक में बोले यूएनजीए अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस

## दुनियाभर में जंग से चिंताजनक स्थिति में फंसा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने विश्व निकाय के सदस्यों से बातचीत के जरिए सुरक्षा परिषद सुधार पर गतिरोध को दूर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसी हुई लगती है। इसका उद्देश्य वैश्विक उत्तर देशों की प्रधानता को पूरा करना है। उन्होंने परिषद में निर्णय लेने में विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व और समान भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित किया।

#### संतुलित परिषद की आवश्यकता



> दुनिया भर में जंग छिड़ती दिख रही

उन्होंने कहा कि दुनिया भर में जंग छिड़ती दिख रही है। ऐसे में सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसी हुई लगती है। ऐसा माना जाता है कि परिषद अपने मकसद को पूरा नहीं कर रही है। परिणाम स्वरूप, पूरे संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता खतरे में है। यूएनजीए प्रमुख ने कहा कि सुधार लाने के लिए सदस्य देशों को बातचीत से मुद्दे का समाधान ढूंढना होगा।

#### परिषद को लोकतंत्रीकरण करना चाहिए

भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने परिषद की वर्तमान संरचना को कालभ्रमित बताया जो पिछले दशकों में अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आए बदलावों के अनुकूल ढलने में विफल रही है।


#### ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने की जरूरत

अलेक्जेंडर मार्शचिक ने कहा कि इस विचार को लेकर काफी समानता है कि सुरक्षा परिषद में ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने की जरूरत है।

#### सुधार हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

**परिषद की विकृतियों को सुधारने की क्षमता**

ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष समीर सरन ने कहा कि सुधारों पर विचार करते समय, हमें इस बात पर पुनर्विचार करना चाहिए कि महासभा को किस तरह से प्रयास करना चाहिए और परिषद की विकृतियों को सुधारने की क्षमता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में महासभा की भूमिका परिषद के अधीन है, यह एक विसंगति है। उन्होंने कहा, शायद यह ऐसा समय है जब हमें उस नए प्रारूप और उस नए ढांचे को खोजने के लिए खुद को समर्पित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, जो काम करता है।

रोचक





बच्चों, पिछले अंक में हमने तुम्हें देश भर के रंग-बिरंगे विंटर फेस्टिवल्स के बारे में बताया था। इस बार हम तुम्हें विदेशों में होने वाले तीन अनोखे विंटर फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं।

# अजब-गजब विंटर फेस्टिवल्स

## जुब्लजाना ड्रैगन कार्निवल, स्लोवेनिया

**विंटर सीजन** में यूरोप महाद्वीप के एक देश स्लोवेनिया की राजधानी जुब्लजाना में जुब्लजाना ड्रैगन कार्निवल आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल पूरे यूरोप महाद्वीप में सबसे अनोखे विंटर कार्निवल फेस्टिवल्स में से एक माना जाता है। कार्निवल में लोग अनोखा वेशभूषा पहनते हैं। कार्निवल में एक ग्रीन ड्रैगन के पुतले का खास अट्रैक्शन होता है। इसे राजधानी जुब्लजाना का प्रतीक चिन्ह भी माना जाता है। कार्निवल के दौरान चारों ओर बहुत रंग-बिरंग माहौल हो जाता है। इस बार के जाड़े में यह फेस्टिवल अगले साल 6 से 16 फरवरी के बीच आयोजित होगा। *

## ह्वाचेओन सांचेओनियो आइस फेस्टिवल, साउथ कोरिया






**बच्चों, साउथ** कोरिया में विंटर फेस्टिवल बहुत हटकर सेलिब्रेट किया जाता है। यहां हर साल जनवरी-फरवरी में ह्वाचेओन सांचेओनियो आइस फेस्टिवल आयोजित होता है। यह दुनिया में बहुत ही यूनीक विंटर फेस्टिवल है और दक्षिण कोरिया के नागरिकों के बीच बहुत पॉपुलर है। यह विंटर फेस्टिवल कड़ाके की ठंड में मछली पकड़ने का फेस्टिवल है। विंटर फेस्टिवल दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन डो नामक स्थान पर ह्वाचेओन रिवरसाइड पर आयोजित किया जाता है। पूरे साउथ कोरिया से यहां आने वाले पर्यटक ठंड की वजह से जमी हुई ह्वाचेओन नदी में मछलियां पकड़ते हैं। मछली पकड़ने के लिए जमी हुई नदी की ऊपरी परत में छेद किया जाता है। तुम्हें जानकर हैरानी होगी कि नदी में ग्यारह हजार से ज्यादा छेद किए जाते हैं। बच्चों, मछली पकड़ने के लिए लोग कतार में बैठकर अपने साथ लाए उपकरणों से घंटों तक मछली पकड़ने की कोशिश करते हैं। इस फेस्टिवल में लाखों की संख्या में लोग भाग लेते हैं। जमी हुई नदी पर दूर तक लोगों की भीड़ दिखाई देती है। इस फेस्टिवल में बच्चे भी मछली पकड़ते हैं। फेस्टिवल में एक अनूठी प्रतियोगिता भी आयोजित होती है, जिसमें प्रतियोगियों को बर्फीले पानी में नंगे हाथों से मछली पकड़नी होती है। इसके लिए जमी हुई नदी में एक जगह बड़ा-सा गोल आकार का गड्ढा किया जाता है। फिर कई सारे प्रतियोगी इसी छेद में हाथ डालकर मछली पकड़ने की कोशिश करते हैं। मछली पकड़ने के अलावा फेस्टिवल में मनोरंजन के लिए कई और आइस स्पोर्ट्स खेले जाते हैं। इस बार यह फेस्टिवल 6 से 28 जनवरी 2024 को आयोजित होगा। *

## एम्स्टर्डम लाइट फेस्टिवल, नीदरलैंड्स






**नीदरलैंड्स** की राजधानी एम्स्टर्डम में सर्दी के मौसम में दुनिया का सबसे अनोखा लाइट फेस्टिवल आयोजित होता है। इस अनोखे लाइट फेस्टिवल की शुरुआत साल 2012 में हुई थी। यह फेस्टिवल सर्दियों की अंधेरी रातों में एम्स्टर्डम नहर के किनारे आयोजित होता है। पिछले महीने 30 नवंबर से शुरू हो चुका यह लाइट फेस्टिवल अगले साल 21 जनवरी को समाप्त होगा। एम्स्टर्डम लाइट फेस्टिवल का हर साल एक स्पेशल सब्जेक्ट होता है, इस साल का विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' है। लाइट फेस्टिवल में इस बार कुल 24 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। सारी कलाकृतियां खुले आसमान के नीचे शहरों के बीच से बहने वालीं नहरों के किनारे और पानी की सतह के ऊपर निर्मित की जाती हैं। इन कलाकृतियों को देखने के लिए कोई टिकट नहीं लेना पड़ता है। इस बार भी कई ऐसी अनोखी कलाकृतियां बनाई गई हैं, जिनको देखकर तुम्हें आश्चर्य होगा। जैसे- बात करने वाले लैंप, आभासी पुल, पानी में फोन इस्तेमाल करते सफेद रोशनी में चमकते पांच इंसान, पानी में खड़ा मेंटल वाला रोबोट जिसके पीठ पर कई सारे घर बने हैं, रंग-बिरंगी रोशनी से बना इंसानी चेहरा आदि। *

**प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे**

# किसने बनवाया था टॉवर ऑफ लंदन

जानकारी



बच्चों, टॉवर ऑफ लंदन, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) की राजधानी लंदन के बीच से बहने वाली टेम्स नदी के किनारे बना एक भव्य किला है। इसको सन् 1078 में विलियम द कांकरर ने बनवाया था। इस परिसर में शाही महल के अलावा और भी कई भव्य इमारतें हैं। इसका निर्माण करने के लिए फ्रांस देश से पत्थर मंगाए गए थे। यहां राजसी बंदियों के लिए कारागार भी था। इस किले की एक विशेषता यह है कि यहां बड़ी संख्या में काले कौवे रहते हैं। किंवदंती है कि जिस दिन ये कौवे टॉवर ऑफ लंदन छोड़कर चले जाएंगे, तभी यहां राजशाही समाप्त हो जाएगी। हालांकि अब इस किले में राजपरिवार नहीं रहता है, लेकिन शाही जवाहरात इसमें सुरक्षित हैं, जिनमें मशहूर कोहिनूर हीरा भी शामिल है। *

**प्रस्तुति : एफएमएन**

क्या तुम जानते हो

## कैसे हुई अंतरिक्ष की खोज


गैलीलियो गैलिली


निकोलस कोपर्निकस

आज से लगभग 1,825 वर्ष पूर्व लिखी गई पुस्तक 'सच्चा इतिहास' में अंतरिक्ष यात्रा के बारे में वर्णन मिलता है। इसके लेखक थे यूनान के लूशियन। लेकिन इसमें अंतरिक्ष यात्रा का विषय एक व्यंग्य के रूप में दिया गया था, जो तत्कालीन राज्य के दोषों को उजागर करता था। इसमें चंद्रलोक और सूर्यलोक का दिलचस्प वर्णन है। फिर पोलैंड के खगोलशास्त्री निकोलस कोपर्निकस ने अपने तथ्यों के आधार पर बताया कि सूर्य, सौर-परिवार के केंद्र में है और पृथ्वी एक ग्रह है। फिर गैलीलियो गैलिली ने सन् 1610 में एक दूरदर्शी यंत्र का आविष्कार करके अंतरिक्ष के नजारों को बहुत निकट से देखने का प्रयास किया। उन्होंने चंद्रमा की सतह पर ऐसे दृश्य देखे, जो इससे पहले किसी ने नहीं देखे थे। दूरबीन की सहायता से अंतरिक्ष में झांकने वाले वे पहले वैज्ञानिक थे। इसके बाद से अंतरिक्ष के बारे में नई-नई खोज शुरू हुई और आज भी अंतरिक्ष से जुड़े राज सामने आ रहे हैं। *

**-एफएमएन**

## बूझो तो जानें





1
धरती से निकली बाहर,
बंद रही काठ सदन में।
गरीबों का बादाम हूं,
बसी सभी के ही मन में।

2
आसाम-बंगाल वासी,
घर-घर में पी जाती।
श्याम वर्ण है मेरा पर,
सबको मैं खूब लुभाती।

3
गन्ने के रस से बनता हूं,
लेकिन रंग अलग है।
सर्दियों का मिष्ठान मैं,
मेरा ढंग अलग है।

4
सर्दी के आते ही मैं,
स्नानघर का वीर।
दीवार पर लटका रहूं,
गर्म करता हूं नीर।

-गोविंद भारद्वाज

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-चाय, 3-गुड़, 4-गीजर

कविता / डॉ. राकेश चक्र

## मम्मा इत्ते छोटे दिन



सूरज लगता बाल सुमन।
जगकर प्रातः करें नमन।।
नरम धूप सूरज की भइया
ता-ता-ता-ता थय्यक-थइया।।
बैठ धूप में मम्मा सुन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
शाम गुलाबी, सुबह ठिठुरती।
रात की रानी खूब महकती।
हरसिंगार महक गुनगुन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
शीत सताए हवा ठुमकती।

बदरा बिजली कभी चमकती।
गाल गुलाबी, शीतल तन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
कभी कुहासा, कभी उजाला।
धूप विटामिन डी का प्याला।
ओढ़ रजाई भरता मन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
महक मोगरा मन है हरती।
चांद चांदनी खूब दमकती।
मम्मा इत्ते छोटे दिन।
सूरज लगता बाल सुमन।।

## हंसगुल्ले



**रिंकू से टिंकू-** तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू-** अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू-** क्यों?
**रिंकू-** क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
**-संगीता, रायपुर**

**रोहन-** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन-** नहीं।
**रोहन-** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**- उमेश, जबलपुर**

**डॉक्टर-** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की-** फिर तो डॉक्टर अंकल मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर-** वो क्यों?
**मिक्की-** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
**- कविता, दुर्ग**

## जीके क्विज-84



1. हाल में मिजोरम का नया मुख्यमंत्री कौन बना है?
2. गरबा नृत्य किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
3. सहारा रेगिस्तान किस महाद्वीप में स्थित है?
4. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस कब मनाया जाता है?
5. इंसानों के अलावा वह कौन-सा जानवर है, जो केला छीलकर खाता है?
6. किस शहर को संतरे के शहर के नाम से भी जाना जाता है?
7. सौरमंडल में सूरज से सबसे दूरी पर कौन-सा ग्रह स्थित है?
8. किस पक्षी के उड़ने की आवाज बिल्कुल भी नहीं आती है?
9. यूक्रेन की राजधानी का क्या नाम है?
10. मैदानी हॉकी खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?

बच्चों, जीके क्विज-84 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-83 का उत्तर :** 1-गुरुग्राम, 2-मिचौंग चक्रवात, 3-भालू, 4-23 दिसंबर, 5-दरियाई घोड़ा, 6-उदयपुर, 7-शनि ग्रह, 8-पांच आंखें, 9-कंगारू, 10-सात खिलाड़ी

**जीके क्विज-83 का सही उत्तर देने वाले :** रोशन-धमतरी, पारुल-रायपुर, पुष्पिका-सूरजपुर, चेतन-दल्ली राजहरा, मारुति-बिलासपुर, प्रियंका-रोहतक, रंजित-बिलासपुर, सुरेश-जबलपुर, विक्की-भोपाल, गौरव-डाबोदा कलां

कहानी
अशोक जोशी

मीनू अपनी चीजें शेयर क्या, किसी को छूने भी नहीं देती। एक दिन वह अपना पसंदीदा स्वेटर पहन कर बुके खरीदने गई। बुके की दुकान पर जब मीनू ने दुकान वाले की लड़की को ठिठुरती सर्दी में बिना किसी गर्म कपड़े के देखा तो वह बहुत दुखी हो गई। इसके बाद उसने जो किया, वह एक अनहोनी बात थी।

# मीनू का प्यारा स्वेटर



घर में सबसे छोटी होने के कारण सभी मीनू से बहुत प्यार करते हैं। लाड़-प्यार में पली-बढ़ी मीनू थोड़ी जिद्दी है। उसमें एक आदत अच्छी है कि वह अपनी चीजों को बहुत सहेज कर रखती है। लेकिन वह अपनी चीजों को किसी को उपयोग करना तो दूर, छूने तक नहीं देती। रात को जब अचानक तेज बारिश के बाद सर्दी बढ़ी तो उसने अपना वह स्वेटर निकाल लिया, जो उसके पापा खासतौर पर उसके लिए पेरिस से लेकर आए थे।

मीनू को इस स्वेटर से बहुत प्यार था। किसी को भी इस स्वेटर पर हाथ लगाने नहीं देती थी। आज उसे अपनी दोस्त रितु के जन्मदिन पर जाना था। उसके पापा अपनी कंपनी की कॉन्फ्रेंस में लंदन गए हुए थे। उसने किसी तरह अपनी मम्मी को राजी कर लिया कि वह शाम को उसके साथ रितु के घर चलें। मम्मी भी मान गईं, क्योंकि रितु की मम्मी शालिनी उनकी सहेली थीं। शाम को मीनू तैयार हो गई। उसने अपना प्यारा स्वेटर पहना। उस स्वेटर में मीनू एकदम परी जैसी लग रही थी। मम्मी ने रितु को देने के लिए गिफ्ट को पैक करवा कर रख लिया था। दोनों कार में बैठकर निकल पड़े। बाहर कंपकंपाने वाली ठंड थी। मम्मी ने ड्राइवर को गाड़ी का ब्लोअर चालू करने को कहा। तभी मीनू को याद आया, वह बोली, 'अरे मम्मी! आप भूल गईं कि हमें रितु के लिए बूके भी लेना है?'

'अरे हां..! भैया, आप गाड़ी एमजी रोड से ले लीजिए। वहां से बूके ले लेते हैं।' मम्मी ने ड्राइवर से कहा। ड्राइवर ने एमजी रोड पर फुटपाथ पर एक बुके की दुकान के सामने कार रोकी। मम्मी ने मीनू से कहा, 'मैं बुके लेकर आती हूं। बाहर बहुत सर्दी है, तुम कार में ही बैठी रहो।'

'नहीं मम्मी, अपनी फ्रेंड के लिए तो मैं ही बुके पसंद करूंगी।' मीनू बोली।

'ठीक है आ जाओ।' मम्मी मान गईं।

दोनों बुके की दुकान पर पहुंचे। मीनू ने देखा दुकान पर बुके वाले की उसकी हमउम्र बेटी भी खड़ी थी। वह ठंड से कांप रही थी। मीनू उससे बोली, 'क्यों स्वेटर नहीं पहना? सर्दी लग जाएगी तो?'

'मेरे पास स्वेटर नहीं है।' वह बोली। मीनू को उस पर दया आ गई। उसने चुपचाप बुके पसंद किया और मम्मी के साथ आकर कार में बैठ गई। उसके सामने बुके वाले की लड़की का सर्दी से कांपता चेहरा घूम रहा था। मीनू ने मम्मी से पूछा, 'क्या हम उसकी मदद नहीं कर सकते?'

'जरूरतमंदों की मदद करना अच्छी बात है बेटा, लेकिन इस समय हमारे पास कार में दूसरा कोई गरम कपड़ा भी नहीं है।'

'लेकिन देखो ना मम्मी, वह लड़की ठंड में कैसे कांप रही है।' मीनू बड़े ही दुखी मन से बोली। उसने मम्मी से पूछा, 'मैं क्या अपना यह पहना स्वेटर उस लड़की को दे सकती हूं?'

'लेकिन यह स्वेटर तो तुम्हें सबसे प्यारा लगता है।' मम्मी बोलीं।

'तो क्या हुआ? हम दूसरा स्वेटर भी तो खरीद सकते हैं। उस बेचारी के पास तो इस कड़ी सर्दी में कोई गरम कपड़ा नहीं है। अभी-अभी आपने ही तो कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना अच्छी बात है।' मीनू मासूमियत से बोली।

'यह तुम्हारा स्वेटर है। यदि तुम चाहो तो दे सकती हो।' मम्मी ने कहा। मीनू तुरंत कार से उतर कर मम्मी के साथ बुके वाले की दुकान पर गई। उसने अपना स्वेटर ठंड से कांपती लड़की को दे दिया। उसके चेहरे पर खुशी के भाव देखकर मीनू को बहुत अच्छा लगा। इसके बाद उसने रितु की बर्थ-डे पार्टी में ऐसी मस्ती की कि उसकी सारी ठंड हवा हो गई।

अगले सप्ताह मीनू के पापा लंदन से लौट आए। उसने पूछा, 'पापा, मेरे लिए क्या लाए हैं?' 'वही जो तुमने लाने को कहा था और अपनी लाडली बेटी के लिए एक चीज और खास लाया हूं।' पापा उसके सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोले। 'वह क्या?' मीनू ने उत्सुकता से पूछा।

'दो नए स्वेटर, जो पहले से भी ज्यादा गरम और नरम हैं।' कहते हुए उन्होंने मीनू के हाथों में दो स्वेटर रख दिए।

'लेकिन दो क्यों?' मीनू ने आश्चर्य से पूछा।

'ताकि हमारी बेटी किसी जरूरतमंद की मदद कर सके और खुद भी स्वेटर पहन सके। मुझे तुम्हारी मम्मी ने बता दिया था कि तुमने किस तरह से उस बुके वाले की लड़की को अपना स्वेटर दे दिया था। आइ एम प्राउड ऑफ यू माय लिटिल डार्लिंग!' कहते हुए पापा ने मीनू का माथा चूम लिया। *

छोटी कहानी / ललित शौर्य

# अनोखा उपहार

मिस्टर डिसूजा अब बूढ़े हो गए हैं। उनकी उम्र लगभग 75 साल के आस-पास हो गई होगी। मोहल्ले के बच्चे और बड़े उन्हें सांता बाबा के नाम से पुकारते हैं, क्योंकि वह पिछले कई वर्षों से क्रिसमस के समय सांता क्लॉज बनकर मोहल्ले में बच्चों को टॉफी, बिस्कुट और गर्म कपड़े उपहार के रूप में बांटते हैं। मिस्टर डिसूजा अकेले रहते हैं। उन्होंने शादी नहीं की है।



इधर पिछले कुछ दिनों से मिस्टर डिसूजा बीमार हैं। क्रिसमस नजदीक था। उनके मन में यही चल रहा था कि इस बार वह बच्चों को कैसे उपहार बांटेंगे? उन्हें तो इतनी तकलीफ है कि बिस्तर से उठ भी नहीं सकते। मोहल्ले में यह बात सबको पता हो गई थी कि मिस्टर डिसूजा बीमार चल रहे हैं। यह सुनकर ओजस ने अपने साथियों से बात की, 'तुम सबको पता होगा, मिस्टर डिसूजा यानी हमारे मोहल्ले के सांता बाबा बीमार हैं। वह बिस्तर से उठ भी नहीं पा रहे हैं। हमें उनके लिए कुछ करना चाहिए।' ओजस की इस बात पर सभी बच्चे बोले, 'हम क्या कर सकते हैं ओजस, हमें बताओ? तुम जो कहोगे, हम सब करने को तैयार हैं।' 'मिस्टर डिसूजा हर साल सांता क्लॉज बनकर हम सबको उपहार देते हैं। इस बार हम उन्हें सेवा का उपहार देंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते, हम सब उनकी सेवा करेंगे। उनके लिए हम अपने घर से खाना लेकर जाएंगे। उनके लिए जूस और फल भी ले जाएंगे।' ओजस ने दोस्तों से कहा।

अगले दिन से ही सभी बच्चे सांता बाबा की सेवा में लग गए। बच्चों की सेवा-भाव और प्रेम पाकर सांता बाबा 25 दिसंबर से पहले ही ठीक हो गए। उन्होंने बच्चों से कहा, 'तुम सब ने मेरी जो सेवा की, उसी का परिणाम है कि मैं अब स्वस्थ हो गया हूं। अब क्रिसमस के दिन मेरे घर पर बड़ी पार्टी होगी। तुम सबने तो क्रिसमस से पहले ही मुझे बहुत अनोखा सा उपहार दे दिया है। अब मेरी बारी है, तुम सब को उपहार देने की।'

बच्चे यह सुनकर बहुत खुश हुए कि हर बार की तरह इस बार भी उन्हें क्रिसमस पर मिस्टर डिसूजा के हाथों उपहार मिलेंगे। *

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां स्कीइंग करते हुए बच्चे के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 10 अंतर हैं। पांच मिनट में सभी अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।





उत्तरः 1-बच्चे की टोपी का पॉम-पॉम गोल आकार में है। 2-टोपी में बीच की नीली लाइन गायब है। 3-आइब्रोज के बीच में माथे पर सिर के बाल आ रहे हैं। 4-बच्चे के दाएं हाथ के ग्लव पर निशान है। 5-दाएं हाथ में पकड़े स्की स्टिक के नीचे वाले हिस्से की डिजाइन में अंतर है। 6-बाएं हाथ से पकड़े स्की स्टिक की डोर लटकी दिख रही है। 7-जैकेट पर गाढ़े हरे रंग का पैटर्न नहीं है। 8-बाएं पैर के पैंट में पॉकेट दिख रही है। 9-दाएं पैर की पैंट पर हल्के नीले रंग की लाइन की डिजाइन नहीं है। 10-बाएं पैर वाले स्कीइंग बोर्ड पर लहर वाली डिजाइन की संख्या में अंतर है।

## चित्र पूरा करो

यहां पर बर्फबारी में मस्ती करते बच्चों का एक अधूरा चित्र दिया गया है। चित्र को पूरा करने के लिए साइड में चार कटआउट्स रखे हैं। जल्दी से सारे कटआउट्स को सही जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : A-1, B-2, C-4, D-3

# चैंपियंस लीग : पीएसजी अंतिम-16 में पहुंचा, पोर्टो ने भी नॉकआउट में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| जिनेवा

पेरिस सेंट जर्मेन ने ग्रुप एफ में बोरुसिया डोर्टमंड से 1-1 के ड्रा के बावजूद चैंपियंस लीग के नॉकआउट में जगह बनाई जिसमें न्यूकासल की हार का अहम योगदान रहा। पीएसजी ने ग्रुप एफ में शीर्ष पर रहे बोरुसिया डोर्टमंड से ड्रा के बावजूद दूसरा स्थान हासिल करने में सफलता हासिल की क्योंकि न्यूकासल की टीम घरेलू मैदान पर एसी मिलान से 1-2 से हार गई।

पोर्टो ने भी सोमवार को शखतर दोनेतस्क पर 5-3 की जीत से राउंड-16 में प्रवेश किया क्योंकि उसे ऐसा करने के लिए जीत की दरकार थी। बोरुसिया डोर्टमंड ने करीम एडेयेमी के 51वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त बनाई जिसके बाद 17 वर्षीय वारेन जायर एमेरी ने 56वें मिनट में पीएसजी के लिए बराबरी गोल दागा।



### न्यूकासल हारकर बाहर

न्यूकासल ने 33वें मिनट में जोलिंटन की मदद से बढ़त बना ली थी फिर एसी मिलान ने क्रिस्टियन पुलिसिच के 59वें मिनट में किए गोल से बराबरी हासिल कर सैमुअल चुकवुएजे (84वें मिनट) के गोल से जीत दर्ज की। न्यूकासल इस हार के बाद मैनचेस्टर यूनाईटेड की तरह घरेलू मैदान में हारकर बाहर हो गया।



### छह के बजाय आठ मैच

2024-25 चैंपियंस लीग में प्रत्येक टीम छह के बजाय आठ मैच खेलेगी जिसमें वह अलग अलग प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ उतरेगी। फिर शीर्ष आठ टीम जनवरी 2025 में वरीयता ड्रा के हिसाब से 16 टीम के नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी जैसा कि एक टेनिस टूर्नामेंट में होता है। वहीं तालिका में नौ से 24वें स्थान पर काबिज टीमों की जोड़ी बनाकर दो चरण का प्लेऑफ होगा जिसके बाद राउंड 16 की अन्य टीम तय होंगी।

### अंतिम-16 का ड्रा

*अंतिम-16 का ड्रा सोमवार को यूएफा मुख्यालय में होगा जिसमें आठ पूर्व चैंपियन क्लब शामिल हैं। राउंड-16 में जगह बनाने वाले वरीय क्लब आर्सेनल, एटलेटिको मैड्रिड, बार्सिलोना, बायर्न म्यूनिख, बोरुसिया डोर्टमंड, गत चैंपियन मैनचेस्टर यूनाईटेड, रियल मैड्रिड, रियल सोसिडाड हैं जबकि गैर वरीय क्लबों में कोपेनहेगन, इंटर मिलान, लाजियो, आरबी लेपजिग, नापोली, पेरिस सेंट जर्मेन, पोर्टो और पीएसवी एंधोवेन शामिल हैं। चैंपियंस लीग ग्रुप में तीसरे स्थान पर रही टीमें दूसरे टीयर की यूरोपा लीग के लिए फरवरी में नॉकआउट प्लेऑफ में खेलती रहेंगी।*

## खबर संक्षेप



### बांह पर काली पट्टी बांधकर उतरे ख्वाजा

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को उन जूतों को पहनने की अनुमति नहीं दी गई जिस पर उन्होंने 'सभी जीवन समान हैं' का संदेश लिखा था जिससे वह पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बांह पर का काली पट्टी बांधकर उतरे। आईसीसी ने बुधवार को ख्वाजा को उन जूतों को पहनने की अनुमति नहीं दी जिस पर उन्होंने जाहिर तौर पर गाजा के संदर्भ में कुछ संदेश लिखे थे। आईसीसी के नियम टीम की पोशाक या उपकरणों पर राजनीति या धार्मिक बयान के प्रदर्शन की अनुमति नहीं देते हैं।

### बशीर ने मैकुलम को नजरअंदाज किया

**लंदन।** इंग्लैंड के युवा ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने कुछ दिन पहले न्यूजीलैंड के 'डायलिंग कोड नंबर' से एक 'मिस्ड कॉल' देखी और



उन्होंने इसे यह समझते हुए नजरअंदाज किया कि यह किसी ने ऐसे ही कर दिया होगा। छह प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके बशीर ने सपने में भी नहीं सोचा था कि यह नंबर न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैकुलम का हो सकता है और इंग्लैंड की टेस्ट टीम का कोच उन्हें टीम में चुने जाने की रोमांचक खबर देने के लिए फोन कर रहा था। बशीर ने बताया, 'मैंने नंबर देखकर सोचा, 'ये कौन है'? यह कोई ऐसा ही कोई नंबर हो सकता है।'

### 'क्रॉनिक किडनी' रोग से पीड़ित हैं कैमरन

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया के आल राउंडर कैमरन ग्रीन ने खुलासा किया कि जब वह पैदा हुए थे तो वह



'इररिवर्सिबल क्रॉनिक किडनी' रोग से पीड़ित थे। आस्ट्रेलिया के इस दुबले पतले हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा कि एक समय उनके 12 साल से ज्यादा जीने की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के कोई लक्षण नहीं होते और इसमें किडनी को ठीक भी नहीं किया जा सकता। ग्रीन ने कहा, 'जब मेरा जन्म हुआ तो मेरे माता पिता को बताया गया कि मुझे 'इररिवर्सिबल क्रॉनिक किडनी' बीमारी है जिसके कोई लक्षण नहीं होते लेकिन अल्ट्रासाउंड के जरिए इसका पता चला।'

### भारत की दृष्टिबाधित महिला टीम ने जीती श्रृंखला

**मुंबई।** सुषमा पटेल की 37 गेंद में 45 रन की पारी की बदौलत भारत ने गुरुवार को चौथे टी20 मुकाबले में नेपाल को यहां सात विकेट से हराकर



दृष्टिबाधित महिलाओं की पांच मैच की द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली। नेपाल की टीम टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी। मेहमान टीम ने कप्तान बिंता पुन की 69 रन की पारी और मानकेशी चौधरी के साथ उनकी 101 रन की साझेदारी से 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया।

## क्रिकेट : शुभा, जेमिमा, यास्तिका और दीप्ति का शानदार अर्धशतक

# टेस्ट में भारतीय महिला टीम का धमाका स्टंप तक सात विकेट पर बनाए 410 रन

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

भारतीय महिला टीम ने बल्ले से आक्रामक प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक सात विकेट पर 410 रन का विशाल स्कोर बना लिया। करीब दो साल में पहला टेस्ट और अपनी सरजमीं पर नौ साल में लाल गेंद का अपना पहला मैच खेल रही भारतीय टीम ने डीवाई पाटिल स्टेडियम की बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर दमदार खेल दिखाया और प्रति ओवर लगभग पांच रन जोड़े।

पर्दापण कर रही चौबीस साल की शुभा सतीश ने शानदार फुटवर्क के साथ गेंदबाजों की लाइन एवं लेंथ को अच्छी तरह पढ़ते हुए 76 गेंद में 13 चौकों से 69 रन की पारी खेली। उन्होंने करीब 91 के स्ट्राइक रेट से रन जुटाए। इस तरह शुभा पदार्पण में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की 12वीं बल्लेबाज बन गईं। सोफी एक्लेस्टोन ने उन्हें नैट साइवर ब्रंट के हाथों कैच आउट कराया। डेब्यू में जेमिमा रोड्रिग्स ने भी अपने अनुभव के दम पर 68 रन की पारी के दौरान 11 चौके जमाए।




**शुभा और जेमिमा ने जोड़े 115 रन**

शुभा और जेमिमा ने तीसरे विकेट के लिए रिकॉर्ड 115 रन की साझेदारी निभायी। शुभा और जेमिमा के बीच यह भागीदारी तीसरे विकेट के लिए टेस्ट क्रिकेट में दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी बन गई है। भारतीय टीम कई रिकॉर्ड बनाने के करीब थी लेकिन चूक गई।




**यास्तिका भाटिया : 66 रन**



### हरमनप्रीत और यास्तिका का तूफान

*भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीप शॉट से शुरुआत की और वह अच्छी फॉर्म में दिख रही थीं लेकिन एक रन लेने के प्रयास में डैनी वियाट के थ्रो ने उन्हें रन आउट कर दिया। हरमनप्रीत ने 81 गेंद में छह चौकों की मदद से 49 रन बनाए। पर उन्होंने और यास्तिका भाटिया (66 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की जो भारत के लिए इस प्रारूप में दूसरी सबसे बड़ी भागीदारी है। यास्तिका ने भी तेजी से रन जुटाए और वह कभी भी जोखिम लेती हुई नहीं दिखीं। बायें हाथ की विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपनी पारी के दौरान 10 चौके और पारी का एकमात्र छक्का भी जड़ा।*

### दीप्ति का भी अर्धशतक

*यास्तिका को अपने दूसरे ही टेस्ट में अर्धशतक से संतोष करना पड़ा। लॉरेन ने दूसरी बार इसी गेंदबाज की गेंद पर उसी जगह उनका कैच लपकने में गलती नहीं की। दीप्ति शर्मा (60 रन) और स्नेह राणा (30 रन) ने मिलकर इंग्लैंड की गेंदबाजों की परेशानी और बढ़ाई। इन दोनों ने सातवें विकेट के लिए 92 रन जोड़े जिससे भारतीय टीम 400 रन के पार पहुंच गई। इंग्लैंड ने 94 ओवर डाले और भाग्य ने भी उनका साथ नहीं दिया क्योंकि उसकी क्षेत्ररक्षकों ने आउट करने के कुछ मौके गंवाए और उनके दोनों डीआरएस भी खराब हो गए।*

## छह विदेशी खिलाड़ियों के नियम का पालन करेगा सुपर कप

***नई दिल्ली।*** *अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने गुरुवार को घोषणा की कि कलिंगा सुपर कप टूर्नामेंट एएफसी के छह विदेशी खिलाड़ियों के नियम का पालन करेगा। इसमें भाग लेने वाली 16 प्रतिभागी टीम अपने शुरुआती लाइनअप में छह विदेशी खिलाड़ियों को शामिल कर सकती हैं जिसमें से एक एशिया से हो। यह एएफसी क्लब प्रतियोगिता के दिशानिर्देशों के अनुसार ही है। एआईएफएफ ने कहा, 'यह फैसला इस बात को ध्यान में रखते हुए लिया गया है कि कलिंगा सुपर कप की विजेता टीम 2024-25 एएफसी चैंपियंस लीग 2 के लिए क्वालीफाई करेगी।' इंडियन सुपर लीग 'तीन प्लस एक' नियम का पालन करती है लेकिन शीर्ष स्तर की लीग छह विदेशी खिलाड़ियों को रखने की अनुमति देती है। इंडियन सुपर लीग के 12 क्लबों को सीधे प्रवेश मिला है जबकि बची हुई चार टीम के निर्धारण के लिए आई लीग फ्रेंचाइजी क्वालीफायर खेलेंगी। टीम को चार ग्रुप में विभाजित किया गया है जिसमें से शीर्ष चार सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।*

## रॉयल्स टीम पर जुर्माने की कटौती बरकरार

***मुंबई।*** *बॉम्बे उच्च न्यायालय ने इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के मालिकों पर कथित वित्तीय अनियमितताओं के लिए लगाए गए जुर्माने को कम करने के एक न्यायाधिकरण के आदेश को बरकरार रखा है। न्यायाधिकरण ने जुर्माने की 98 करोड़ रुपए की राशि को घटाकर 15 करोड़ रुपये करने का आदेश पारित किया था। न्यायमूर्ति के आर श्रीराम और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर की गई अपील को खारिज कर दिया जिसमें उसने 11 जुलाई 2019 को न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी।*

# वॉर्नर ने बनाया 26वां टेस्ट शतक आलोचकों के मुंह पर जड़ा तमाचा



एजेंसी ▶▶| पर्थ

पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में डेविड वॉर्नर ने गुरुवार को शानदार शतक जमा दिया है। वॉर्नर का टेस्ट में यह 26वां शतक है। वॉर्नर का पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में यह छठा शतक है। ऐसा कर वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में जावेद मियांदाद, एलन बॉर्डर, ग्रेग चैपल की बराबरी कर ली है। वहीं, रिकी पोंटिंग ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में 5 शतक लगाए थे। यानी वॉर्नर ने 6 शतक लगाकर पोंटिंग के

### 49वीं इंटरनेशनल सेंचुरी

इंटरनेशनल क्रिकेट में वॉर्नर का यह 49वां शतक है। वॉर्नर ने अबतक पाकिस्तान के खिलाफ 11 टेस्ट मैच ही खेले हैं और 6 शतक लगाकर धमाका कर दिया है। वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट में बतौर ओपनर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। उनसे आगे इस मामले में सुनील गावस्कर (33), एलिस्टेयर कुक, मैथ्यू हेडन (30), ग्रीम स्मिथ (27) हैं। वॉर्नर ने बतौर ओपनर यह 26वां शतक लगाया है। वहीं, वॉर्नर दुनिया के इकलौते ऐसे ओपनर बल्लेबाज हैं जिनके नाम टेस्ट और वनडे में 20 से ज्यादा शतक दर्ज है।

### चयन पर हुआ था हंगामा

बता दें कि वॉर्नर के टेस्ट कॅरियर का यह आखिरी सीरीज है। टेस्ट सीरीज से पहले उनके चयन को लेकर काफी हंगामा पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने बरपाया था लेकिन डेविड वॉर्नर ने शतकीय पारी खेलकर आलचना करने वाले सभी लोगों के मुंह में ताला लगा दिया है।

### ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर बनाए 346 रन

*सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अपनी विदाई टेस्ट श्रृंखला में शानदार शतक जड़ा जिससे आस्ट्रेलिया ने गुरुवार का यहां तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले के शुरुआती दिन पाकिस्तान के कम अनुभवी गेंदबाजों के खिलाफ स्टंप तक पांच विकेट पर 346 रन बना लिए। वॉर्नर ने 211 गेंद में 164 रन की शतकीय पारी खेली और यह उनका साल का पहला टेस्ट शतक था जिससे उन्होंने कप्तान पैट कमिंस के उछाल भरी पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले को सही साबित किया। सैंतीस साल के वॉर्नर अपने गृहनगर सिडनी में अंतिम टेस्ट के बाद संन्यास ले लेंगे।*


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

**/ /द्वितीय निविदा सूचना आमंत्रण //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | पी.आर.ओ.-532 दिनांक 14/12/2023 | संभाग क्र. 14 महाराजा अग्रसेन वार्ड अंतर्गत विकास नगर जगदम्बा कालोनी में विभिन्न स्थानों में पेवर ब्लॉक कार्य । | 02 माह रू 4.22 | 2000/- 4220/- | 24/12/2023 |
| 2 | पी.आर.ओ.-532 दिनांक 14/12/2023 | संभाग क्र. 14 डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड क्र. 40 के अंतर्गत सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य । | 02 माह रू4.04 | 2000/- 4040/- | 24/12/2023 |
| 3 | पी.आर.ओ.-532 दिनांक 14/12/2023 | संभाग क्र. 14 महाराजा अग्रसेन वार्ड में विभिन्न स्थानों पर पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य । | 02 माह रू 7.63 | 2000/- 7630/- | 24/12/2023 |
| 4 | पी.आर.ओ.-532 दिनांक 14/12/2023 | संभाग क्र. 14 महाराजा अग्रसेन अंतर्गत राजीव गांधी बस्ती में विभिन्न स्थानों पर पेवर ब्लॉक कार्य । | 02 माह रू 3.96 | 2000/- 3960/- | 24/12/2023 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री संभाग क्र. 14
नगर पालिक निगम, जबलपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)

NIT क्रं. 44(E.T.)/निर्माण/न.पा.नि./2023-24 — सतना दिनांक-13/12/2023

**/ /निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र.व. जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | वार्ड क्रं. | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 44/01 13.12.2023 | 2023_UAD_319624_1 | पेवर्स रोड निर्माण रब्बू लोनिया से पिल्लू लोनिया (रेल्वे लाइन के पास) (द्वितीय काल) | .10 | 4,44,980/- | 8,900/- | 2,000/- | 02 माह |
| 2. | 44/02 13.12.2023 | 2023_UAD_319625_1 | आ.सी.सी नाली निर्माण रब्बू लोनिया से पिल्लू लोनिया (रेल्वे लाइन के पास) (द्वितीय काल) | .10 | 3,00,035/- | 6,100/- | 2,000/- | 03 माह |
| 3. | 44/03 13.12.2023 | 2023_UAD_319627_1 | मरम्मत कार्य शासकीय आवास कृष्णनगर कालोनी में (द्वितीय काल) | 24 | 4,80,292/- | 9,700/- | 2,000/- | 02 माह |

शर्तें:- 1. निविदा प्रपत्र वबसाईट https://mptenders.gov.in पर दिनांक 14.12.2023 समय 15:30 से दिनांक 30.12.2023 शाम 17:30 बजे तक ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** सी/16/एनजीपी/2023-2024
**कार्य का नाम:** एडीईएन / ट्रैक / नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत एचपी/रेल/स्लीपर प्रकार की छोटे पुलों को आरसीसी बॉक्स प्रकार के पुलों से बदलना।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,52,53,122/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,76,300/-

**2. निविदा क्र.:** सी/17/एनजीपी/2023-2024
**कार्य का नाम:** एडीईएन / तुमसर रोड के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत नागपुर-दुर्ग मुख्य लाइन पर रेल/स्लीपर ओपनिंग प्रकार के क्रॉस्ड ड्रेन को आरसीसी बॉक्स प्रकार के पुलों से बदलना।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,53,80,222/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,76,900/-

**3. निविदा क्र.:** ई/22/एनजीपी/2023-2024
**कार्य का नाम:** गोंदिया स्टेशन पर मौजूदा पुराने लीकेज वाले एम.एस. टैंक के प्रतिस्थापन हेतु 2,25,000 लीटर क्षमता के आरसीसी ओएच टैंक का प्रावधान।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 96,36,225/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,92,700/-

**4. निविदा क्र.:** एस/23/एनजीपी/2023-2024
**कार्य का नाम:** (1) डीजल लोको शेड, मोतीबाग में WAG7/WAG3A लोकोमोटिव के कॉम्पोनेंट्स ओवरहालिंग के लिए सुविधाओं का विस्तार। (2) एडीईएन (वर्क्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत जीएसडी एमआईबी में गोदाम की छत की शीट का प्रतिस्थापन।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 53,00,089/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,06,000/-

**5. निविदा क्र.:** एस/24/एनजीपी/2023-2024
**कार्य का नाम:** (1) स्टाफ क्वार्टरों की क्षतिग्रस्त छत की एसी शीट को बदलना। (2) जी-सीएएफ (बीजी) सेक्शन में प्लेटफार्म पर स्टाफ कॉलोनी की पानी की टंकी की सफाई। (3) एडीईएन, नागभीड़ के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत जी-सीएएफ (बीजी) सेक्शन में पुल क्रमांक 159 और पुल क्रमांक 68 के पियर्स के आसपास स्कोरिंग की मरम्मत।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 51,60,442/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,03,200/-

**6. निविदा क्र.:** एस/25/एनजीपी/2023-2024
**कार्य का नाम:** एडीईएन / नागभीड़ के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत जी-सीएएफ (बीजी) में लेवल क्रॉसिंग में सुधार।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 84,48,758/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,69,000/-

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता मूल / संशोधित बोलियां दि. **05.01.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मंडल अभियंता - दक्षिण,
AIM/41-190 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अधिकारी डाल रहे गेंद पुलिस के पाले में

# करोड़ों की धान गायब फिर भी नहीं हो पाई एफआईआर

हरिभूमि,, जबलपुर।

समूचे मप्र में करोड़ों रुपये का धान घोटाला करने वाली गो ग्रीन कंपनी के खिलाफ जबलपुर में एफआईआर दर्ज नहीं होना रहस्य बन गया है। कंपनी द्वारा जबलपुर जिले में 8475.728 मीट्रिक टन धान का गबन किया है।f जसकी कीमत 16.443 करोड़ रुपये बताई जा रही है। गबन होने के बाद भी कंपनी पर कार्यवाही नहीं होना चर्चा का विषय बन गया है। अधिकारी गेंद पुलिस के पाले में डाल रहे हैं जबकि पुलिस का कहना है कि वेयरहाउस कारपोरेशन अधिकारियों द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है।

**पुलिस का कहना वेयरहाउस अधिकारी नहीं कर रहे सहयोग**

गौरतलब है कि वर्ष 2021-22 में धान भंडारण का ठेका अहमदाबाद की कंपनी गो ग्रीन को दिया गया था। जिसके द्वारा समूचे महाकौशल अंचल में धान का भंडारण किया था। ओपन केप में रखी धान अचानक से गायब हो गई, जिस पर संज्ञान लेते हुए म प्र वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कार्पोरेशन भोपाल द्वारा जबलपुर मंडल को एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश जारी किये गये थे। निर्देशों आने के पश्चात लगभग एक माह से अधिक का समय हो गया है, लेकिन अभी तक जबलपुर में एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है।

### गोसलपुर थाना में दर्ज होना एफआईआर-

जानकारी के मुताबिक गो ग्रीन कंपनी के खिलाफ जबलपुर के गोसलपुर थाना में एफआईआर दर्ज होना है। इसे अधिकारियों की लापरवाही का ही नमूना कहा जायेगा, जिसके चलते पुलिस आज तक एफआईआर दर्ज नहीं कर पाई है। कहा जा रहा है, लगातार पुलिस द्वारा



अधिकारियों से दस्तावेज उपलब्ध करके लिये बोला जा रहा है। लेकिन अधिकारियों द्वारा आज तक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाये है।

### बालाघाट सहित दो अन्य जिलों में भी प्रकरण दर्ज

मप्र वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कारपोरेशन के मुताबिक गो ग्रीन कंपनी द्वारा जबलपुर सहित मंडला, डिंडोरी, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर एवं कटनी में भी धान का भंडारण किया था। जिसमें मंडला, बालाघाट, और सिवनी में कंपनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। कंपनी के डायरेक्टर संतोष साहू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जबकि नरसिंहपुर, कटनी और जबलपुर में प्रकरण दर्ज होना बाकी है।

**फैक्ट फाइल**

**जबलपुर जिले में 7 जगह**

| | |
|---|---|
| 98700.283 | मीट्रिक टन धान जमा |
| 87 787.292 | मीट्रिक टन धान कंपनी द्वारा भुगतान |
| 8475.728 | कंपनी द्वारा धान का गबन |
| 16. 443 | करोड़ रूपये की धान का गबन |

**मंडला**

| | |
|---|---|
| 85278.259 | मीट्रिक टन धान जमा |
| 80251.070 | मीट्रिक टन धान का भुगतान |
| 2278.220 | मीट्रिक टन धान का गबन |
| राशि 4.42 | करोड़ रूपये की धान का गबन |

**बालाघाट-**

**10 स्थानों पर**

| | |
|---|---|
| 237735.955 | मीट्रिक टन धान जमा |
| 226309.291 | मीट्रिक टन धान कंपनी द्वारा भुगतान |
| 6632.048 | मैट्रिक टन धान गबन |
| 12.86 600 | करोड़ रूपये का गबन |

**इनका कहना है-**

मुझे इस बात की जानकारी है, मामले में विवेचना चल रही है। वेयर हाउस के अधिकारियों द्वारा दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। दस्तावेज उपलब्ध होते ही एफआईआर दर्ज की जायेगी।

**सूर्यकांत शर्मा**
**एएसपी ग्रामीण जबलपुर**

बालाघाट, मंडला और सिवनी में कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। जबलपुर में भी पुलिस द्वारा कुछ और दस्तावेज मांगे गये थे, जिन्हें भेज दिये गये हैं। अब पुलिस के ऊपर है कि वह कब प्रकरण दर्ज करती है।

**डी के हवलदार**
**मण्डल प्रबंधक डब्ल्यू एच सी जबलपुर**

### बाईक की टक्कर से 2 घायल

**जबलपुर।** बरगी थाना अतंर्गत टेमर पुल के पास एक बाईक ने दूसरी बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार दोनों युवक बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। टक्कर मारने वालों ने इलाज कराने का बोलकर घायलों को एक प्रायवेट वाहन से उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और अपनी बाईक से बरगी तरफ चला गया। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर निवासी योगेश कुमार करपे अपने दोस्त शिव तिवारी के साथ बाईक से बरगी डेम घूमने आए थे। डेम घूमकर शाम को वापस अपने घर जबलपुर आ रहे थे।

### चुटका परमाणु बिजली प्लांट शुरु करने मांग

**जबलपुर।** कॉप-28 जलवायु सम्मेलन में भारत सहित 200 देशों द्वारा वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन 43 प्रतिशत तक घटाने के निर्णय का स्वागत करते हुए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मांग की है कि अब चुटका परमाणु बिजली प्लांट शुरु करने हेतु तेज गति से कदम उठाये जाए, थर्मल पावर प्लांटस की जगह परमाणु तथा सोलर प्लांट को प्रदान करें। इसी से कार्बन उत्सर्जन घटेगा। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि थर्मल पावर प्लांटस की उम्र 40 साल की होती है। यदि उन्हें रिटायर नहीं किया गया तो बूढ़े प्लांटस में कोयला ज्यादा खर्च होता है तथा कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है। प्रदेश में ज्यादातर थर्मल प्लांटस बूढ़े हो रहे हैं, वर्तमान में मध्यप्रदेश में 90 प्रतिशत थर्मल पावर प्लांट से निरंतर कार्बन उत्सर्जन हो रहा है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को अनुमति प्रदान करने दिए निर्देश

# सिविल जज परीक्षाः प्रतिवर्ष 6 पेशियों की अनिवार्यता शिथिल

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सिविल जज परीक्षा के लिए तीन वर्ष की वकालत के अनुभव की पात्रता में शामिल प्रतिवर्ष 6 पेशियों की अनिवार्यता को शिथिल कर दिया। चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं को अनुमति प्रदान करने के निर्देश दिए।इंदौर निवासी नेहा कोठारी व अन्य अधिवक्ताओं ने सिविल जज की प्रवेश परीक्षा में लगी उस शर्तको चुनौती दी थी जिसमें पिछले 3 वर्ष में प्रति वर्ष कोर्ट में 6 पेशियों या ऑर्डर कॉपी का सबूत देने की बाध्यता थी। सिविल जज परीक्षा 14 जनवरी 2024 को आयोजित है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ राधेलाल गुप्ता एवं कपिल दुग्गल ने पक्ष रखा। सिविल जज परीक्षा के शामिल होने के लिए वैकल्पिक पात्रता के तहत विधि स्नातक की सभी परीक्षाओं में कुल मिलाकर न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक रखे गए हैं।

दलील दी गई कि 3 वर्ष की अनिवार्यता सप्रुम कोर्ट द्वारा दिए गए ऑल इंडिया जजेस एसोसिएशन के निर्णय दिए गए मानदंडों के विपरीत है। यह भी कहा गया कि



विधि स्नातक डिग्री में 70 प्रतिशत अकों की पात्रता, वह भी प्रथम प्रयास में एक ऐसी शर्त हैजो की असंवैधानिक है। अलग-अलग विश्वविद्यालयों, शासकीय एवं निजी लॉ कॉलेजों की अलग-अलग परीक्षाएं होती हैं, जिनमे अलग-अलग गणनाओं से अकं प्रदान किये जाते हैं। सभी को एक समान नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने 6 पेशियों को छोड़कर शेष पात्रता में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। इन मामलों में रजिस्ट्रार जनरल से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य अधिकारी उपस्थित हुए।

## ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण की संवैधानिकता को चुनौती पर सुनवाई आज

**जबलपुर**। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण की संवैधानिकता को चुनौती संबंधी याचिकाओं पर शुक्रवार, 15 दिसंबर को मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ की अध्यक्षता वाली युगलपीठ के समक्ष सुनवाई होगी। इसके साथ ही हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल सहित तीन अन्य रजिस्ट्रार के विरुद्ध दायर अवमानना याचिका की भी सुनवाई की जाएगी। अवमानना याचिका में ओबीसी मामला निर्धारित तिथि पर युगलपीठ के समक्ष सूचीबद्ध न किए जाने पर आपत्ति से संबंधित है। यह जानकारी हाई कोर्ट में ओबीसी का पक्ष रखने के लिए नियुक्त किए गए विशेष अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह ने दी। उन्होंने अवगत कराया कि ओबीसी मामले की त्वरित सुनवाई की मांग को लेकर मुख्य न्यायाीश को व हाई कोर्ट प्रशासन को एक पत्र लिखा गया था। जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि आरक्षण प्रकरण के लंबित होने के कारण सरकार व लोक सेवा आयोग द्वारा ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया जा रहा है।



# ऊर्जा संरक्षण के उद्देश्य को पूरा करने की जरूरत : तिवारी

जबलपुर।

**एम.पी. ट्रांसकों में ऊर्जा संरक्षण की ली गई शपथ**

एमपी ट्रांसको (एम.पी. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा है कि वर्तमान में नवाचार का व्यापक स्तर पर उपयोग कर के ऊर्जा संरक्षण हेतु प्रकृति के अनुरूप नई-नई तकनीकों को विकसित करना होगा,और इसे योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने की जरूरत है,तभी ऊर्जा संरक्षण का उद्देश्य सफल हो पायेगा। उन्होंने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों को अपने संदेश में कहा कि इस दिवस का उद्देश्य ऊर्जा के महत्य, बचत एव संरक्षण के साथ ही ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता लाना है।उन्होंने एम.पी ट्रासको के कार्मिकों का आव्हान किया कि वे योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्यालय के साथ घरेलू कार्यों में भी बिजली बचत को सर्वेच्च प्राथमिकता दें एवं अपने परिचितों को भी ऊर्जा संरक्षण के लिए भी प्रेरित करें। इस अवसर पर एम.पी. ट्रासकों के सभी विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने प्रबंध संचालक इंजी सुनील तिवारी के साथ ऊर्जा संरक्षण की शपथ ली।राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर प्रदेश भर के सभी एम.पी ट्रांसको के कार्यालयों, ट्रांसमिशन लाइन संधारण (टी एल एम), एवं सबस्टेशनों में प्रबंध संचालक इंजी सुनील तिवारी के संदेश का वाचन किया गया एवं सभी कार्मिकों ने ऊर्जा संरक्षण की शपथ ली गई।

# रेल परिसर में गंदगी फ़ैलाने वालों से 12 लाख जुर्माना वसूला

**जबलपुर**। रेलवे द्वारा नवम्बर माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 837 व्यक्तियों के मामले पकडे गए। जिनसे कुल 01 लाख 23 हजार 325 रुपये जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार वित्तीय वर्ष के बीते 08 माहों में कुल 8166 मामलों से 12 लाख 31 हजार 845 रुपये का जुर्माना वसूला गया । इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जा रही है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने के लिए अनुरोध भी किया जा रहा है। मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को जागरुक भी किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को



साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है।

## कोटा-इंदौर-कोटा एक्सप्रेस 15 दिन मक्सी-इंदौर के बीच आंशिक निरस्त

**जबलपुर**। पश्चिम रेलवे के बरलाई-मंगलिया गांव-लक्ष्मीबाई नगर यार्ड में लाइन दोहरीकरण कार्य के चलते कोटा-इंदौर-कोटा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस गाड़ी दोनों दिशाओ में 15 दिन मक्सी से इंदौर के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 22983/22984 कोटा-इंदौर-कोटा एक्सप्रेस दोनों दिशाओं में दिनांक 15.12.2023 से 30.12.2023 तक कोटा से मक्सी के बीच चलेगी अर्थात यह गाड़ी उक्त अवधि में मक्सी-इदौर के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।

# सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा बीता गुरुवार

## कड़ाके की ठंड का तड़का, शहर ठिठुरा

**जबलपुर**। गुरुवार 14 दिसंबर इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा, जब पारा ढाई के नीचे उतरा। इस सीजन में 26 नवंबर को पारा 9.7 डिग्री दर्ज किया गया था जबकि गुरुवार को पारा 9.1 डिग्री पर आया। इस सीजन में पहली बार लोगों को ठंड का एहसास हुआ। इस सीजन में अभी तक पश्चिमी विक्षोप की वजह से बारिश और गर्मी का माहौल बना रहा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले एक दो दिनों में पारा और नीचे खिसकने की संभावना है।



### स्कूली बच्चों की आफत..........

कड़के की ठण्ड से जन-जीवन प्रभावित है। रात में सड़कें जल्दी सूनी हो जातीं हैं और दिन देर से होता है। कड़के की ठण्ड में सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों की मुसीबत हो रही है। किसी को उसकी परवाह नहीं है। राज्य सरकार ने जिलों में स्थानीय हालातों को देखते हुए स्कूलों का समय निर्धारित करने और स्कूलें में अवकाश घोषित करने के अधिकार जिला प्रशासन को दे दिये हैं। जिला कलेक्टर ने स्कूलों को अपनी सुविधानुसार प्रातःकालीन कक्षाएं लगाने के आदेश जारी किए। उसके बाद स्कूल वालें मनमानी पर उतर आए और शालाएं सुबह 7.30 बजे से लग रही है। बच्चों को सुबह 6 बजे से उठकर तैयार होना पड़ रहा है उनके साथ अभिभावक भी परेशान हो रहे है। सुबह और भी कड़ाके की ठंड रहती है 8 बजे तक कोहरा छाया रहता है। लिहाजा प्रातः पाली का समय 8.30 बजे करने की मांग की जा रही है।

### ये रहे मौसम के हाल

उधर दूसरी ओर स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि देश के उत्तरी भागों में हुये हिमपात के कारण उत्तर दिशा से पांच से 2 से 3 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बर्फीली हवायें चल रही हैं। इन सर्द हवाओं की चुभन से सिहरन पैदा हो रही है। जबकि तापमान निरंतर नीचे लुढ़क रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान शहर का अधिकतम तापमान 25.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य रिकार्ड किया गया, इसी तरह न्यूनतमन तापमान 09.01 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। हवा में नमी प्रातकाल 75 प्रतिशत, सायंकाल 57 प्रतिशत आंकी गई। प्रदेश में सबसे कम 7 डिग्री सेल्सियस तापमान राजगढ़ जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घण्टों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 26.0 और न्यूनतम तापमान 09.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।


## 4 माह से सील बंद था पेट्रोल पंप

# पानी मिला पेट्रोल बेचने पर ढाई लाख का जुर्माना

जबलपुर।

पेट्रोल में पानी मिलने के बाद उपभोक्ताओं द्वारा किए गए हंगामे के बाद सील किए गए रामपुर स्थित साईं ऑटो मित्र पैट्रोल पंप पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने 2 लाख 58 हजार 9 सौ 40 रुपए का जुर्माना लगाया। पैट्रोल में पानी के साथ पंप में पाई गई तकनीकी खामियों के बाद सील किया गया पंप विगत 4 माह से बंद था। ज्ञात हो कि पंप से मिली शिकायतों के बाद 4 अगस्त 2023 को जिला आपूर्ति नियंत्रक के निर्देशन पर सहायक आपूर्ति अधिकारी संजय खरे मौके पर जांच के लिए पहुँचे। जांच के लिए पंप संचालक को मौके पर बुलाया गया लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। अगले दिन पंप में उनकी उपस्थिति में जांच की गई, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आईं।

पंप के दस्तावेजों की जांच में पाया गया है कि पेट्रोल पम्प को विस्फोटक विभाग से जो अनुज्ञप्ति मिली थी उसकी वैद्यता 31 दिसम्बर 2023 तक है। अनुज्ञप्ति के अनुसार पेट्रोल पंप



परिसर के लिए 20-20 किलोलीटर क्षमता के तीन भूमिगत गैस टाइट टैंक होने थे, जो विद्युत चलित, चालित हस्त चार डिस्पेंसिंग पम्पों से जुड़े होने थे। इसी तरह से पेट्रोल पंप परिसर के लिए 20 किलोलीटर क्षमता का एक भूमिगत गैस टाइट टैंक होना था, जो विद्युत चलित, हस्तचालित एक डिस्पेंसिंग पम्प से जुड़ा होना था। पम्प परिसर में एक्स्ट्रा प्रीमियम पेट्रोल का 20 किलोलीटर क्षमता का एक भूमिगत टैंक, सामान्य पेट्रोल के 20-20 किलोलीटर क्षमता के भूमिगत दो टैंक और डीजल का 2 किलोलीटर क्षमता का एक भूमिगत टैंक स्थपित पाया गया, जिसे पांच डिस्पेंसिंग यूनिटों से संयोजित किया गया है। डिस्पेंसिंग यूनिटों में एक्स्ट्रा प्रीमियम पेट्रोल के छह नोजल, सामान्य पेट्रोल के 10 नोजल और डीजल के चार नोजल लगे पाए गए हैं। इस प्रकार से पंप में स्थापित भूमिगत टैंक डिस्पेंसिंग पम्प एवं नोजल, विस्फोटक विभाग की अनुज्ञप्ति के अनुरूप स्थापित नहीं पाए गए। पंप संचालक के साथ प्रशासन ने आइओसी के सेल्स अधिकारी को नोटिस देकर जवाब तलब किया। पंप की ओर से संचालक ने कलेक्टर न्यायालय को बताया कि पंप 4 माह से बंद है जिससे अत्यधिक आर्थिक क्षति पहुँच रही हैं। कलेक्टर न्यायालय ने कहा कि इस संबंध में केवल उपभोव्ताओं को हो रही असुविधा के दृष्टिगत ही विचार किया जा सकता हैं। पंप संचालक द्वारा प्रस्तुत उत्तर पूर्णतया समाधानकारक न होने पर उनका उव्त कृत्य अपमिश्रण एवं स्टॉक अंतर एमएसएचएसडी आदेश 2005 की कंडिका 16 एवं 9 का उल्लंघन पाया गया जो आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 6 (क) के तहत कार्रवाई योग्य तथा सहपठित धारा 7 के अंतर्गत दण्डनीय पाते हुए उव्त आदेश जारी किया गया। प्रशासन की ओर से सहायक आपूर्ति अधिकारी संजय खरे ने तर्प प्रस्तुत किए जिनसे सहमत होते हुए जिलादण्डाधिकारी ने उक्त आदेश दिया।

### सिविक सेंटर को डम्पिंग यार्ड से मिली निजात

**जबलपुर**। सालों से बदबू गंदगी और बीमारी का पर्याय बने सिविक सेंटर में मौजद कचरे के पहाड़ से जबलपुर वासियों को मुव्ति मिल गई है। इस जगह से जहां कचरा पूरी तरह साफ किया गया, वहीं अस्थायी गारबेज स्टेशन भी हटा दिया गया है। गौरतलब है कि पहले यहां टिपर वाहनों से आसपास के कई वार्डों का कचरा लाकर इकट्ठा किया जाता था। जिसे कॉम्पेटर वाहनों में भरकर कठौंदा स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट ले जाया जाता था। नगर के बीचोंबीच कचरा इकट्ठा रहने के कारण गंदगी और बदबू के कारण लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। इस स्थल से लगी हुई चौपाटी भी है। नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी, भूपेन्द्र सिंह, सिविक सेंटर में कचरे के डम्पिंग ग्राउंड के कारण लोगों को होने वाली असुविधा को देखते हुए यहां से कचरा हटवाने के साथ ग्राउंड की सफाई कराई जा रही है। जल्दी ही यहां निगम के वर्पशॉप के वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था की जाएगी।

# चेक बाउंस के केस में निर्धारित प्रक्रिया का नहीं किया गया पालन

## अदालत ने दोष सिद्ध न पाते हुए दे दी राहत

**जबलपुर**। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अरविंद सिंह टेकाम की अदालत ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि चेक बाउंस के केस में निर्धारित प्रक्रिया का पालन आवश्यक है। इस मामले में परिवादी कटंगी रोड, माढ़ोताल थाना अंतर्गत कठौंदा, सूरतलाई निवासी नेमचंद यादव अनावेदक एपीआर कालोनी, कटंगी रोड, माढ़ाताल थाना अंतर्गत एमपीआर कालोनी, रामनगर, लम्ती करमेता निवासी सतीश कुमार दुबे के विरुद्ध आरोप प्रमाणित करने में असफल रहा, अतः दोषमुक्त किया जाता है। इस परिवाद की सुनवाई के दौरान अनावेदक सतीश कुमार दुबे की ओर से अधिवक्ता अभिषेक वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि परिवादी ने जरूरत के समय अनावेदक को आठ लाख रुपये उधार देने की जानकारी दी गई। साथ ही आरोप लगाया गया कि राशि वापस करने की मंशा से जारी किया गया चेक बैंक में डालने पर अनावेदक के खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण अनादृत हो गया। यह मामला 2018 से लंबित है। अब तक परिवादी पक्ष लगाए गए आरोपों को प्रमाणित करने में नाकाम रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि परिवाद पेश करने के सिलसिले में विहित प्रक्रिया का ठीक से पालन तक नहीं किया गया। साथ ही लगाए गए आरोप भी अनर्गल हैं। लिहाजा, अनावेदक राहत का हकदार है। अदालत ने मांग मंजूर कर ली।

## बिना कारण कोई प्रकरण लम्बित न रहेः एसपी

**जबलपुर**। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने थानों के रीडर व सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का काम देखने वाले कर्मचारियों को साफ हिदायत दी है कि बिना किसी कारण के कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट गन लायसेंस चरित्र सत्यापन के काम प्राथमिकता के आधार पर किये जाएं। श्री सिंह कंट्रोल रूम में पुलिस कर्मियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों से कार्य के दौरान आने वाल व्यवहारिक कठनाईयों को भी सुना और उनके समाधान के लिये आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायत को हर हाल में अटेंड किया जाए। जिन शिकायतों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, उन्हें थाना प्रभारी के संज्ञान में लाया जाए। हर शिकायत का संतुष्टी पूर्ण समाधान किया जाए। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक शहर श्रीमति प्रियंका शुक्ला, अतिरिव्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिव्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, अतिरिव्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिव्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, अतिरिव्त पुलिस अधीक्षक सोनाली दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में कार्य करने मे आ रही व्यवहारिक समस्याओं को सुना एवं सी.एम. हैल्प लाईन की शिकायतों की स्थिति जानी गई। सभी थाना प्रभारी को सीएम हेल्पलाई शिकायतों का संतुष्टी पूर्वक निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

### डिजिटल लॉकर को लेकर उच्च शिक्षा विभाग से आए निर्देश

# 1 हफ्ते के अंदर अपलोड करना होगी अंकसूची व डिग्री

**जबलपुर**। प्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा सभी विश्वविद्यालयों में डिजिटल लॉकर बनाए जाने की घोषणा किए जाने के बाद रादुविवि प्रशासन सहित प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालय भी हरकत में आ गए। उच्च शिक्षा विभाग से स्पष्ट निर्देश आए है कि सत्र 2023.24 से परीक्षा परिणाम जारी होने के 7 दिनों के अंदर अंक सूचियां व डिग्री डिजिटल लॉकर में अपलोड करना होगा। दरअसल, प्रदेश शासन की नई केबिनेट ने पहली बैठक में 13 दिसंबर को इस संबंध में निर्णय लिया था। जिसके बाद आनन-फानन में उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों को आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि रादुविवि में डिजिटल लॉकर पर विगत तीन वर्षे से काम चल रहा है। आरडीयू ने लगभग सभी विद्यार्थियों का डाटा डिजिटल लॉकर में अपलोड कर दिया है।

### एक माह में डाटा अपलोड करने निर्देश

उच्च शिक्षा विभाग ने समस्त शासकीय विश्वविद्यालयों को सत्र 2022.23 से निरंतर छात्रों की अंकसूची .डिग्री डिजीलाकर 1 माह के भीतर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में इस बात का भी हवाला दिया गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा शासकीय विश्वविद्यालयों में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए सत्र 2022.23 से निरंतर छात्रों की अंकसूची. डिग्री डिजीलाकर में अपलोड किए जाने के निर्देश दिए गए है। ताकि परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात छात्रों को डिग्री.अंकसूची डिजीटली उपलब्ध हो सके।

### क्या है डिजिटल लॉकर

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत सरकार द्वारा एक पहल है। इसका उद्देश्य पेपरलेस सिस्टम बनाना और एजेंसियों के बीच में ई.दस्तावेजों के आदान.प्रदान को सक्षम करना है। एक समय था जब किसी व्यव्ति को एक गजेटेड ऑफिसर द्वारा अटेस्डेट दस्तावोजों को प्रमाण के रूप में उपयोग करना होता था। अगर कोई व्यव्ति इन दस्तावेजो को गुम कर देता है तो इन्हें फिर से प्राप्त करना, समय लेने वाला और एक मुश्किल काम था। इन समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार ने सेल्फ.अटेस्ट के बजाय डिजी लॉकर के माध्यम से डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन और ई.साइन करने के प्रावधान किए हैं।

## सिहोरा के वार्ड क्रमांक छह के सभी शस्त्र लायसेंस निलंबित

**जबलपुर**। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने नगरीय निकाय के उप निर्वाचन के मद्देनजर नगर पालिका परिषद सिहोरा के वार्ड क्रमांक 6 के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र लायसेंस 16 जनवरी 2024 तक की अवधि के लिये निलंबित कर दिये हैं और सभी अनुज्ञप्तिधारियों को तत्काल अपने शस्त्र संबंधित पुलिस थाने या वैध शस्त्र डीलर के यहाँ सेफ कस्टडी में जमा करने के आदेश दिये हैं। नगर पालिका परिषद सिहोरा के वार्ड क्रमांक छह के उप चुनाव को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से आर्म्स एक्ट 1959 के प्रावधानों के तहत जारी इस आदेश में कहा गया है कि ऐसे समस्त शस्त्र लायसेंसधारी जो न्यायालय द्वारा जमानत पर छोड़े गये हैं, जिनकी आपराधिक पृष्ठभूमि रही हो, जो पूर्व में किन्ही दंगो अथवा कानून व्यवस्था भंग करने में संलिप्त रहे हों विशेषकर निर्वाचन कार्यक्रमों के दौरान, जो किसी भी निर्वाचन अपराध में संलिप्त रहे हों, संवेदनशील मतदान केंद्रों तथा वल्नरेबल क्षेत्रों के अंतर्गत निवास करने वाले सभी शस्त्र लाइसेंसधारी तथा जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी के निर्णय के अध्याधीन शेष शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्र सबंधित पुलिस थाने में अथवा वैध शस्त्र डीलर के यहाँ जमा करना होगा।

# भगवान राम की मूर्तियां बनाकर जलालुद्दीन बेहद खुश

## अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण जोरों पर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के दो मुस्लिम मूर्तिकारों ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के आगामी भव्य उद्घाटन के लिए भगवान राम की मूर्तियां तैयार की हैं। मोहम्मद जमालुद्दीन और उनके बेटे बिट्टू इन भव्य मूर्तियों को बनाने में लगे हुए हैं, जो राम मंदिर परिसर की शोभा बढ़ाएंगी। बाप और बेटे की इस जोड़ी के काम को पहले ऑनलाइन देखा गया। इसके कारण उन्हें अयोध्या से भगवान राम की मूर्तियां बनाने का एक ऑर्डर मिला। जमालुद्दीन ने बताया कि मिट्टी की तुलना में फाइबर की मूर्तियों की लागत अधिक होती है, मगर फाइबर की मूर्तियां हर तरह के मौसम का सामना कर सकती हैं और उनका जीवन काल अधिक होता है।

**मुस्लिम कलाकार बना रहे अयोध्या के मंदिर के लिए मूर्तियां**

» मिट्टी व फाइबर की बनाते हैं मूर्तियां

» मोहम्मद जमालुद्दीन और उनके बेटे बिट्टू बना रहे

### धर्म एक निजी चीज,सभी मिलकर रहें

जमालुद्दीन ने बताया कि यही सब खूबियां मिलकर उनको आउटडोर में लगाने के लिए सबसे पसंदीदा विकल्प बनाता है। एक आदमकद फाइबर मूर्ति की कीमत लगभग 2.8 लाख हो सकती है। वे इस परियोजना को लेने के बारे में असमंजस में थे, तो जमालुद्दीन ने कहा कि धर्म एक निजी चीज है। यहां विभिन्न धर्मों के लोग हैं। हम सभी को एक साथ रहना होगा।



### हम सांस्कृतिक सद्भाव को संजोते हैं

जमालुद्दीन ने कहा कि 'न केवल राम की, बल्कि मैंने मां दुर्गा और जगधात्री की भी विशाल मूर्तियां बनाई हैं, जिन्हें काफी लोकप्रियता भी मिली है। उन्होंने गर्व से कहा कि वह वर्षों से विभिन्न हिंदू देवताओं की फाइबर मूर्तियां बना रहे हैं और वे जिस सांस्कृतिक सद्भाव का प्रतिनिधित्व करते हैं, उसे संजोते हैं। बिट्टू ने बताया कि एक आदमकद प्रतिमा बनाने में 30 से 35 लोगों की टीम और लगभग एक से डेढ़ महीने का समय लगता है।



## खबर संक्षेप

### सीजेआई ने ठुकराई सत्येंद्र की जमानत अर्जी



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश ने दूसरी पीठ के समक्ष सूचीबद्ध आप नेता सत्येंद्र कुमार जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई टालने से इनकार किया। जैन की याचिका दूसरी बेंच के सामने पेंडिंग होने की दलील देकर अपील को खारिज करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध किसी केस में जज को निर्देश नहीं देंगे कि उन्हें क्या करना चाहिए? इस तरह मामला लटक गया है।

### अफजाल की लोकसभा सदस्यता होगी बहाल



**नई दिल्ली।** माफिया मुख्तार अंसार के भाई और लोकसभा सांसद रहे अफजाल अंसरी को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में उन्हें मिली 4 साल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने गाजीपुर सीट पर उपचुनाव पर की रोक लगा दी है।

### गद्दाम प्रसाद कुमार चुने गए तेलंगाना के स्पीकर



**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्ताधारी कांग्रेस के विधायक गद्दाम प्रसाद कुमार तेलंगाना विधानसभा के स्पीकर चुने गए हैं। गद्दाम का चुनाव निर्विरोध हुआ। प्रोटेम स्पीकर अकबरुद्दीन ओवैसी ने गद्दाम के नाम का ऐलान किया। प्रोटेम स्पीकर के एलान के बाद सीएम रेवंत रेड्डी, डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्का और विधायक केटी रामाराव उन्हें आसन तक ले गए।

### विशाखापत्तनम के इंडस अस्पताल में लगी आग



**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के इंडस अस्पताल के दूसरी मंजिला में आग लग गई। दमकल की गाड़ियां आग बुझाने के लिए घटनास्थल पर पहुंची। सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस आयुक्त रवि शंकर अय्यनर ने बताया कि आग दोपहर के 12 बजे लगी। जिस मंजिल में आग लगी, वहां 50 से 70 मरीज थे। सभी को निकाला गया।

### कराची बेकरी में सिलेंडर विस्फोट,15 लोग घायल



**हैदराबाद।** हैदराबाद में गुरुवार को एक बेकरी में गैस सिलेंडर विस्फोट हुआ। हादसे में कराची बेकरी शॉप में काम करने वाले पंद्रह कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। गगन पहाड़ इलाके में कराची बेकरी की रसोई में हुआ। बताया जा रहा है कि घायलों को अपोलो के डीआरडीओ में भर्ती कराया गया है।

---

कांग्रेस के रात्रिभोज में भाजपा के 3 विधायक

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने उनसे मांगा स्पष्टीकरण



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कांग्रेस विधायक दल की बैठक में आयोजित रात्रिभोज में भाजपा के तीन विधायक शामिल हुए। इसके बाद से कर्नाटक की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

कर्नाटक के भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने कांग्रेस के रात्रिभोज में अपने तीन विधायकों के शामिल होने को गंभीर मामला करार दिया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि वह उन विधायकों से स्पष्टीकरण मांगेंगे, जो कांग्रेस के रात्रिभोज में शामिल हुए थे। वहीं मामले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कहा कि भाजपा के विधायकों ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक में हिस्सा नहीं लिया था। वे उनके निमंत्रण पर बुधवार रात सिर्फ रात्रिभोज में ही शामिल हुए थे। वे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में क्यों आएंगे? वे हमारी पार्टी के विधायक नहीं हैं।

### कौन-कौन विधायक हुए शामिल?

*भाजपा के एमटी सोमशेखर, शिवराम हेब्बार और एमएलसी एच विश्वनाथ कांग्रेस की आयोजित पार्टी में शामिल हुए थे। इसके बाद से कर्नाटक की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं चल रही है कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले ये सभी सत्तारूढ़ कांग्रेस दल में शामिल हो सकते हैं। मई में विधानसभा चुनाव हारने के बाद से ही उन्होंने भाजपा और उसके आंतरिक मामलों से अपने मोहभंग को छिपाया नहीं था। बता दें ये तीनों विधायक 2019 में भाजपा में शामिल हो गए थे। इन्हीं विधायकों ने भाजपा एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली सरकार को गिराकर भाजपा के सत्ता में आने का मार्ग प्रशस्त किया था।*

### » विधायकों से चर्चा करूंगा: विजयेंद्र

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र ने कहा कि सुबह मुझे इसकी जानकारी मिली। मैं तत्काल ही उनसे बात करूंगा, चर्चा करूंगा कि उनकी मंशा क्या है, यह एक गंभीर मामला है। उन लोगों को स्पष्टीकरण देना होगा।



---

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद शुक्ला ने ली चुटकी तो अध्यक्ष धनखड़ ने दिया जवाब

# सोशल इंजीनियरिंग पर भी बात करें डिजिटल धोखाधड़ी का समाधान हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद राजीव शुक्ला ने बुधवार को राज्यसभा में उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के चेयरमैन जगदीप धनखड़ से चुटकी ली।

शुक्ला ने धनखड़ से कहा कि सारी मलाई तो आप ही खा रहे हैं। इस बात पर उपराष्ट्रपति मुस्कुराते नजर आए। शुक्ला ने राज्यसभा में सोशल मीडिया के जरिए किए जा रहे डिजिटल धोखाधड़ी का मुद्दा उठाया था। धनखड़ ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, आप जरा सोशल इंजीनियरिंग पर भी बात कीजिए, जिससे डिजिटल धोखाधड़ी से निपटा जा है।

शुक्ला ने अपना वक्तव्य खत्म करने से पहले धनखड़ को सोशल इंजीनियरिंग वाली बात पर जवाब दिया। शुक्ला ने कहा सभापति जी ने सोशल इंजीनियरिंग की बात की। सोशल इंजीनियरिंग का इनसे बड़ा उदाहरण कौन हो सकता है? राजस्थान के जाट होने के बावजूद उपराष्ट्रपति हो गए। सोशल इंजीनियरिंग की। दूसरी कौन खा रहा है? उपराष्ट्रपति तक कोई पहुंचा वहां से? माननीय मिर्धा जी डिप्टी चेयरमैन तक पहुंचे थे। आप से अच्छा उदाहरण और कौन हो सकता है।

### कांग्रेसी प्रमोद तिवारी से कहा- अब आप ही कुछ कहिए



**भाजपा सांसद घनश्याम बोले**

#### हीरे के पारखी तो नरेंद्र मोदी थे...

*शुक्ला की बात सुनकर धनखड़ हंसते रहे। इतने में भाजपा सांसद घनश्याम तिवाड़ी खड़े हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तारीफ करते हुए कहा कि हीरे के पारखी तो नरेंद्र मोदी थे, जिन्होंने आपको यहां पर बैठा दिया। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आप शेखावाटी के हैं और यहां तक पहुंच गए हैं।*

#### तिवारी बोले: इसे अन्यथा ही लें तो ठीक रहेगा

धनखड़ ने मुस्कुराते हुए कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी को कहा कि मैं आपको राजस्थान का ही मानता हूं। आप वहीं से चुनकर आए हैं। आप कुछ कहना चाहेंगे, मुझ पर मक्खन खाने का आरोप लगा है। मुझे लगता है प्रमोद तिवारी जी मुझे प्रोटेक्शन देंगे। उपराष्ट्रपति की बात सुनकर प्रमोद तिवारी खड़े हुए और सम्मानपूर्वक कहा कि सर इस बात को अन्यथा ही लिया जाए तो ठीक रहेगा।

### राज्यसभा में इंडिया गठबंधन ने किया वॉक आउट

इस दौरान विपक्षी दल यह विषय भी उठा सकते हैं कि संसद में घुसने वाले दोनों युवकों के लिए पास की व्यवस्था भाजपा के कर्नाटक से सांसद प्रताप सिम्हा द्वारा की गई थी। लोकसभा स्पीकर से विपक्षी दलों ने डिमांड की है कि वो गृह मंत्रालय से संसद की सिक्योरिटी को रिव्यू करने के लिए कहें और सिम्हा के खिलाफ एक्शन लें।गृह मंत्री द्वारा इस मसले पर जवाब की मांग न माने जाने पर राज्यसभा में विपक्षी इंडि?आ गठबंधन के सांसदों ने विरोध में वॉक आउट किया। खबर है गुरुवार को सभी दलों के नेता राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खडरगे के चेंबर में मिलेंगे और अपनी रणनीति तैयार करेंगे। वह इस मसले पर राष्ट्रपति से मिलने पर भी विचार कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि हम डिमांड करते हैं कि होम मिनिस्टर दोनों सदनों में आकर इस विषय पर जवाब दें। सवाल यह है कि दोनों युवक इतनी सुरक्षा के बीच अंदर कैसे आए और वहां कनस्तर से गैस छोड़ दी।

**सरकार से मांगा जवाब**

#### गृहमंत्री और प्रधानमंत्री संसद में दें वक्तव्य

विपक्षी सांसद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सुरक्षा में हुई चूक पर जवाब चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वहां एक सांसद है जो इन लोगों को अंदर आने के लिए पास उपलब्ध करवाता है। उस सांसद के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया है जबकि हमने देखा कि महुआ मोइत्रा के केस में क्या हुआ? इन्क्वायरी पूरी हुए बिना ही उनसे संसद की सदस्यता छीन ली गई। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहता है कि इस मसले पर पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह संसद में बोलें।

#### विपक्ष को डरा रही सरकार



नीतीश कुमार की पार्टी के सांसद राजीव रंजन सिंह ने कहा कि सांसदों को निलंबित करके सरकार अपना फेलियर छिपाना चाहती है और विपक्ष को डराना चाहती है। उन्होंने से कहा कि आपने उनके बर्ताव का तरीका देखा होगा। अगर संसद में एंट्री

#### पास जारी करने वाले पर एक्शन लें



कपिल सिब्बल ने कहा कि सरकार अगर विपक्ष नहीं चाहती है तो उसे पूरे विपक्ष को सस्पेंड कर देना चाहिए।गृह मंत्री आए और स्थिति पर जवाब दें, लोगों से कहें कि हम सभी सुरक्षित हैं और जिस सांसद ने पास जारी किए थे उनके खिलाफ एक्शन होगा।

#### विपक्ष की आवाज दबाना चाह रही सरकार: कार्ति



कांग्रेस के एक अन्य सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि सिर्फ इसलिए क्योंकि हम प्रदर्शन कर रहे हैं और डिमांड कर रहे हैं, हमारे 15 सांसद शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिए जाते हैं। हम चाहते हैं कि पीएम या एचएम घटना को लेकर बयान दें और बताएं कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे।

---

## आत्मनिर्भर भारत सेंटर फॉर डिज़ाइन



### विलुप्त कलाओं को फिर से संजो रहे

*नई दिल्ली। दिल्ली में बुधवार को लाल किला परिसर में ब्रिटिश काल के बैरक में स्थित 'आत्मनिर्भर भारत सेंटर फॉर डिजाइन' में एक कर्मचारी एक डिजाइन दिखाता है। भारत की पारंपरिक कला, देश-दुनिया के सामने विलुप्त होती कला को नई पहचान देने की पहल की जा रही है। आत्मनिर्भर भारत के तहत देश से वे कारीगर, जिनकी कला विलुप्त होती जा रही है। उन्हें डिजाइनर के साथ जोड़कर उनकी विलुप्त होती कला को दुनिया के सामने नई पहचान देने की शुरुआत की गई है। यहां 17 अलग-अलग कलाओं को एक साथ लाया है। 10 से ज्यादा राज्यों से कारीगर डिजाइन कर रहे हैं।*

---

नॉलेज गाइड: श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामला

# ढाई रुपए के स्टांप पेपर पर किया गया था समझौता तत्कालीन डीएम और एसपी ने रखी थी इसकी नींव

» *श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी ने 10 बिंदुओं का समझौता किया था*

एजेंसी ▶▶ मथुरा

श्रीकृष्ण जन्मस्थान की जिस ढाई एकड़ जमीन को ईदगाह कमेटी को ढाई रुपये के स्टांप पर समझौते के आधार पर देने का विरोध हो रहा है। उसकी नींव मथुरा में 1968 में तैनात रहे डीएम और एसपी ने रखी थी। उस वक्त शायद उन्होंने सोचा भी न होगा कि जिस समझौते को वह विवाद का निपटारा मान रहे हैं, वह खुद ही भविष्य में विवाद बन जाएगा।



### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष ने बताया

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह बताते हैं कि 15 मार्च 1832 को अताउल्ला खातिब ने कलेक्टर कोर्ट में एक मुकदमा दर्ज कराया था। 1815 में पटनीमल के नाम पर कटरा केशव देव की जमीन की नीलामी की गई थी, उसको रद्द कर मस्जिद की मरम्मत कराने की मांग की गई। 1968 में डीएम आरके गोयल,एसपी गिरीश बिहारी तैनात थे।

### 136 वर्ष पुराने प्रकरण को खत्म करने का रास्ता निकाला

उन्होंने 136 वर्ष पुराने केस को खत्म करने का रास्ता समझौते के तौर पर निकाला। डीएम और एसएसपी की मध्यस्थता पर 10 अगस्त 1968 को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी ने 10 बिंदुओं का समझौता किया था। सह सचिव देवधर शर्मा और फूलचंद गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। ईदगाह कमेटी की ओर से शहमर मलीह, डॉ. शाहबुद्दीन, आबिदुल्ला खां, मो. आकूल ने हस्ताक्षर किए थे। अधिवक्ता रज्जाक हुसैन थे। मुकदमों को एक किताब में संजोया गया है।

---

महिलाओं के लिए योजनाओं पर संवाददाता सम्मेलन में बोले डॉ.मांडविया

## देश में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, सुरक्षा और समान अवसर देने में तेजी से हुआ काम

# आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से 'लिंगानुपात' सुधरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नये भारत का निर्माण हो रहा है। इस नए भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए, उन्हें सुरक्षित और समान अवसर देने की दिशा में तेजी से काम हुआ है। देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पीएम मोदी ने सात विषयों पर विशेष रूप से काम किया है।

पहला उन्हें सुरक्षा दी गई, उन्हें संबल बनाने के साथ उनकी समृद्धि के लिए काम किया, आधी आबादी के अस्तित्व को स्वीकार करके उन्हें सुविधा उपलब्ध करना, महिलाओं की चिंता करने के साथ उन्हें निर्णायक भूमिका में लाने का काम किया गया है।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के कारण आज लिंगानुपात में सुधार होकर प्रति 1000 पुरुषों के मुकाबले 934 महिला हो गई है।



### महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मिशन

*उन्होंने बताया कि महिला के सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति चलाया गया। नारी अदालत की स्थापना की गई, मातृ वंदना योजना से सेहत पर ध्यान दिया गया। आज महिलाएं दस लाख तक बैंक से ऋण ले पा रही हैं और अपना काम शुरू कर रही हैं। सरकार की इस योजना के लाभार्थियों में 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। मुद्रा योजना के लाभार्थियों में भी 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।*

### 70 प्रतिशत आवास महिलाओं के नाम पर

डॉ. मांडविया ने कहा कि पीएम मोदी के लगभग दस साल के कार्यकाल में लोगों को चार करोड़ आवास दिए गए जिसमें 70 प्रतिशत आवास महिलाओं के नाम पर है।

### दो करोड़ महिलाओं को लखपति बना रहे

सरकार की लखपति दीदी योजना के तहत दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने की तरफ काम तेजी से चल रहा है। आज लोगों के पास बैंक अकाउंट है।

### महिलाओं को नमो ड्रोन दीदी की ट्रेनिंग

भारत सरकार की फर्टिलाइजर कंपनियां नमो ड्रोन दीदी को ट्रेनिंग दे रहे हैं। आने वाले दिनों में 15 हजार महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगी।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम

*मांडविया ने कहा यह जरूरी हैं कि महिलाओं को देश के विकास में भागीदार बनाया जाए इसके लिए ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करके महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित किया गया है।*

### महिलाओं को जीवन की जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई

मांडविया ने कहा यह जरुरी हैं कि सरकार ने दस करोड़ से अधिक गैस सिलेंडर महिलाओं को उपलब्ध कराया है। इसके साथ उनके घरों में पानी के नल लगा कर उन्हें सुविधा दी है। 12 करोड़ से अधिक महिलाओं को इज्जत घर उपलब्ध कराया गया है।जन औषधि केंदरो पर एक रुपए में सेनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराया गया है।

---

रसगुल्ले को गुलाब जामुन ने छोड़ा पीछे!

# लगातार 8वें साल भी बिरयानी स्विगी पर सबसे ज्यादा ऑर्डर

**नई दिल्ली।** लोगों को यह जानकर हैरानी होगी कि 2023 के पहले दिन एक जनवरी को ऑनलाइन फूड डिलिवरी एप स्विगी पर 4.3 लाख बिरयानी का आर्डर किया गया जबकि 83.5 नूडल्स आर्डर किए गए। 19 नवंबर, 2023 को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए वर्ल्ड फाइनल मैच वाले दिन देश में हर मिनट स्विगी पर 188 पिज्जा का आर्डर किया गया। स्विगी ने 2023 में अपने ऐप पर यूजर्स की ओर से आर्डर किए गए फूड के ट्रेंड को लेकर एक डेटा जारी किया है जिससे ये जानकारी सामने आई है।



### मुंबई के यूजर ने किया 42.3 लाख का फूड ऑर्डर

मुंबई के एक यूजर ने पहली जनवरी से लेकर 23 नवंबर के बीच अब तक 42.3 लाख का फूड आर्डर किया है। सबसे ज्यादा आर्डर चेन्नई, दिल्ली और हैदराबाद के यूजर अकाउंट्स से किया गया। रसगुल्ला से ज्यादा भारतीयों को अब गुलाब जामुन रास आ रहा है।

# एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव प्लान लॉन्च

**जबलपुर।** लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने एक नया प्रोडक्ट.एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव लॉन्च किया है। यह एक



गारंटीड सेविंग्स लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। यह प्लान अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने एवं उनके वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। आपको अपने पोर्टफोलियो में एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव क्यों शामिल करना चाहिए। पॉलिसी खरीदने के अगले महीने से ही एक गारंटीकृत तत्काल आमदनी का लाभ उठाने का विकल्प यह पूरी तरह लचीला (सुविधाजनक) होगा, जिसे आप अपने प्लान को तत्काल आमदनी, लंबी.अवधि की आमदनी, एकमुश्त या पीरियड लम्पसम (मनी बैक) जैसे लाभ प्राप्त करने के लिए कस्टमाइज़ कर सकते है।

## स्कोडा वाहनों में 2 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा

**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने 1 जनवरी, 2024 से अपने उत्पादों की कीमतें लगभग 2 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है। यह बढ़ोतरी स्कोडा ऑटो इंडिया के वाहनों की संपूर्ण श्रृंखला पर लागू होगी, जैसे कि कुशाक एसयूवी, स्लाविया सेडान और कोडियाक लक्जरी 4गुणा4। कीमतों में यह बढ़ोतरी आपूर्ति, इनपुट और परिचालन के लगातार बढ़ रहे खर्च के कारण की गई है।



# टर्टल वैक्स ने की प्लाहा ऑटोमोटिव्स के साथ साझेदारी

**जबलपुर।** टर्टल वैक्स, आईएनसी.,एक पुरस्कार विजेता शिकागो स्थित कार केयर कंपनी, ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में प्लाहा ऑटोमोटिव्स के साथ साझेदारी में एक और को-ब्रांडेड कार-केयर स्टूडियो के लॉन्च की घोषणा की, जो जसुजा सिटी के बगल में, अंधमूक बायपास चौक के पास, जबलपुर में स्थित है। अल्ट्रा-मॉडर्न टर्टल वैक्स डिटेलिंग तकनीकों और अत्यधिक योग्य और प्रशिक्षित सेवा कर्मियों की एक टीम से लैस, यह टर्टल वैक्स कार केयर स्टूडियो विशेष रूप से कार उत्साही लोगों के व्यक्तिगत पसंद को पूरा करने के लिए ड़िजाइन की गई कार डिटेलिंग सेवाओं और उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है। प्लाहा ऑटोमोटिव्स एमपी में कार की देखभाल और डिटेलिंग में वर्षों का कौशल उपलब्ध कराता है।

# जेम्स बॉन्ड फिल्म जैसा भारत का पहला अंटार्कटिका मिशन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत को अंटार्कटिका पर अपना वैज्ञानिक बेस स्थापित किए हुए 40 साल हो गए हैं। उस मिशन में शामिल सदस्यों ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में याद करते हुए बताया कि भारत के इस मिशन को टॉप सीक्रेट रखा गया था और यहां तक कि मिशन में शामिल लोगों को परिजनों को भी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। साथ ही मिशन में शामिल लोगों को ट्रेनिंग देने वाले लोगों को भी इसकी कोई जानकारी नहीं थी।



**पूरी तरह रखा गया था गुप्त**

बता दें कि भारत का पहला अंटार्कटिका मिशन साल 1981 में शुरू किया गया था, जिसमें 21 लोग शामिल थे। अंटार्कटिका मिशन पर जाने वाली टीम का नेतृत्व डॉ. एस जेड कासिम ने किया था। भारतीय वैज्ञानिकों ने गोवा से अपने मिशन की शुरुआत की थी और साल 1983 में भारत का पहला वैज्ञानिक बेस स्टेशन अंटार्कटिका में स्थापित किया गया था। इसे दक्षिण गंगोत्री नाम दिया गया। 1 दिसंबर का दिन दुनियाभर में अंटार्कटिका दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस मौके पर गोवा में नेशनल सेंटर फॉर पोलर एंड ओसीन रिसर्च (एनसीपीओआर) ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसी कार्यक्रम में भारत के अंटार्कटिका मिशन में शामिल लोगों ने मिशन से जुड़ी यादें साझा की। मिशन में शामिल रहे अमित्व सेन गुप्ता ने बताया कि 'मिशन को लेकर बैठकें बंद दरवाजों के पीछे होती थी। इन बैठकों में कैबिनेट सचिव, नेवी चीफ स्तर के अधिकारी शामिल होते थे। उन्होंने बताया कि मिशन में शामिल रहे लोगों को अपने परिवार को भी इसके बारे में ना बताने के निर्देश दिए थे। मिशन में शामिल रहे एसजी प्रभु मातोंडकर ने बताया कि उनमें मिशन को लेकर ऐसा भाव था कि वह देश के लिए कुछ कर रहे हैं।

## सोवियत संघ के मिशन के साथ भी जा चुके थे भारतीय वैज्ञानिक

बता दें कि भारत के पहले अंटार्कटिका मिशन से पहले भी भारतीय वैज्ञानिक सोवियत संघ के मिशन के तहत 1971 में भी अंटार्कटिका जा चुके थे। इस दल में डॉ. परमजीत सिंह शेरा शामिल थे। शेरा ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. विक्रम साराभाई ने उन्हें सोवियत मिशन पर जाने के लिए प्रेरित किया था।
अंटार्कटिका में भारतीय बेस बनाने वाली टीम के प्रमुख रहे डॉ. हर्ष के गुप्ता ने बताया कि तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने भी बेस बनाने में काफी मदद की थी।

# चीन के युवा 'भाग' रहे थाईलैंड, सालभर में 50 लाख की आबादी हो गई शिफ्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चीनी नागरिक झांग चुआनन ने अपने देश में सख्त जीरो-कोविड लॉकडाउन के दौरान नौकरी खो दी थी। नौकरी से निकाले जाने के बाद शंघाई में एक कॉस्मेटिक फर्म में अकाउंटेंट के रूप में काम करने वाले 34 वर्षीय झांग ने एक ऑनलाइन थाई पाठ्यक्रम के लिए 1,400 डॉलर का भुगतान किया, एक शिक्षा वीजा प्राप्त किया और सुंदर उत्तरी थाई शहर चियांग माई में चले गए। झांग उन युवा चीनियों की बढ़ती संख्या में से एक है, जो वैचारिक कारणों से नहीं बल्कि देश की अति-प्रतिस्पर्धी कार्य संस्कृति, सीमित अवसरों और बढ़ती बेरोजगारी से बचने के लिए विदेश जा रहे हैं।

## चीन ने महामारी के दौरान दुनिया के सबसे सख्त कोविड प्रतिबंधों को किया था लागू

### पसंद की वजह

चीन में लोकप्रिय सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों में, प्रभावशाली लोग और उनके वीडियो थाईलैंड में प्रवास करने के लाभों से भरे हुए हैं। सस्ते अंतरराष्ट्रीय स्कूलों से लेकर विदेशी स्थानों और किफायती स्वास्थ्य देखभाल तक थाईलैंड को एक स्वर्ग के रूप में पेश कर रहा है, जो सभी के लिए कुछ न कुछ वादा करता है। दक्षिण पूर्व एशियाई देश को यूरोप या उत्तरी अमेरिका की तुलना में आसान माना जाता है, जहां राज्य कई प्रकार के लांग-टर्म वीजा प्रदान करता है, जिसमें एक साल का भाषा पाठ्यक्रम भी शामिल है। इसकी लागत लगभग $700 से $1,800 के बीच बैठती है।



### थाईलैंड में कितनी चीनी आबादी

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में अनुमानित 7.1 मिलियन लोग हैं जो खुद को चीनी मानते हैं, जो दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे पुराना और सबसे महत्वपूर्ण जातीय चीनी समुदाय है। एक रिपोर्ट के अनुसार बीते एक साल में थाइलैंड में 5 मिलियन यानी 50 लाख चीनी नागरिक पहुंचे हैं। थाईलैंड के रियल एस्टेट सूचना केंद्र के अनुसार, चीनी पहले से ही थाईलैंड में संपत्ति के विदेशी खरीदारों के सबसे बड़े समूह के रूप में रैंक करते हैं, 2022 में औसतन $150,000 प्रत्येक की कीमत पर 3,500 से अधिक इकाइयां खरीदी गईं।

### स्टडी वीजा पर पहुंच रहे चीनी नागरिक

इसके अलावा थाईलैंड का एक साल का स्टडी वीजा प्राप्त करना अपेक्षाकृत आसान है। चियांग माई में पयाप विश्वविद्यालय में लगभग 500 चीनी लोगों ने इस वर्ष की शुरुआत में एक ऑनलाइन थाई पाठ्यक्रम शुरू किया। कई चीनियों के लिए, थाईलैंड को एक महत्वपूर्ण देश के रूप में देखा जाता है, जो विदेश में रहने के प्रयोग के लिए आदर्श है। चीन छोड़ने की बढ़ती इच्छा को चीनी मैसेजिंग ऐप वीचैट पर पैटर्न में देखा जा सकता है। चीनी भाषा मीडिया के अनुसार, "माइग्रेशन" सर्च करने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो अक्टूबर में एक दिन में 510 मिलियन तक पहुंच गई, जबकि जनवरी के अंत में "माइग्रेट थाईलैंड" को एक ही दिन में 300,000 से अधिक बार खोजा गया।

विदेशों में बढ़ते प्रवासन के बीच, थाईलैंड कई चीनी लोगों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बन गया है। चीन ने महामारी के दौरान दुनिया के सबसे सख्त कोविड प्रतिबंधों में से एक को लागू किया, जिससे करोड़ों लोगों को बेहद लंबे समय तक लॉकडाउन में रखा गया। इसके परिणामस्वरूप युवा उब गए और विदेश भागने के लिए उड़ान भरने लगे। 26 वर्षीय पूर्व बैंक कर्मचारी चेन ने एएफपी को बताया कि महामारी के दौरान लोगों में आजादी की इच्छा मजबूत हो गई. चीन की वित्तीय राजधानी शंघाई में सख्त लॉकडाउन से प्रभावित चेन के पास एक स्थिर, अच्छी तनख्वाह वाली नौकरी थी, लेकिन वह अपने आगे के करियर के रास्ते से नाखुश थी।

# महिला ने ही छीन ली रोबोट की नौकरी मशीन की तरह करती है काम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तकनीक अब वो अधिकतर काम आसानी से कर ले रही है जिसके लिए ह्यूमन रिसोर्स की जरूरत हुआ करती थी। ऐसे में पहले रोबोट्स और अब एआई के आने के बाद से बड़ी संख्या में नौकरियां जाने की बात कही जा रही है। दुनिया की कई कंपनियों ने तो इंसानों को नौकरी देने की जगह एआई से काम लेना शुरू भी कर दिया है। इस सब के बीच चीन की एक



महिला तो रोबोट की ही नौकरी खा जाने के चलते चर्चा में है। जी हां सही पढ़ा आपने, एक महिला रोबोट की तरह काम कर रही है। पहले खबर आई की चीन के चोंगकिंग के एक रेस्टोरेंट 'हॉटपॉट' में एक एंड्रॉयड वेट्रेस काम करती है यानी वो एक रोबोट है।

## राशिफल

**मेष** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। यात्रा से कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग

**मिथुन** आत्मविश्वास बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क** मन में निराशा एवं असन्तोष भी रहेगा। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**कन्या** कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आय में वृद्धि होगी।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी से मनमुटाव रहेगा।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती है। सचेत रहें। लाभ के अवसरों में बढ़ोतरी होगी।

**धनु** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर समुचित ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**मकर** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं से चिंतित रहेंगे।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु आलस्य की अधिकता भी हो सकती है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। साक्षात्कारादि में सफलता मिलेगी।

**मीन** संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। किसी क्षेत्र में निवेश के अवसर प्राप्त होंगे।

# शवों को जलाने के लिए करते हैं रात का इंतजार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हमारे देश में एक ऐसा भी गांव है, जहां पर अगर किसी की मौत हो जाती है तो उसे अंतिम संस्कार के लिए रात तक का इंतजार करना पड़ता है। जी, यह बिल्कुल सत्य है। इस गांव का नाम है बाघमारा, जो कि मेघालय राज्य के दक्षिण गारो हिल्स जिले में भारत-बांग्लादेश की सीमा के पास है। यहां पर किसी हिंदू परिवार के किसी प्रियजन की मौत हो जाती है तो उनको अंतिम संस्कार के लिए रात तक इसका इंतजार करना पड़ता है। यहां के लोगों ने हर जगह अपील की, प्रशासन से लेकर सरकार तक और हाईकोर्ट तक, लेकिन आज तक उनको एक छोटा सा जमीन का टुकड़ा मयस्सर नहीं हो पाया है, ताकि वे अपने प्रियजन का अंतिम संस्कार शांति के साथ कर सके।

## बांग्लादेश सीमा के पास चोरी छिपे होता है अंतिम संस्कार

### रात का इंतजार

बाघमारा गांव भारत-बांग्लादेश सीम पर बसा हुआ है। यहां पर करीब पांच से छह हजार हिंदू लोग रहते हैं। लेकिन यहां पर आजादी से लेकर आज तक हिंदूओं का कोई श्मशान घाट नहीं है। इसलिए यहां के लोगों को अंतिम संस्कर के लिए रात का इंतजार करना पड़ता है। ताकि वे रात के अंधेरे में चोरी छिपे अपने प्रियजन का अंतिम संस्कार कर सके। गांव के लोग बताते हैं कि पहले जो हिंदूओं का श्मशान घाट था, आजादी के बाद वह बांग्लादेश के हिस्से में चली गई है। फिर भी लोग वहीं जाकर अंतिम संस्कार करते थे लेकिन समस्या 2014 में तब खड़ी हो गई जब उस जगह पर बांग्लादेश ने सड़क का निर्माण कर दिया।



**आंखें भर आएंगी**

जैसे-जैसे शाम रात की आगोश में समाती जाती है, धीरे-धीरे परिजन मृतक देह को नहलाना धुलाना शुरू करते हैं। वैसे तो हिंदूओं में शाम ढलने के बाद दाह संस्कार की मनाही है लेकिन यहां और कोई चारा नहीं है। किसी तरह से तरह से वे लोग नदी के किनारे पहुंचते हैं, देखते हैं कि नदीं उफान पर है। लेकिन जल्दी से जल्दी अंतिम संस्कार का काम को खत्म करना है, कहीं बांग्लादेशी सैनिक देख नहीं लें। उफनती नदी पर पहले केले के बड़े-बड़े थंबों को नीचे लगाया जाता है। जब वह पानी से ऊपर आ जाता है तो उस पर लकडियां लगाई जाती हैं। उसके बाद किसी तरह से अंतिम संस्कार का काम किया जाता है। कोई भी इस दृश्य को देखता है तो उसकी आंखें भर आती हैं।

### अगले हफ्ते बुलाई है बैठकः डीसी

इस बारे में दक्षिण गारो हिल्सस, बाघमारा के डीसी शिवांश अवस्थी ने कहा है कि उनके ज्वाइन करने के बाद स्थानीय लोग इस संबंध में मिले थे। हिंदू समुदाय के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए जमीन मिले, इसके लिए मंगलवार को हमने सभी स्टेकहोल्डर्स की एक बैठक बुलाई है। पहले भी जमीन देने की कोशिश की लेकिन बहुत सी दिक्कतें आईं। यहां पर सबसे बड़ी दिक्कत है जमीन की, क्योंकि अंतिम संस्कार के लिए दी जानी है। इसके साथ ही बहुत सी चीजों का ध्यान रखना होता है। जल्द से जल्द लोगों को इस समस्या से निजात मिले, इसकी पूरी कोशिश जिला प्रशासन कर रहा है।

### हिंदूओं के श्मशान घाट का हर बार स्थानीय लोगों ने किया विरोध

वहीं, दूसरे तरफ यहां भारतीय क्षेत्र में हिंदूओं को श्मशान घाट के लिए जमीन कई बार दी गई लेकिन हर बार कोई न कोई परेशानी सामने आई। जैसा कि लोगों ने बताया सरकार ने 2019 में श्मशान के लिए जंगल में जमीन दी, जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया। इसके बाद 2022 में भारत-बांग्लादेश सीमा पर जमीन दिया गया, लेकिन बांग्लादेश ने इसका विरोध किया। इसके बाद फिर 2022 में ही म्यूनिसिपलटी गारवेज एरिया में जमीन दिया गया, जहां स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। तबसे लेकर जद्दोजहद चल रही है।

### हम भगवान से प्रार्थना करते हैं हमारी मौत यहां नहीं हो

समस्या का समाधान नहीं होने तक हिंदूओं को बांग्लादेश की सिमसंग नदी के किनारे जो हिस्सा बांग्लादेश में पड़ता है, वहीं चोरी-छिपे रात के अंधेरे में जोखिम उठाकर अंतिम संस्कार कर रहे हैं। अगर बांग्लादेश की बीजीबी को इसकी भनक पड़ी तो वे गोली भी चला सकते हैं। अगर किसी दिन ऐसा हुआ तो एक बड़ा हादसा हो सकता है, क्योंकि अंतिम संस्कार करने काफी संख्या में लोग जाते हैं।
तरह की परेशानी झेल रहे लोग कहते हैं, हम तो भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हमारी मौत यहां नहीं हो, जहां दो गज जमीन का टुकड़ा, अपने ही देश में मयस्सर ना हो।


### अगर दफनाओगे तो मिलेगी जमीन, जलाने नहीं देंगे

इस समस्या को लेकर यहां के हिंदू समाज ने कई बार राज्य प्रशासन और राज्य सरकार को आवेदन किया। प्रशासन ने भूमि भी मुहैया करवाई लेकिन जब श्मशान का निर्माण का समय आया तो यहाँ के स्थानीय ईसाई आदिवासी लोग विरोध में खड़े हो गए। नाम न बताने के शर्त पर कुछ लोगों ने बताया की मुख्यमंत्री ने भी यहाँ के श्मशान बनाने के लिए भूमि और राशी जारी की लेकिन स्थानीय आबादी के विरोध के कारण काम आगे नहीं बढ़ पाया। यहाँ के स्थानीय लोग उन्हें कहते है की अगर शव को दफनाओंगे तो हम तुम्हें भूमि देंगे लेकिन हम जलाने नहीं देंगे। क्योंकि इससे प्रदूषण होगा।

## पृथ्वी से 80 किमी ऊपर दिखी रहस्यमयी लाल बिजली

**नई दिल्ली।** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के एक अंतरिक्ष यात्री ने आसमान में चमकती रहस्यमयी लाल रोशनी को कैमरे में कैद कर लिया। डेनिश तकनीकी विश्वविद्यालय में थोर-डेविस प्रयोग के लिए कैमरे का उपयोग करते समय अंतरिक्ष यात्री एंड्रीज़ मोगेंसन ने उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले कैमरे से इन छवियों को कैप्चर किया। यह प्रयोग पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल में बिजली गिरने की जांच के लिए किया जाता है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इसका ग्रीनहाउस गैसों पर क्या प्रभाव पड़ता है और ग्लोबल वार्मिंग में इसका क्या योगदान है। दिखाई देने वाली लाल रोशनी को लाल स्प्राइट कहा जाता है। इसकी माप 14x26 किलोमीटर बताई जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रयोग का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक ओलिवर चेनेरियन के मुताबिक, एंड्रियास द्वारा खींची गई ये तस्वीरें अविश्वसनीय हैं।यह एक असाधारण घटना है जिसे क्षणिक चमकदार घटना कहा जाता है। इसे आमतौर पर लाल बिजली कहा जाता है। यह तूफानी बादलों के ऊपर गिरता है जो पृथ्वी की सतह से 40 से 80 किलोमीटर की ऊंचाई पर होते हैं। साधारण बिजली बादलों से ज़मीन तक जाती है, लेकिन यह दूसरी दिशा में जाती है। यह बादलों के माध्यम से चलता है और अंतरिक्ष में उगता है।यह एक मिलीसेकंड से भी कम समय में बहुत तेज़ी से झपकती है। ऐसे में किसी भी वैज्ञानिक के लिए इसे पकड़ना बहुत मुश्किल है। इस कारण इसका अध्ययन करना कठिन है। चूंकि यह घटना तूफ़ानी बादलों के ऊपर घटित होती है, इसलिए इसे पृथ्वी से देखना बहुत कठिन है। इसे अंतरिक्ष से बेहतर तरीके से देखा जा सकता है।

## शब्द पहेली - 5364



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार,जेल-4
8. पानी,नीर-2
9. मीन,मत्स्य-3
10. लक्ष्मी,कमला-2
11. कलाकार,फनकार-4
12. मर्द,मादा का विलोम-2
14. हसरत,मुराद-4
15. कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17. भूमि,धरती-3
19. मतवासा,मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना,भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप,सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर,अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र,बेटा-3
39. टौंटी,नलका-2
40. ललचाना,तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर,अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी,कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर,थाती-4
13. मिट्टी,धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़,द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट,मेल-मिलाप-4
30. दिया,दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया,नवीन-2

### शब्द पहेली - 5363 का हल



## सूडोकु नवताल - 5374

★★★★★ कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5373 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |



# रजनीकांत वेट्टैयन में अमिताभ के साथ आएंगे नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन, दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के साथ फिल्म वेट्टैयन में काम करते नजर आएंगे। हाल ही में रजनीकांत की अगली फिल्म थलाइवर 170 की घोषणा की गई है। फिल्म 'थलाइवर 170' को आखिरकार एक टाइटल मिल गया है। टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का नाम 'वेट्टैयन' रखा गया है। प्रोडक्शन बैनर लाइका प्रोडक्शंस ने टाइटल टीजर वीडियो में फिल्म के नाम का खुलासा किया है। फिल्म के टाइटल टीजर क्लिप में रजनीकांत स्टाइलिश रूप से काले धूप के चश्मे लगाए हुए दिखाई दे रहे हैं और कह रहे हैं, जब शिकार जारी है, तो शिकार को गिरना ही चाहिए।

लाइफ Style



# आलिया

## मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार पाने कई को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण से लेकर आलिया भट्ट और कियारा आडवाणी तक ने मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार्स की लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। पहली पोजिशन के लिए दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट में जोरदार फाइट देखने को मिली, लेकिन फाइनली आलिया भट्ट ने बाजी मार ली। वहीं दीपिका पादुकोण को टॉप 5 की लिस्ट में दूसरी पोजिशन मिली है।

ऑरमैक्स मीडिया द्वारा जारी की गई इस लिस्ट में कटरीना कैफ तीसरी, कियारा आडवाणी चौथी और आदिपुरुष, गणपत और शहजादा जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं एक्ट्रेस कृति सैनन को 5वीं पोजिशन मिली है। पिछले दिनों 'सत्यप्रेम की कथा' जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कियारा आडवाणी साल 2024 में 'वॉर-2' में नजर आएंगी। फिल्म को लेकर अभी तक काफी बज बना हुआ है। सलमान खान के साथ हाल ही में टाइगर-3 जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कटरीना कैफ जल्द ही फिल्म 'मैरी क्रिसमस' में विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी।


पिछले दिनों 'सत्यप्रेम की कथा' जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कियारा आडवाणी साल 2024 में 'वॉर-2' में नजर आएंगी। फिल्म को लेकर अभी तक काफी बज बना हुआ है। सलमान खान के साथ हाल ही में टाइगर-3 जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कटरीना कैफ जल्द ही फिल्म 'मैरी क्रिसमस' में विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# कुंग फू... में जैक की वापसी

**लॉस एंजिलस।** 'कुंग फू पांडा' के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है, क्योंकि 'कुंग फू पांडा 4' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की सबसे खास बात यह है कि इस सीजन में जैक ब्लैक वापस आ गया है। दरअसल, जैक ब्लैक इस सीजन में फिर से पो की आवाज बनेंगे। 13 दिसंबर को यूनिवर्सल पिक्चर्स ने कुंग फू पांडा 4 का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया है। दो मिनट और 27 सेकंड के ट्रेलर को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार 'कुंग फू पांडा' और भी ज्यादा रोमांचक होगा।



# विन संग घर बसाना चाहती थीं दीपिका...

**लॉस एंजिलस।** दीपिका पादुकोण ने 2017 में विन डीजल के साथ फिल्म एक्स एक्स एक्स से हॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद दीपिका ने को-एक्टर विन डीजल के साथ शादी करने और घर बसाने से जुड़ा एक स्टेटमेंट दिया था, जिसके चलते उन्हें ट्रोल होना पड़ा था। दीपिका इस शो पर गेस्ट बनकर पहुंची थीं और यहां होस्ट ने दीपिका को उनकी और विन की एक कोजी फोटो दिखाकर पूछा था कि क्या उनके बीच कुछ चल रहा है? इसके जवाब में दीपिका ने कहा था 'बिना आग के धुआं नहीं होता है लेकिन यह सब मेरे दिमाग में है...मैं दिमाग में सोचती हूं कि मैं और विन साथ हैं। हम साथ में रहते हैं...हमारी शानदार केमिस्ट्री है और अमेजिंग बेबीज हैं...लेकिन यह सब मेरे दिमाग में है। बता दें कि दीपिका पादुकोण ने उसी साल नवंबर में 'कॉफी विद करण' में आईं।



# गाना रिलीज, पटना की लड़की है, देखा क्या

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का गाना पटना की लडक़ी है रिलीज हो गया है। पटना की लडक़ी है गाने में अक्षरा सिंह एक्शन करती नजऱ आई है। यह गाना अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाना पटना की लडक़ी है को अक्षरा सिंह ने गाया है और इसके गीतकार ऋषि ग्वाला हैं, जबकि संगीतकार आशीष वर्मा हैं। गाना पटना की लड़की है के डीओपी पंकज सोनी हैं। निर्देशक रामदेवन हैं। फाइट मास्टर प्रदीप खड़का हैं। संपादक आर. निंजा और डीआई रोहित सिंह हैं। यह गाना लड़कियों के लिए प्रेरणा है : अक्षरा गाना पटना की लड़की है को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि यह गाना लड़कियों के लिए प्रेरणा है। एक कांसेप्ट के साथ यह गाना बेहद खास बना है।




# फिर शुरू हुई अक्षय की फिल्म की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग शुरू हो गई है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज से पहले हाल ही में मेकर्स को लेकर काफी विवाद भी हुआ है, जिसके चलते 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग बीच में ही रोक दी गई थी। लेकिन अब इस फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है। अक्षय कुमार ने इसका एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह फिल्म की अन्य स्टार कास्ट भी नजर आ रही है। इस फिल्म के एक वीडियो में अक्षय कुमार के साथ लारा दत्ता, अरसद वारसी, दिशा पाटनी और फिल्म के अन्य कलाकार भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में लारा शूटिंग के दौरान अक्षय और अरसद पर कोड़े बरसाती हुई नजर आ रही हैं।

## टीवी मसाला

# सबसे ज्यादा फीस लेती हैं टीवी की ये अभिनेत्रियां...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के साथ टीवी की भी कुछ ऐसी ही अभिनेत्रियां है जो अपनी एक्टिंग के कारण काफी ज्यादा फीस लेती हैं। यहीं कारण है कि वह हमेशा लाइमलाइट में भी बनी रहती हैं। एक एपिसोड के लाखों रुपये चार्ज करने वाली इन टीवी की एक्ट्रेस को किसी पहचान की जरूरत नहीं हैं। इन टीवी की अभिनेत्रियों की कुल नेटवर्थ करोड़ों रुपए है।



**हिना खान :** इस लिस्ट में सबसे पहला नाम हिना खान का आता है। हिना खान आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। वह टीवी सीरियल में नजर आ चुकी हैं। हालांकि अब वह फिल्मों में और वेब सीरीज में ज्यादा एक्टिंव रहती हैं। उन्हें 'ये रिश्ता क्या कहलाता' है शो में देखा गया था। हिना एक एपिसोड के लिए 1 लाख से 1.25 लाख रुपये चार्ज करती थीं। इस दौरान भी वह हफ्ते का 8 लाख रुपये चार्ज करती थी। कुल नेटवर्थ की बात करें तो वह 52 करोड़ रुपये मालकिन है।



**रूपाली गांगुली :** रूपाली गांगुली को कौन नहीं जानता होगा। अपने दमदार अभिनय के लिए मशहूर रूपाली गांगुली को हर घर की महिलाएं जानती हैं। शो 'अनुपमा' के जरिए वह हर महीने लाखों रुपये की कमाई करती हैं। वह एक एपिसोड के 3 लाख रुपए लेती हैं। वहीं कुल संपत्ति की बात करें तो रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल संपत्ति 20 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह शो टीआरपी के मामले में हमेशा टॉप पर रहता है।



**अंकिता लोखंडे :** इन दिनों बिग बॉस हाउस में तहलका मचा रही अंकिता लोखंडे अब केवल टीवी की दुनिया में सीमित नहीं है। अभिनेत्री एक एपिसोड के करीब 1.25 लाख रुपये लेती थीं। वहीं वह बिग बॉस हाउस में भी सबसे अधिक फीस ले रही हैं। उनकी कुल नेटवर्थ की बात करें तो वह 23 करोड़ रुपये है।



**जेनिफर विंगेट :** टीवी की जानी मानी अदाकारा जेनिफर विंगेट भी किसी पहचान की मोहताज नहीं है। अपनी शांत अंदाज से लोगों के दिल में एक खास पहचान बनाने वाली जेनिफर विंगेट को लोगों ने काफी पसंद किया था। उन्हें बेपनाह से काफी लोकप्रियता मिली थी। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है। जेनिफर विंगेट की कुल संपत्ति की बात करें तो रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल संपत्ति 42 करोड़ रुपये है।

# राजकपूर की इन फिल्मों का विवादों से रहा नाता, फिर भी रहीं ब्लॉकबस्टर...

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में जब भी बेहतरीन एक्टिंग की बात होती है तो राज कपूर का नाम जरूर आता है। राज कपूर हिंदी सिनेमा के वो सितारे हैं जिनको एक्टिंग का भगवान कहा जाता है। राज कपूर भले ही इस दुनिया में न हो लेकिन आज भी उनकी कमी इंडस्ट्री को खलती है। राज कपूर की आज बर्थ एनिवर्सरी है, उनका जन्म 14 दिसंबर को हुआ था। अभिनेता ने अपने फिल्म के जरिए लोगों को काफी जागरुक किया है। उन्होंने समाज में चल रही हर दिक्कत पर फिल्म बनाई और लोगों को उसको प्रति जागरुक किया लेकिन इनकी कुछ फिल्में काफी विवादों में रहीं फिर भी उन फिल्मों ने बॉक्स आफिस पर जमकर धमाल किया।



### श्री 420 (1955)

फिल्म श्री 420 (1955) में राज कपूर ने एक अनाथ की भूमिका निभाई थी, जो अपने सपने को हकीकत में बदलने के लिए बॉम्बे (अब मुंबई) पहुंचता है। इस फिल्म का गाना 'मेरा जूता है जापानी' जो आज भी लोग सुनना पसंद करते हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा बिजनेस किया था।

### वर्ष 1948 में आई फिल्म आग

साल 1948 में आई फिल्म आग जिसमें राज कपूर निर्माता और निर्देशक के रूप में दिखाई दिए थे। इस फिल्म में नरगिस एक्ट्रेस के रूप में दिखाई दी थी, जो कि दोनों की साथ की पहली फिल्म थी। इस फिल्म में बाहरी सुंदरता से ज्यादा आंतरिक सुंदरता के महत्व को बताया गया है। खास बात यह है कि इस फिल्म में राज के सबसे छोटे भाई शशि कपूर भी दिखाई दिए थे। फिल्म में शशि ने यंग 'केवल' की भूमिका निभाई थी।

### भारत सहित रूस में भी लोकप्रिय रही आवारा

साल 1951 में आई फिल्म आवारा का निर्माण, निर्देशन राज कपूर ने ही किया था। अभिनेता ने इस फिल्म में एक्टिंग भी की थी जो कि सुपरहिट रही थी। फिल्म में नरगिस भी मुख्य भूमिका में नजर आईं थी। फिल्म को लोगों ने काफी प्यार दिया और इस फिल्म की लोकप्रियता सिर्फ भारत नहीं बल्कि रूस में भी देखने को मिली थी।

# बिग बी शामिल होंगे निर्माता आनंद पंडित के 60वें जन्मदिन समारोह में



**मुंबई।** 2023 फिल्म व्यवसाय के लिए मिश्रित सौगातें लेकर आया लेकिन निर्माता आनंद पंडित वर्ष की समाप्ति साल की सबसे बड़ी पार्टी के साथ करेंगे। अपने 60वें जन्मदिन और अपनी सफल रियल एस्टेट कंपनी लोटस डेवलपर्स के 20 साल पूरे होने पर आनंद पंडित साल के सबसे बड़े जश्न का आयोजन कर रहे हैं। झिलमिलाते सितारों की महफ़िल का नेतृत्व करेंगे शाम के मुख्य अतिथि और मेगास्टार अमिताभ बच्चन। पंडित ने सोशल मीडिया पर उस पल की दिल छू लेने वाली एक झलक पोस्ट की, जब वह बिग बी को आमंत्रित करने के लिए उनके घर गए थे।

## किसी के घर में इस साल शहनाइयां बजीं, तो किसी के घर में आए नए मेहमान

# साल 2023 इन सेलिब्रिटियों के लिए रहा बेहद लकी, घर में गूंजी किलकारियां

*मुंबई। साल 2023 खत्म होने में ज्यादा वक्त नहीं है। आम लोगों के साथ-साथ साल 2023 फिल्मी सितारों से लेकर दूसरे लोगों के लिए भी बेहद अच्छा रहा है। इस साल बहुत से सेलिब्रिटियों ने घर बसाया तो बहुत से घरों में किलकारियां गूंजी है। साल खत्म होने को है, चलिए जान लेते हैं उन सेलिब्रिटियों के बारे में, जो इस साल फैंस को गुड-न्यूज दिए हैं और जिनकी घर में बच्चे के आने की खुशियां सेलिब्रेट किया गया है।*

### सना खान

सना खान ने साल 2020 में मुफ्ती अनस सैयद से शादी की थी। शादी के बाद एक्ट्रेस सना खान ने इस साल 2023 में फैंस को बच्चे के आने की गुड-न्यूज दी है। अभिनेत्री सना खान मदरहुड को बेहद एन्जॉय कर रही हैं उन्होंने जून में बेटे को जन्म दिया है।

### राहुल वैद्यकर और दिशा परमार

सिंगर और बिग बॉस फेम राहुल वैद्यकर और बड़े अच्छे लगते हैं फेम दिशा परमार ने भी इस साल प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। कपल सितंबर में बेटी को जन्म दिया है। दोनों कपल अपनी बेटी को लेकर बेहद खुश हैं, सोशल मीडिया में लक्ष्मी आई है के साथ इन्होंने फैंस को खुशखबरी सुनाई है।

### रामचरण और उपासना कोंडिला



रामचरण और उपासना ने भी इस साल एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। साउथ के सुपरस्टार रामचरण तेज और अपोलो फाउंडेशन की चेयरपर्सन उपासना ने अपनी बेटी का नाम क्लिन कारा रखा है।

### वत्सल शेठ और इशिता दत्ता

वत्सल और इशिता ने साल 2017 में शादी की थी, शादी के पांच साल बाद कपल ने फैंस के साथ प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज सुनाई थी। कपल ने बेबी बॉय को जन्म दिया है। दोनों अपने बच्चे को लेकर बेहद खुश हैं और आए दिन बच्चों की तस्वीरें शेयर करते रहते हैं।

### शोएब और दीपिका कक्कड़



शोएब और बिग बॉस फेम दीपिका ने जनवरी में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। बेहद खूबसूरत नोट के साथ कपल ने इंस्टाग्राम पर यह गुडन्यूज फैंस के साथ शेयर की थी। कपल ने एक बेटे को जन्म दिया है।

### फहाद और स्वरा भास्कर

फहाद और स्वरा भास्कर ने भी इस साल फैंस और फैमिली को गुड न्यूज़ दिया था। कपल ने जनवरी में शादी रचाई थी, जिसके बाद सितंबर में इन्होंने एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। कपल ने बेटी का नाम राबिया रखा है।

### श्लोका मेहता और आकाश अंबानी



अंबानी परिवार की लाडली बहू आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। कपल ने इस साल एक बार फिर गुड न्यूज सुनाई है। मई 2023 में आकाश अंबानी और श्लोका मेहता एक प्यारी बेटी को जन्म दिए हैं।

### रोशेल राव और कीथ सिकेरा

बिग बॉस एक्स कंटेस्टेंट रोशेल राव और कीथ सिकेरा ने भी इस साल प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। कपल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैटरनिटी फोटोशूट कर तस्वीरे शेयर की थी।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

## हत्या कर सैप्टिक टैंक में फेंकी थी लाश, सह आरोपियों को दो-दो साल की कैद

जबलपुर।

अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नंदेश्वर की अदालत ने गोली मारकर हत्या कर लाश को सैप्टिक टैंक में फेंकने के सनसनी खेज मामलें के मुख्य आरोपी को आजीवन कारावास एवं वारदात में सहयोग करने वालें आरोपियों को कारावास व जुर्माने से दंडित किया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक सिविल लाईन थाना क्षेत्र में 14 फरवरी 2015 की रात मृतक पीटर और प्रशांत तिवारी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मृतक की स्कूटर प्रेमसागर मरघटाई टेकरी के पास लावारिस हालत में मिली। पुलिस को जांच के दौरान संदेही चंदन उर्फ संतोष दिवाकर, को उठाकर पूछताछ की तो वारदात का खुलासा हुआ। आरोपी ने स्वीकार किया कि घटना दिनांक को पेसों के लेनदेन के विवाद पर मृतक पीटर के साथ उसका विवाद हुआ, जिसे उसने बंगाली होटल के पीछे ले गया और कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी। बाद में उसने अपने मित्र बबल उर्फ सुजीत चौहान व हिमांशु को बुलाकर मृतक के बदन से कपड़े व सभी सामान हटाकर लाश को रेलवे कालोनी के सैप्टिक टेंक में फेंक दिए, पुलिस ने धारा 302, 201, 34 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की इस दौरान चंदू उर्फ चंद्रकांत ओझा, मेंगो उर्फ योगेश शर्मा ने उपर्युक्त तीनों के साथ मिलकर शव व पिस्टल के खाली खोंखों को सैप्टिक टेंक में फेककर साक्ष्यों को विलोपन किया। विवेचना अधिकारी तत्कालीन अधीक्षक अरविंद जैन ने अभियुक्त पत्र न्यायालय में दाखिल किया। इस मामलें में अभियोजन पक्ष की ओर से जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजय जैन व विशेष लोक अभियोजन कृष्णगोपाल तिवारी ने पैरवी की, जिनके तर्को से सहमत होकर आरोपी व सहआरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुना दी। इस मामलें में मुख्य आरोपी चंदन उर्फ संतोष दिवाकर को धारा 302 मे आजीवन कारावास व 5 हजार रू अर्थदण्ड, धारा 201 में 02 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 हजार रू अर्थदण्ड, धारा 404 में 02 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 हजार रू अर्थदण्ड व धारा 27(2) आयुध अधिनियम मे 07 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रू अर्थदण्ड दंडित किया। सह आरोपियों हिमांशु, बबल उर्फ सुजीत सिंह चौहान व मेंगो उर्फ योगेश शर्मा को धारा 201 के तहत 02-02 साल का कारावास आरोपी चंदू उर्फ चंद्रकांत ओझा को 02 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 हजार रू अर्थदण्ड एवं धारा 25(1)(1-ए) आयुध अधिनियम मे 05 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रू अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



## मारपीट के दोषियों को 1-1 साल की सजा

प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सपना कनोडिया ने रांझी थाना क्षेत्र में 11 अक्टूबर 2011 को बेसबाल के डंडे से की गई मारपीट के मामलें में चार आरोपियों को दोषी पाते हुए 1-1 साल के सश्रम कारावास व जुर्मान से दंडित किया। अभियोजन के पक्ष के मुताबिक आरोपियों धर्मेन्द्र उपाध्याय, पुन्नुलाल, दिनेश उर्फ विजय कोरी, रवि चक्रवर्ती पर आरोप था कि उन्होंने आकाश काछी को घर से बुलाकर उसके साथ गालीगलौज की और बेसबाल के डंडे से मारपीट की। पुलिस ने धारा 325/34 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया और न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी जयवीर सिंह यादव ने पैरवी की जिनके तर्को से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपियों को सजा सुनाई।



## श्री खाटूवाले की शोभायात्रा में दीवाने हुये श्याम भक्त

**जबलपुर।** श्री श्याम महिमा मंडल द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शोभायात्रा प्रभारी नागेश अग्रवाल ने बताया कि विगत दिवस श्री श्याम बाबा की मनोहारी शोभायात्रा एवं निशान यात्रा का आयोजन बलदाऊ मंदिर से प्रारंभ होकर बगलामुखी मंदिर के बीच किया गया। शोभायात्रा में श्याम बाबा का शीश दिल्ली से लाया गया जिसका बहुत ही सुन्दर श्रृंगार किया गया, साथ ही शोभायात्रा में जीण माता जी, सालासर बालाजी महाराज, राणी सती दादीजी का अद्भुत श्रृंगार किया गया। शोभायात्रा के अगले क्रम में सुमधुर बैड की ध्वनि, भजन गाते हुये श्याम प्रेमी और विभिन्न समाजों की महिलाऐं, बच्चे और पुरूष बाबा का निशान लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में विभिन्न समाजों के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। शोभायात्रा का विभिन्न मार्गों में जबलपुर अग्रवाल सभा, खण्डेलवाल समाज, शेखावाटी समाज, दादी मंडल, जवाहरगंज व्यापारी संघ, लार्डगंज व्यापारी संघ एवं विभिन्न व्यापारिक संस्थानों ने शोभायात्रा के साथ श्याम बाबा एवं अन्य झांकियों का पूजन-अर्चन किया। शोभायात्रा समिति के मुरली अग्रवाल, आशीष धानुका, रूपेश अग्रवाल, संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश जी, सचिव पवन बगड़ोरिया जी ने शोभायात्रा में शामिल सभी धर्म प्रेमियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

## प्रथम एशियन ड्यूबॉल चैंपियनशिप में भारत को मिला रजत पदक




**जबलपुर।** प्रथम ड्यू बॉल चैंपियनशिप का आयोजन BPCA मैदान वडाला में 11/12/23 से 14/12/23 तक किया गया, इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में श्रीलंका बांग्लादेश इराक़ एवं मेज़बान भारत की टीमों ने भाग लिया भारत ने अपने सभी लेख मैच जीतते हुए फ़ाइनल मैं इराक़ के साथ बड़े कश्मकश मैच में फुलटाइम मैं पाँच पाँच की बराबरी की अतिरिक्त समय मैं इराक़ की टीम नए 6 पाँच के स्कोर से विजेता होने का गौरव प्राप्त किया भारतीय टीम को उपविजेता से संतोष करना पड़ा भारतीय ड्यूबॉल टीम मैं संस्कारधानी की कुमारी पलक चंसोरिया एवं कुमारी महक जायसवाल ने भारतीय टीम के तरफ़ से प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार पुरुष वर्ग में बांग्लादेश श्रीलंका यमन इराक ज़िम्बाब्वे नेपाल एवं मेज़बान भारत समेत टीमों ने भाग लिया फ़ाइनल मैच में भारत ने इराक़ को हराकर विजेता स्थान प्राप्त किया इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक ड्यू बॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया एवं प्रदेशों के पधारे विभिन्न पदाधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया।

## यश नर्सरी हायर सेकंडरी स्कूल में शिविर आयोजित



**जबलपुर।** भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ जबलपुर के तत्वावधान में 12 दिसंबर दिन मंगलवार से संस्था यश नर्सरी हायर सेकंडरी स्कूल, गोहलपुर में कब बुलबुल का द्वितीय चरण/रजत पंख जांच शिविर का संचालन चल रहा है। उक्त शिविर सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट घनश्याम सोनी, डिस्ट्रिक हेड क्वार्टर कमिश्नर डॉ. विजयकांत तिवारी, जिला सचिव देवेन्द्र कुमार भट्ट के मार्गदर्शन में शिविर संचालक श्री व्ही के झारिया, सुश्री पुष्पा पिल्ले ए एल टी, फ्लॉक के मार्गदर्शन, संचालन में उक्त शिविर संचालित हो रहा हैं, इस शिविर में कब बुलबुल को झंडा गीत, प्रार्थना, खेल, ड्राइंग, बड़ी सलामी, कब बुलबुल ग्रीटिंग, तारा को कहानी, सिक्स कॉर्नर, बुलबुल ट्री, कहानी सुनाना, लालफूल, कलरव आदि सिखाया जावेगा।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव के शपथ ग्रहण पर अधिवक्ताओं ने किया मिष्ठान वितरण



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सामने अधिवक्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पदभार ग्रहण करने पर हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन किया गया एवं जिला एवं सत्र न्यायालय प्रांगण में मिष्ठान वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एडवोकेट राजकुमार यादव, एडवोकेट राजेश यादव, एडवोकेट रामलाल यादव, एडवोकेट शैलेंद्र यादव, एडवोकेट विजय यादव, एडवोकेट शैलेंद्र यादव, एडवोकेट विजय यादव, एडवोकेट जितेंद्र यादव, एडवोकेट पवन यादव, एडवोकेट दीपक यादव, एडवोकेट अंकित यादव, एडवोकेट आशीष यादव, एडवोकेट मुकेश यादव, एडवोकेट अमित यादव, एडवोकेट उमेश यादव, एडवोकेट सेल्फनाथ यादव, एडवोकेट कंचन यादव एवं समस्त अधिवक्तागण इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग बना विजेता



**जबलपुर।** शारीरिक शिक्षण विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा जीआरसी रामपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता का फाइनल मैच जबलपुर एवं ग्वालियर संभाग के मध्य खेला गया संघर्षपूर्ण मुकाबले में जबलपुर संभाग ने ग्वालियर संभाग को 70 - 31 अंकों से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया मैच के उपरांत विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया एवं ट्राफियां प्रदान की गई साथ ही प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

## भावनाए की मासिक बैठक आज

**जबलपुर।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन द्वारा जबलपुर की मासिक बैठक हरिशंकर परसाई भवन में 15 दिसम्बर को अपरान्ह 04 बजे से आयोजित है, जिसमें कोर्ट केस से संबंधित सभी जानकारियों से सदस्यों को अवगत कराया जाएगा। बैठक में उपस्थिति की अपील एचएल जांगड़े, डीके सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने की है।

## समन्वय सेवा केन्द्र में साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी के प्रवचन आज से

**जबलपुर।** आदि शंकराचार्य चौक स्थित समन्वय सेवा केन्द्र में समन्वय साधना प्रवचन माला सत्संग का त्रिदिवसीय आयोजन आज से आरंभ हो रहा है। समन्वय परिवार के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कैलाश गुप्ता और कार्यक्रम के प्रभारी अर्पित तिवारी ने बताया कि "समन्वय साधना प्रवचन माला" के क्रम में 15 से 17 दिसम्बर तक प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से ब्रह्मर्षि बावरा मिशन आश्रम की संचालिका साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी के आध्यात्मिक प्रवचन आयोजित हैं। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि और स्वामी परिपूर्णानंद गिरि उपस्थित रहेंगे। समन्वय परिवार के डॉ. जितेन्द्र जामदार, गणेश नारायण पुरोहित, हेमंत मोढ, डॉ. पवन स्थापक, ने उपस्थिति की अपील की है।



## स्वास्थ्य विभाग की टीम की सजगता से जच्चा बच्चा सुरक्षित

**जबलपुर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगातार दी गई समझाइश आखिरकार रंग लाई और घर पर ही प्रसव कराने पर अड़े परिवारजन हाईरिस्क गर्भवती महिला को मनमोहन नगर अस्पताल लेकर पहुँचे। जहाँ स्वस्थ्य शिशु का जन्म हुआ और खून की कमी के कारण जच्चा और बच्चा की जान पर बन आया संकट टल गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के वार्ड क्रमांक -72 के अंतर्गत प्रभातनगर निवासी गर्भवती महिला हल्कीबाई नुनिया ने बुधवार को मनमोहन नगर स्थित शहरी स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। बच्चे का वजन 2.8 किलोग्राम है तथा बच्चा और माँ दोनों स्वस्थ्य हैं। दरअसल नियमित जाँच के दौरान गर्भावस्था के सातवें माह में हल्कीबाई को खून की कमी हो गई थी।

## प्रदेश के कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट बड़ाया जाए-मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि संघ के द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर प्रदेष के कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट बड़ाने की मांग की गई है, क्योंकि वर्षों से प्रदेष के कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट नहीं बड़ाया गया जिससे कर्मचारियों का इस बड़ती हुई मंहगाई के दौर में किराय के मकान में रहना दूभर हो गया है। क्योंकि जहां एक तरफ शासन द्वारा हाऊस रेन्ट अति न्यूनतम राषि के रूप में दिया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ मंहगाई अपनी चरम सीमा पर है ऐसे में हाऊस रेन्ट कर्मचारियों का बड़ाया जाना चाहिए। क्योंकि इतनी न्यूनतम राषि से न तो परिवार के रहने लायक किराय का मकान ही मिल पाता है और न ही बिजली का बिल जमा किया जा सकता है क्योंकि जितनी राषि हाऊस रेन्ट के नाम पर मिलती है उससे कहीं ज्यादा तो बिजली का बिल प्रतिमाह आता है। संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउरहीम, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, विनोद सिंह आदि ने मुख्य मंत्री महोद्य से मांग की हैं कि प्रदेष के कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट बड़ाया जाए।



## मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश का हुआ स्वागत

**जबलपुर।** मुस्लिम धर्मावलंबियों के गुरू शहज़ादा-ऐ-हामिदे मिल्लत, मौलाना मोहम्मद मुशाहिद रज़ा क़ादरी साहब को मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश नामज़द (नियुक्त) होने पर मुस्लिम लीगल एड.एण्ड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा फूल माला पहनकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। सोसायटी के पदाधिकारियों ने कहा कि मुफ़्ती मुशाहिद रजा साहब मध्यप्रदेश के गौरव हैं और कौमी एकता के प्रतीक हैं उन्होंने हमेशा शहर के सौहार्द को कायम रखने में अहम भूमिका निभाई है श्रेष्ठ सोच और सहज व्यक्तित्व के धनी होने के नाते उन्होंने हमेशा यह संदेश दिया कि आपसी सद्भाव और संवाद से ही मनुष्य प्रगति कर सकता है। वह हमेशा कहते हैं कि कि शहर को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर काम करना जरूरी है। मुफ्ती ए आजम ने सभी को अपनी दुआओं से नवाजा।

## कछियाना दसमुखी माता महाकाली मंदिर में महाआरती सम्पन्न



**जबलपुर।** प्रत्येक मंगलवार के शुभ अवसर पर जबलपुर कछियाना स्थित 10 मुखी माता महाकाली मंदिर में हनुमान चालीसा एवं महाआरती महंत योगी राजेश महाराज जी के द्वारा भव्य महाआरती की जा रही है जिसमें नगर के कई संत महात्माओं का आगमन हुआ। महंत श्री राजाराम महाराज जी, श्री महंत कलिकानंद महाराज जी, श्री सिद्ध कुंड से महंत रामेश्वरानंद महाराज, महंत मनीष दास, श्री लक्ष्मी नारायण महाराज जी, विकास महाराज, डॉक्टर अरुण मिश्रा, पंडित उत्तम कुमार पांडे, राजेश सेन, संदीप सारंगे, अभिषेक साहू, रेखा सेन, दिव्या गुप्ता, संगीता पटेल, अमृता अग्रवाल, सत्यम यादव, शुभम जायसवाल, सुदेश गुप्ता, गंगा रैकवार, सुषमा पटेल आदि काफी संख्या में भक्तों की उपस्थित रही, वहीं महाराज जी ने बताया कि यह प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा महाआरती की जाएगी, समिति सभी गणमान्य नागरिकों एवं भक्तों से उपस्थित होने की अपील करती है।




**श्रीमती टिक्की बाई-** शिवपुरी कजरवारा कटियाघाट रोड निवासी श्री जीत बहादुर थापा की धर्मपत्नी श्रीमती टिक्की बाई (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा कैथवास-** हाउबाग स्टेशन रोड गोरखपुर निवासी श्री सुरेश कैथवास की धर्मपत्नी श्रीमती आशा कैथवास का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सतीश जायसवाल-** बरेला वार्ड नं. 12, निवासी श्री श्याम लाल जायसवाल के पुत्र श्री सतीश जायसवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या बाई डेहरिया-** नब्बे क्वाटर शक्तिनगर पिपलेश्वर मंदिर के पास निवासी श्री कंधी लाल डेहरिया की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई डेहरिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री युगराज ठाकुर-** नेपियर टाउन निवासी श्री सुनील सिंह ठाकुर के पुत्र श्री युगराज सिंह ठाकुर (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रहस्य कली कोल-** श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री रामपाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती रहस्य कली कोल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राधा मोहन झा-** गोरखपुर अनगढ़ महावीर मंदिर के पास निवासी श्री राधा मोहन झा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसी राम बेन-** रामपुर बेन मोहल्ला आजाद चौक निवासी श्री तुलसीराम बेन (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम तीरथ गुप्ता-** घमापुर पानी की टंकी के पास निवासी श्री राम तीरथ गुप्ता (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय श्रीवास-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मूलचंद श्रीवास के पुत्र श्री संजय श्रीवास (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रेमजी गांवकर-** बिलहरी निवासी श्री प्रेमजी ग्रांवकर (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री केशव सातकुते-** केसरी नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री केशव सातकुते (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## डॉ. मोहन यादव के म.प्र. के मुख्यमंत्री निर्वाचित किए जाने पर कर्मचारी संघ में हर्ष व्याप्त



**जबलपुर।** डॉ मोहन यादव जी के मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री चुने जाने पर अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संघ रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में खुशी की व्यापक लहर है । कर्मचारियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जिस प्रकार पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों को ऊंचाइयों पर पहुंचाया है उसी प्रकार मध्य प्रदेश की कमान मिलने पर मध्य प्रदेश विकास के पथ पर उत्तरोत्तर प्रगति करेगा। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय झारिया , महासचिव सुखदीन कटारे,अनिल धनगर ,मोहनलाल रैकवार ,श्रीमती सुनीता देवड़ी, तीरथ लाल बर्मन, हीरालाल भारती , आर डी.पटेल आदि ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाइयां प्रेषित की इस अवसर पर परिसंघ के राजेंद्र कापसे ,जगदीश नन्हेट, मुक्तेश्वर राव ,जय केवट किशोरीलाल , सुरेंद्र लखेरा, दिलीप सेन ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र. -सं.क्रं.11/19-20/ दिनांकः- 13/12/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति अनीता पटैल पति श्री संतोष कुमार पटैल ने वार्ड क्रं 67 वार्ड का नाम रानी वीरागंना अबंती बाई के भवन क्रं. प्लाट नं. 109 स्वीश विला फेस-1 तिलहरी के संपति पिन क्रं.1004502753 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1124 वर्गफुट विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री संदीप विजन सी.एस.बी. बिल्डकॉन द्वारा खरीददार- अनीता पटैल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर